

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

धनबाद व रांची से एक साथ प्रकाशित

धनबाद, गुरूवार, 10 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 189

www.koylanchalsamvad.com

मूल्य : 2 रुपए


## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गए दिल्ली मल्लिकार्जुन खरगे से मिले



रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को दिल्ली पहुंचे. जहां पर वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मिले. मिली जानकारी के अनुसार सोरेन झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया एलायंस के बीच सीट शेयरिंग, सीटों की अदला-बदली और अन्य साथी दलों को सीट देने आदि मुद्दे पर बातचीत की. सोरेन अभी दिल्ली में हैं और कांग्रेस नेताओं से बातचीत जारी है. जानकारी के अनुसार झामुमो कांग्रेस को वर्तमान सीटिंग सीटों के अलावा गत विधानसभा चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे सीटों को देने को तैयार है. कांग्रेस की ओर से 33 सीटों की डिमांड इस बार है. अब देखना है कि किसे कितना सीट मिलता है. क्योंकि इंडिया एलायंस के दो अन्य सहयोगी दल राजद और माले को भी खुश और संतुष्ट करना है. यह भी संभव है कि पहले दौर की बातचीत के बाद फाइनल राजद एवं माले के साथ बैठकर किया जाएगा. उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इंडिया गठबंधन का सीट शेयरिंग का पिक्चर क्लीयर हो जाएगी कि कौन कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगा.

### झारखंड में दो आईएएस अधिकारियों का तबादला

रांची : झारखंड सरकार ने राज्य के दो आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार देर रात इस सम्बंध में अधिसूचना जारी कर दी है। बोकारो के चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता को स्थानांतरित करते हुए योजना एवं विकास विभाग का अवर सचिव बनाया है। पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ाडा को बोकारो के चास का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है।

### टूटी पटरी से गुजरी वैशाली एक्सप्रेस, टला बड़ा हादसा

बेगूसराय, (ईएमएस)। बिहार में रेलवे विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। खबर है कि बेगूसराय में वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन टूटी पटरी से गुजर गई। हालांकि गनीमत ये रही कि इस दरम्यान कोई अनहोनी नहीं हुई। उधर जब पटरी के टूटने की जानकारी रेल अधिकारियों को मिली तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उक्त पटरी से गुजर रही तिनसुकिया-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस ट्रेन को रोका गया। मौके पर पहुंचे रेल अधिकारियों ने टूटी पटरी को बदलवाया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक यह रूट बाधित रहा, जिससे ट्रेनों का परिचालन रोकना पडा। घटना बेगूसराय-खगड़िया रेलखंड पर दनौली फुलवरिया और लाखो स्टेशन के बीच की है। मंगलवार को यहां रेल पटरी में क्रेक हो गया। इसी टूटी पटरी पर ही यात्रियों से भरी वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन गुजर गई।

### जवान का गोलियों से छलनी शव मिला

श्रीनगर(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में सुरक्षा बलों को बुधवार को टेरिटोरियल आर्मी के जवान की बॉडी मिली है। उसके शरीर पर गोलियों के निशान हैं। आर्मी ने अभी किसी आतंकी हमले की बात नहीं कही है।
जिस जवान की बॉडी मिली है, उसका नाम हिलाल अहमद भट है। वह अनंतनाग के मुखधामपोरा नौगाम के रहने वाले थे। वह 8 अक्टूबर कोकेरनाग के काजवान फॉरेस्ट एरिया में मिलिट्री ऑपरेशन में गया था। इसी दौरान लापता हुआ था। उसे ढूंढने के लिए सुरक्षा बलों ने रात भर सर्च ऑपरेशन चलाया था। आज उसकी बॉडी अनंतनाग में सांगलान के जंगलों में मिली। जवान 4 साल पहले टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती हुए था। उनके परिवार में पत्नी, दो बच्चे और माता-पिता हैं।

### ब्याज दरों में लगातार 10वीं बार बदलाव नहीं, न लोन महंगे होंगे, न ईएमआई बढ़ेगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार 10वीं बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत की थीं। 7 अक्टूबर से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज दी। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने इससे पहले अगस्त में हुई बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कोरोना के दौरान (27 मार्च 2020 से 9 अक्टूबर 2020) दो बार ब्याज दरों में 0.40 प्रतिशत की कटौती की। इसके बाद अगली 10 मीटिंग्स में सेंट्रल बैंक ने 5 बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की, चार बार कोई बदलाव नहीं किया और एक बार अगस्त 2022 में 0.50 प्रतिशत की कटौती की।

### स्वास्थ्य मंत्री ने 534 लाभुकों को दिया पेंशन स्वीकृति पत्र

पूर्वी सिंहभूम (ईएमएस)।कदमा कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने 534 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत स्वीकृत पेंशन प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने सभी लाभुकों को एक-एक स्वच्छता बाल्टी भी प्रदान कर स्वच्छता अपनाने की अपील की। मंत्री बन्ना गुप्ता ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में घूम-घूम कर जरुरतमंद लोगों को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें। कार्यक्रम में मनोज झा, भोलेनाथ गोस्वामी, बबुआ झा, विजेंद्र तिवारी, सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर शिक्षक संघ नाराज

पटना, (ईएमएस)। बिहार में शिक्षकों को काफी समय से ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर नई नियमावली का इंतजार था जो अब जारी हो गई है। लेकिन नई नियमावली जारी होने के बाद इसमें कई खामियां बताई जा रही हैं। शिक्षक संघ ने तो इसका विरोध करना भी शुरू कर दिया है। यहाँ तक कि वे कोर्ट जाने तक की बात कह रहे हैं। शिक्षक संघ का कहना है कि इससे यूपी-झारखंड वालों को फायदा होगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित विक्रम कहते हैं कि जो नियमावली आई है उसके अनुसार पुरुषों की पोस्टिंग गृह अनुमंडल में नहीं होगी। तो कई जिलों में एक ही अनुमंडल है वहां क्या होगा? यह बाध्यता पुरुष शिक्षकों के साथ ही क्यों है?

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मियों के हाथ लगी मायूसी

# नहीं मिली महंगाई भत्ते की सौगात




नई दिल्ली : केंद्रीय कर्मचारियों को उम्मीद थी कि बुधवार को सरकार, महंगाई भत्ता जारी करने की घोषणा कर सकती है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेस ब्रीफिंग की। उसमें महंगाई भत्ते का कहीं कोई जिक्र नहीं था। दशहरा भी इसी सप्ताह है। सूत्रों का कहना है कि अभी तक केंद्रीय कैबिनेट के समक्ष डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी करने से जुड़ी फाइल नहीं पहुंची है। अब दीवाली से पहले महंगाई भत्ते/महंगाई राहत की दरों में चार फीसदी की वृद्धि करने की घोषणा हो सकती है। वर्तमान में 50 प्रतिशत दर के हिसाब से डीए/डीआर मिल रहा है।

बता दें कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, सितंबर माह में कर दी जाती है। इस बार अक्तूबर प्रारंभ हो गया है, लेकिन इन भत्तों की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। तीन अक्टूबर को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई थी। उसमें रेल कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि रेल कर्मचारियों के लिए 2029 करोड़ रुपए के बोनस को मंजूरी मिल गई है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों को यह आस बंध गई थी कि 9 अक्तूबर की केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में डीए की घोषणा कर दी जाएगी।

'कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स' के महासचिव एसबी यादव ने 30 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डीए की दरों में बिना कोई देरी किए वृद्धि करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया कि इन भत्तों का भुगतान, अक्तूबर के पहले सप्ताह में हो जाता था। इस बार केंद्र सरकार ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। अगर अक्तूबर माह में केंद्र सरकार, भत्तों व बोनस देने की घोषणा करती है तो उनका भुगतान नवंबर में हो सकेगा। दूसरी तरफ इन भत्तों को तय समय पर जारी न कर सरकार, खुद लाभ कमा रही है।

एसबी यादव के अनुसार, वित्त मंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि महंगाई भत्ता 'डीए' और महंगाई राहत 'डीआर' एक जुलाई से देय है। अभी तक इन भत्तों की घोषणा नहीं की गई है। आमतौर पर सितंबर के आखिरी सप्ताह में इसकी घोषणा कर दी जाती थी। इसके बाद अक्टूबर के पहले सप्ताह में कर्मचारियों को तीन महीने का बकाया भुगतान किया जाता था। इन भत्तों की घोषणा में हो रही देरी को लेकर केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों में गहरा असंतोष है। नवरात्र, दुर्गा पूजा उत्सव, दशहरा व दीवाली जैसे बड़े त्योहार हैं, लेकिन अभी तक डीए की घोषणा नहीं हो सकी है। यादव ने अपने पत्र में कहा, परिसंघ उपरोक्त मामले में आपके तत्काल हस्तक्षेप की मांग करता है। वित्त मंत्री से अनुरोध है कि वे तत्काल प्रभाव से डीए/डीआर देने की घोषणा करें।

केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते 'डीए' की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा कई माह देरी से की जाती है। इसके द्वारा सरकार, खुद लाभ कमा लेती है। चूंकि डीए/डीआर की दरों में हुई बढ़ोतरी से सरकार पर हजारों करोड़ रुपये का भार पड़ता है। ऐसे में सरकार, डीए/डीआर की घोषणा, तीन चार माह देरी से करती है। इस अवधि के दौरान सरकार का पैसा निवेश होता है, जिस पर उसे अच्छा खासा ब्याज मिलता है। नियमानुसार, पहली जनवरी और पहली जुलाई से महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में बढ़ोतरी करने का प्रावधान है, लेकिन केंद्र सरकार हर दफा यह घोषणा करने में तीन चार माह की देरी कर देती है। अमूमन सितंबर में डीए की घोषणा हो जाती है, लेकिन इस बार अभी तक सरकार ने डीए बढ़ोतरी को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।

अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव और राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड के वरिष्ठ सदस्य सी.श्रीकुमार ने कहा, सरकार को इस मामले में देरी नहीं करनी चाहिए। जब पहली जनवरी और पहली जुलाई से डीए बढ़ोतरी का नियम है तो इसमें कई माह की देरी क्यों हो रही है। केंद्र सरकार के लगभग 48 लाख कर्मियों और 62 लाख पेंशनरों को डीए/डीआर में बढ़ोतरी का फायदा मिलता है। ऐसे में सरकार को हजारों करोड़ रुपये कर्मियों की सेलरी में देने पड़ते हैं। अगर यह राशि देने में तीन चार माह की देरी होती है तो सरकार हजारों करोड़ रुपये बचा लेती है।

### जेटीडीसी के नाम पर फर्जी खाता में 10.40 करोड़ ट्रांसफर मामला

## एटीएस व सीआईडी ने की पूछताछ, 1 करोड़ बरामद




रांची : झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के मामला सामने आया है. इस मामले में डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया. जिसमें एटीएस एसपी ऋषभ झा और सीआईडी की टीम और तीन एएसपी को शामिल किया गया था. इस मामले को लेकर धुर्वा थाना में गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. एसआईटी की टीम ने गिरजा प्रसाद, आलोक कुमार और अमरजीत कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ के क्रम में इन दोनों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अन्य साजिशकर्ता व्यक्तियों के नाम तथा उनकी संलिप्ता के बारे में बताया. जिसमें से पुलिस के द्वारा (1) रूद्र सिंह और लोकेश्वर साह को हिरासत में लेकर इनसे पूछताछ की गई. इन साजिशकर्ताओं की निशानदेही पर इनके बताये स्थान से लगभग 85 लाख नकद तथा लगभग 15 लाख रुपये के सोने के गहने (प्राप्त कमीशन के पैसों से), कुल लगभग एक करोड़ के अपराध से अर्जित किये गये राशि को बरामद किया गया.

#### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि तीन अक्टूबर को जीएम फाईनेंस, झारखंड टुरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 10.4 करोड़, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट के द्वारा निकासी की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई गई. इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा 56.5 करोड़ की राशि का फर्जी अकाउंट के द्वारा निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी गई.

## राज्य के 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में लटके ताले, वोट बहिष्कार की चेतावनी

रांची : काम अधिक और पैसा सुविधा कम का नारे को लेकर पूरे राज्य भर के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाएं हड़ताल पर हैं. राज्य के 38432 आंगनबाड़ी केंद्रों में विगत पांच अक्टूबर से ताले लटक गए हैं. इन्हें आशा थी कि आठ अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी और कोई निर्णय लेगी. मगर सरकार ने कोई विचार नहीं किया गया. इससे नाराज आंगनबाड़ी केंद्रों के सहायिका और सहायिकाएं आर-पार के मूड में नजर आ रही हैं. झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संयुक्त मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष सुमन कुमारी ने बताया कि अगर विधानसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व सरकार कोई निर्णय नहीं लेती है तो इसका खमियाजा सरकार को उठाना पड़ेगा. चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा.

#### 16 सितंबर को सीएम के पास अपनी मांगों को रखा था

सुमन ने बताया कि विगत 16 सितंबर को वे लोग मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग को रखा. इसके बाद से लोग मोरहाबादी मैदान में सभा किया, मशाल जुलूस निकाला. पांच अक्टूबर को राजभवन के समक्ष धरना पर हैं. झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने आश्वासन दिया था कि मांगों पर सरकार विचार करेगी. मगर कोई निर्णय नहीं हुआ.

## हरियाणा के बाद महाराष्ट्र पर पीएम मोदी का फोकस, 7600 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में बहुत जल्द विधानसभा चुनाव होने है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र को 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। पीएम मोदी ने कुल 7000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नागपुर के अपग्रेडेशन परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके प्रधानमंत्री मोदी ने शिरडी एयरपोर्ट पर 645 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले नए एकीकृत टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। इसके बनने से शिरडी आने वाले धार्मिक पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। प्रस्तावित टर्मिनल के निर्माण की थीम साईं बाबा के आध्यात्मिक नीम के पेड़ पर आधारित है।

पीएम मोदी ने इसके साथ ही मुंबई, अंबरनाथ (ठाणे), नासिक, जालना, अमरावती, गढ़चिरौली, बुलढाणा, वाशिम, भंडारा और हिंगोली में स्थित 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के संचालन का शुभारंभ किया। ये कॉलेज अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटों को बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान करने वाले है।

भारत क विश्व की कौशल राजधानी के रूप में स्थापित करने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रधानमंत्री भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) मुंबई का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम मोदी महाराष्ट्र के विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) का भी उद्घाटन किया। वीएसके शिक्षकों, छात्रों और प्रशासकों को स्मार्ट उपस्थिती, सेल्फ स्टडी जैसे लाइव चैटबॉट के माध्यम से महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा।

## बिहार में 37 हजार से ज्यादा निजी स्कूल बिना मान्यता के संचालित

पटना (ईएमएस)। बिहार में 37 हजार से ज्यादा निजी स्कूल बिना मान्यता के चल रहे हैं। शिक्षा विभाग ने सभी निजी स्कूलों से मान्यता के लिए आवेदन मांगे थे। कुल 49,702 स्कूलों ने आवेदन किया था, इसमें से सिर्फ 11,995 स्कूलों को ही मान्यता मिल सकी है। रिपोर्ट के अनुसार मान्यता प्राप्त स्कूलों में से भी सिर्फ 5,562 ने ही अपने यहां उपलब्ध सीटों की जानकारी वेबसाइट पर दी है। मुजफ्फरपुर में 2227 में से सिर्फ 585 स्कूलों के पास ही मान्यता है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने बिना मान्यता वाले और मान्यता मिलने के बाद भी जरूरी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए हैं। बिहार सरकार बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने के लिए वचनबद्ध है। इसके तहत सभी निजी स्कूलों को 10 अगस्त तक मान्यता के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया था। बाद में तारीख बढ़ाकर 17 अगस्त कर दी गई थी। 49702 स्कूलों ने आवेदन किया, लेकिन ज्यादातर स्कूलों ने जरूरी कागजात नहीं दिए, जिसकी वजह से उन्हें मान्यता नहीं मिल पाई। 11,995 मान्यता प्राप्त स्कूलों में से भी आधे से ज्यादा ने अपनी सीटों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड नहीं की है। बिना मान्यता वाले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। इसतरह के स्कूलों से मिलने वाला कोई भी सर्टिफिकेट मान्य नहीं होगा।

# चुनाव आयोग ने खरगे को लिखा पत्र, हरियाणा के नतीजों पर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर जताई आपत्ति

नई दिल्ली : हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को कांग्रेस पार्टी की तरफ से अस्वीकार्य और अप्रत्याशित बताए जाने पर चुनाव आयोग ने अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पत्र लिखा है। आयोग ने चुनावी नतीजों पर पार्टी अध्यक्ष के बयान पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग के पत्र में लिखा गया है कि आयोग ने आपके और विपक्ष के नेता के बयानों पर गौर किया है, जिसमें हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया गया है और कांग्रेस इसका विश्लेषण करने और अपनी शिकायतों/शिकायतों के साथ चुनाव आयोग से संपर्क करने का प्रस्ताव रखती है। इस उचित धारणा पर आगे बढ़ते हुए कि पार्टी अध्यक्ष का बयान चुनावी नतीजों पर पार्टी की औपचारिक स्थिति है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने आज शाम 6 बजे कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलने पर सहमति भी जताई है।

### कांग्रेस का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर ऐसा बयान अनुचित : चुनाव आयोग

इसके साथ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के हरियाणा के नतीजे अस्वीकार्य वाले बयान को देश की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत में अनसुना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के वैध हिस्से से बहुत दूर करार दिया। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की ऐसी टिप्पणियां वैधानिक और नियामक चुनावी ढांचे के अनुसार व्यक्त की गई लोगों की इच्छा को अलोकतांत्रिक तरीके से खारिज करने की ओर ले जाती हैं।



### चुनाव आयोग से मिलेगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के बयानों पर भी गौर किया है, जिसमें हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया गया है और पार्टी इसका विश्लेषण करने और अपनी शिकायतों के साथ चुनाव आयोग से संपर्क करने का प्रस्ताव रखती है। चुनाव आयोग ने कहा कि उसे कांग्रेस के 12 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के लिए बैठक का समय मांगने का अनुरोध मिला है, जिसमें हरियाणा के चुनावी नतीजे अस्वीकार्य वाला बयान देने वाले लोग भी शामिल हैं।

### कांग्रेस पार्टी ने क्या लगाए थे आरोप?

हरियाणा में चुनावी नतीजे सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी ने उसे अप्रत्याशित और अस्वीकार्य करने वाला नतीजा बताया था। दरअसल कांग्रेस नेताओं का आरोप था कि कई सीटों पर नतीजे ईवीएम की मदद से बदल दिए गए।

कांग्रेस के अनुसार कई सीटों पर जहां ईवीएम 90 फीसदी बैटरी चार्ज था वहां नतीजे भाजपा के पक्ष में आए और जहां ईवीएम की बैटरी 70-80 फीसदी चार्ज थी वहां कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की है।

हरियाणा चुनाव में हार के लिए चुनाव आयोग से सवाल करने पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टी को जनता के फैसले का सम्मान करना और उसे स्वीकार करना सीखना चाहिए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर कि विपक्षी पार्टी विधानसभा क्षेत्रों से शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएगी, किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर कहा, अब, ईवीएम और चुनाव आयोग को फिर से दोष न दें। उन्होंने कहा, लोगों के फैसले का सम्मान करना और उसे स्वीकार करना सीखें।

# मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता कराएं सुनिश्चित : कमिश्नर



पलामू(ईएमएस)।प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक श्री बाल किशुन मुंडा आज अपने कार्यालय में मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर समीक्षा बैठक की। शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत पलामू प्रमंडल के तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के मतदान केंद्रो पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनूरूप सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारी अपने संबंधित जिले के स्कूलों में अवस्थित मतदान केंद्रों तथा समाज कल्याण पदाधिकारी एवं उनसे जुड़े पदाधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों में अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता की जांच कर लें और समय रहते वहां कि कमियों को दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए दिव्यांग, वरिष्ठ/वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर रैंप, व्हीलचेयर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही रनिंग वाटर, शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय आदि न्यूनतम सुविधाओं का उपलब्धता सुनिश्चित करायें, ताकि मतदान प्रतिशत बेहतर हो सके। उन्होंने बीएलओ के माध्यम से वैसे दिव्यांग या वृद्ध मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने में असक्षम हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए होम वोटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही सक्षम दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर मतदान के लिए प्रेरित करने तथा निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का समयबद्धता से निर्वहन करने का निदेश दिया। उन्होंने स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से भी मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराई जा रही न्यूनतम सुविधाओं से मतदाताओं को अवगत कराते हुए जागरूक करने का निदेश दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा के अलावा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक एवं समाज कल्याण विभाग से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक सीपी सिंह ने भरवाया गोगो योजना का फॉर्म

रांची। रांची के विधायक सीपी सिंह ने बुधवार को लक्ष्मीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 100 से अधिक महिलाओं को गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाया।कहा कि सरकार के झूठे मुकदमों, धमकियों और प्रशासनिक हथकंडों से भाजपा डरने वाली नहीं है।हेमंत सरकार की हकीकत यही है कि उन्होंने 5 साल तक झारखंड की महिलाओं को कोई सहायता नहीं दी।अब चुनाव के समय उन्हें गुमराह करने के लिए 1,000 रुपए की नकली योजनाएं पेश कर रहे हैं।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो**

**आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अति अल्पकालीन सूचना**

**(मछली –सह–बत्तख पालन)**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के आलोक में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जिर्णोद्धार योजना अन्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) के लिए शेश लघुशीर्ष 101 में (अ0ज0जा0 –01) (सामान्य कोटि– 01) कुल 02 यूनिट् का लक्ष्य है। एक यूनिट का ईकाई दर 153350/–रू0 मात्र है। अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं महिला कोटि के लाभुकों को 80% तथा अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए सरकार का अंशदान 70% तथा शेष लाभुक अंशदान है। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जायेगा। प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बडे जलक्षेत्र के तालाबों को दी जाएगी।

**लाभुकों का चयन निम्न बिन्दुओं/अहर्त्ताओं पर किया जायेगा:–**

क) योजना कार्यान्वयन का प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो।
ख) लाभुक का अपना तालाब (प्राथमिकता एक एकड़ अथवा उससे बड़े तालाब) अथवा वित्तीय वर्श **2024 - 25** से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो।
ग) जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि अनुश्रवण आदि में सुविधा हो।
घ) RFF के पास के लाभुकों के चयन में ध्यान रखा जाएगा कि RFF का लाभुक समूह सक्रिय हो तथा उनका बैंक खाता संचालित हो रहा हो।
ड) लाभुकों का क्लस्टर बनाकर योजना का क्रियान्वयन किया जाना श्रेयस्कर होगा।
च) सरकार का अनुदान तीन किस्तों में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक के डी0बी0टी0 के माध्यम से विमुक्त किया जायेगा। अनुदान की प्रथम किस्त तथा लाभुक के अंशदान से बत्तख–घर का निर्माण, Starter feed/Medicines तथा Ducklings क्रय किये जायेंगे। उक्त कार्य होने पर द्वितीय किस्त तथा दो माह तक बत्तख के जीवित रहने के उपरान्त तृतीय किस्त की राशि विमुक्त की जायेगी।
छ) मछली–सह–बत्तख पालन से संबंधित प्रमाणक एवं रंगीन Geo-tagged फोटोग्राफ कार्यालय में प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रभारी द्वारा जॉच कर अनुदान की राशि विमुक्त की जायेगी।
ज) इच्छुक मत्स्य कृषक अपना आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक **22.10.2024** को अधोहस्ताक्षरी/क्षेत्र प्रभारी द्वारा जॉच कर अपराहन **5:00** बजे तक निर्धारित है।

नोट:– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, बोकारो से कार्यालय अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो

**PR 338513 Fish(24-25)#D**

# संक्षिप्त खबरें

## पोखर में नहाने गए बीसीसीएल कर्मी की डूबने से हुई मौत

धनबाद(ईएमएस)।झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र की सवारडीह बस्ती स्थित पोखर में बुधवार को नहाने गए बीसीसीएल कर्मी प्रवीण भुइयां (55 वर्ष) की डूबने से मौत हो गई। अजमेरा 6 नंबर निवासी बीसीसीएल कर्मी प्रवीण भुइया एएसपी सुदामडीह कोलियरी से रात्रि पाली की ड्यूटी कर बुधवार की सुबह घर आया और नहाने के लिए पोखर गया था।सूचना मिलते ही पोखर किनारे ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सुदामडीह थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।स्थानीय गोताखोरों ने काफी खाजबीन के बाद शव को बाहर निकाला।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया।मौके पर स्थानीय लोगों के अलावा सुमित सुपकार, अभिषेक सिंह, ममता सिंह, शिवांश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## जरूरतमंदों की सेवा करना पुनीत कार्य : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा(ईएमएस)।पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नवरात्र के पावन मौके पर बुधवार को अपने आवास पर दिव्यांगो के बीच ई-ट्राई साइकिल का वितरण किया।मंत्री ठाकुर ने विभिन्न प्रखंडों के 30 गरीब दिव्यांग जनों को ई-ट्राई साइकिल एवं हेलमेट प्रदान किया। तत्पश्चात उन्हें मिठाई खिलाकर एवं हरी झंडी दिखाकर अपने-अपने घर के लिए रवाना किया। बैटरी चालित यह ई-ट्राई साइकिल एक घंटे की फुल चार्जिंग में लंबी दूरी तय करेगी।मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों की सेवा करना बहुत बड़ा पुनीत कार्य है।शुरू से ही वे इस प्रकार के कार्यां में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।ठाकुर ने कहा कि नवरात्र के पावन मौके पर झामुमो जिला कमेटी ने अपने सेवा कार्यां के तहत दिव्यांग जनों के बीच ई-ट्राई साइकिल वितरण करने का निर्णय लिया। इसके आलोक में आज 30 लोगों के बीच वितरित किया गया।आगे भी आवश्यकतानुसार अन्य जरूरतमंद दिव्यांगों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस ई-ट्राई साइकिल से इनका जीवन शैली काफी आसान हो जाएगा।वे अपने गांव सहित शहर में भी सुगमतापूर्वक आवागमन कर सकते हैं।अपने दैनिक कार्यां के निष्पादन में इन्हें काफी सहुलियत होगी। ई-ट्राई साइकिल प्राप्त कर दिव्यांगों के चेहरे पर काफी खुशी झलक रही है। इनके चेहरे पर मुस्कान देखकर मुझे आत्मसंतुष्टि की प्राप्ति होती है।मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पलामू में 260 ग्राम अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

पलामू(ईएमएस)।मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कचरवा डैम के समीप से पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया और उससे 260 ग्राम अफीम और मोबाइल बरामद किया।गिरफ्तार तस्कर का नाम इजराइल अंसारी है।सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पलामू एसपी रिशमा रमेशन को सूचना मिली थी कि अफीम के तस्कर सदर थाना क्षेत्र के काचारवा डैम स्थित आपस में लेनदेन करने पहुंच रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर शहर थाना प्रभारी देवबरत पोद्दार के नेतृत्व में पुलिस की टीम कचरवा डैम के पास छापेमारी की।इस दौरान गिरफ्तार इजराइल पुलिस को देखकर भागने लगा।तभी पुलिस शक के आधार पर उसको गिरफ्तार किया।हालांकि एक शख्स भागने में सफल रहा। पूछताछ में इजराइल ने कबूल किया कि अफीम कलाम मियां नामक शख्स को देने आया था।सर्च के दौरान उसके जूते में 260 ग्राम अफीम मिला, जिसे जब्त किया गया।सीडीपीओ ने बताया कि कलाम के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए इलाके में पुलिस छापेमारी कर रही है।

## रांची जिला में 11 पदाधिकारियों का तबादला, जयदीप बने डोरंडा व संजीव मेसरा ओपी प्रभारी

रांची(ईएमएस)।राजधानी में दुर्गा पूजा को देखते हुए थानेदार समेत पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है। बुधवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जिला के चार प्रभारी समेत 11 लोगों का तबादला किया है। डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद को हटाते हुए जयदीप टोप्पो, बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी रौशन कुमार सिंह को हटाते हुए संजीव कुमार-1, खादगढ़ा टीओपी प्रभारी संजीव कुमार-1 को हटाते हुए दीवाकर कुमार और एदलहातु टीओपी प्रभारी टिंकू रजक को हटाते हुए पूजा विभूति उरांव को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई है। इसके अलावा एएसआई स्तर के पदाधिकारी को अलग-अलग थानों में भेजा गया है।

## मानगो में नहीं थम रही चोरी की घटनाएं लगातार तीसरे दिन शंकोसाई में हुई चोरी

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।मानगो थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहे हीं।विगत तीन दिनों के निरंतर कहीं न कहीं चोरी हो रही हैं। जिसके कारण पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। 7 अक्टूबर को मून सिटी राजीव पथ में महिला से चेन छिनतई के बाद 8 अक्टूबर को चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए महावीर कालोनी एवं एकतानगर के दो घरों को निशाना बनाया। उक्त मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं. इसी बीच 8-9 अक्टूबर की रात शंकोसाई के रामनगर में चोरों ने स्प्रे मारकर मकान मालिक ओमप्रकाश पंडित एवं भाड़े दार के घर में चोरी की। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आराम से फरार हो गए।घरवालों को घटना की जानकारी सुबह में हुई। जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।ओमप्रकाश पंडित ने बताया कि उनका पूरा परिवार घर में सोया हुआ था। वे अपने भगीना के साथ एक कमरे में सोए हुए थे।

# टीपीसी व पुलिस के बीच मुठभेड़

## सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू समेत दो नक्सली मारे गये



चतरा : चतरा पुलिस और टीपीसी उग्रवादी के बीच मुठभेड़ हुई. यह घटना बुधवार की रात वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित गनियोतरी जंगल में हुई.
जहां एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में सर्च अभियान पर निकली पुलिस टीम का सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझू दस्ते के मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में दोनों ओर से गोलीबारी हुई. जिसमें हरेंद्र गंझू और ईश्वरी गंझू नाम का दो उग्रवादी मारा गया. इन उग्रवादियों के पास से एक एके 47 और एक देसी कट्टा बरामद हुआ है.

### दो जवानों की हत्या में शामिल था हरेंद्र

चतरा में आठ फरवरी 2024 की शाम टीपीसी उग्रवादियों और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी. यह मुठभेड़ हरेंद्र गंझू के दस्ते साथ हुई थी.
इसमें पुलिस के दो जवान शहीद हो गए थे, जबकि तीन जवान जख्मी हो गए थे. शहीद जवानों में सुकन राम पलामू के तरहसी, जबकि सिकंदर सिंह गया के वजीरगंज के रहने वाले थे.

## चाकुलिया में डायरिया का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया कैंप

### 18 लोगों की जांच, 10 को स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती

जमशेदपुर : चाकुलिया प्रखंड के बर्डीकानपुर गांव में डायरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया. इसके तहत कुल 18 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई. जिसमें 10 को अस्पताल में भर्ती कराया गया.
मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त ने सिविल सर्जन को गांव में कैंप लगाकर सभी ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करने का निर्देश दिया था.
सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल की टीम ने बर्डीकानपुर में कैंप लगाकर सभी ग्रामीणों का हेल्थ चेकअप किया. चिकित्सकों ने बताया कि बर्डीकानपुर से डायरिया का पहला मामला 28 सितंबर को आया था जिसमें 2 अक्टूबर तक 18 ग्रामीणों ने दस्त, उल्टी की शिकायत की. जांच के बाद 10 मरीजों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जिसके बाद 2 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. 8 मरीज अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं. सभी मरीज की हालत सामान्य एवं स्थिर है. ग्रामीणों की शिकायत पर गांव के जल स्रोत का भी सैंपल जांच के लिए लिया गया.

## कतरास में पुलिस का छापा

धनबाद(ईएमएस)।दुर्गा पूजा के मद्देनजर कतरास थाना व रामकनाली ओपी पुलिस ने मंगलवार की देर रात सलानपुर बस्ती पंखा घर में संयुक्त रूप से छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व बियर की बोतलें जब्त की।पुलिस ने धंधेबाज राजकुमार चौहान को गिरफ्तार कर लिया। उसे रामकनाली ओपी ले जा कर पूछताछ की गई।पुलिस अवैध शराब के धंधे में लिप्त बड़े कारोबारी को पकड़ने की जुगत में जुट गई है।पकड़े गए राजकुमार चौहान ने बताया कि घर के समीप एक छोटी दुकान है, जिसमें वह अंग्रेजी शराब, बियर, सिगरेट आदि बेचता है।

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ विभाग पर लगाया 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाला का आरोप



रांची : गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग में 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाले का आरोप लगाया है. उन्होंने टेंडर में बरती गई अनियमतता की कॉपी भी उपलब्ध कराई है. इस मामले को उन्होंने मुख्य सचिव, ईडी, सीबीआई सहित सभी जांच एजेंसियों को पत्र लिखा है. मुख्य सचिव सहित जांच एजेंसियों को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के द्वारा आमंत्रित व आबंटित निविदाओं में अनियमितता बरती जा रही है. इससे सरकार को वित्तीय क्षति हो रही है. विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कई निविदाओं में बीओक्यू राशि से ज़्यादा राशि पर कुछ विशेष प्रतिभागी निवेदाकारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा कार्यों का निस्तारण व आवंटन किया जा रहा है. जिन निविदाकारों के पक्ष में निविदा कार्यों का आवंटन किया गया है उनमे से अधिकतर निविदाकार की न्यूनतम निविदा राशि उस निविदा कार्य के बीओक्यू राशि से अधिक है.

### निविदा की भावनाओं के खिलाफ़ हुआ काम

कई निविदाकार जो पथ निर्माण विभाग के तहत समुचित श्रेणी में निबंधित है तथा निविदा आमंत्रण व एसबीडी द्वारा निर्धारित सभी शर्तों व अहर्ताओं को पूर्ण करते है और बीडिंग की प्रक्रिया में शामिल भी हुई हैं, जिनका न्यूनतम निविदित राशि आमंत्रित निविदा के बीओक्यू राशि से भी कम है, उनके पक्ष में निविदा का निस्तारण नहीं किया जा रहा है. इन निविदाकारों की निविदाओं को जान बूझ कर नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर एवं बिना उनका पक्ष सुने निरस्त कर दिया जा रहा है. जो कि नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांत एवं निविदा के भावनाओं के खिलाफ़ है.

### चहेते को मिल रहा टेंडर

विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा कुछ चुने गये कुछ विशेष निविदाकार जिन्होंने कारटेल का गठन किया है उन्हें ही कार्य आवंटित किया जा रहा है. बाक़ी प्रतिभागी निविदाकारों के निविदा को अकारण नॉन रेस्पोंसिव घोषित किया जा रहा है. योग्य एवं लोकल निविदाकारों को निविदा से अकारण नॉन रेस्पोंसिव कर निविदा प्रतिभागिता से हटाया जा रहा है. विशेष निविदाकार को ही निविदा में टेक्नीकली क्वालिफाई किया जा रहा है. साथ ही उन्हें अधिक दर पर कार्य आवंटित किया जा रहा है.

### राज्य को हो रही आर्थिक क्षति

झारखंड सरकार के ई-टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर एक तालिका भी सांसद ने मुख्य सचिव सहित सभी जांच एजेंसियों को भेजा है. जिसमें कहा कि तालिका देखने स्पष्ट हो रहा है कि सरकार के द्वारा निविदाकारों को टेक्नीकली क्वालिफाई कर सिर्फ दो-तीन निविदाकारों के फाइनांशियल पार्ट को खोला जा रहा है. ये विशेष रूप से चयनित निविदाकार होते हैं. उन्हें अधिक मूल्य पर कार्य आवंटित की जा रही है, जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हो रही है. विभागीय पदाधिकारियों द्वारा इस तरह की कार्यप्रणाली किसी भी तरह से अपेक्षित नहीं है.

### मुख्य सचिव से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

सांसद ने उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है. साथ ही संलिप्त संवेदक एवं पदाधिकारियों के आय संबंधित धनोपार्जनका की भी जांच कराने की मांग की है.

**प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्ता या समुचित सरकार**

सत्यमेव जयते

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**
**अधिघाष्णा सं0–1492** — **दिनांक–07/10/2024**
**असाधारण अंक सं0–21** — **दिनांक– 08/10/2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना डाउन ट्रेन हेतु प्रस्तावित गोमो फ्लाई ऑवर हेतु अपेक्षित है, ग्राम:–बरवाडीह, थाना सं0–56 अंचल–तोपचांची जिला–धनबाद में कुल–2.2200 एकड़ यानि 0.8987 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 2.2200 एकड़ है और ग्राम–बरवाडीह थाना सं0–56 अंचल–तोपचांची जिला धनबाद में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 66 | 1621 | निजी | मोटा मेर | 0.0700 | पुरन गोसाई पिता – चरकु महतो | 97 | 80 | 146 | 79 |
| 2. | 51 | 1363 | निजी | गोड़ा –3 | 1.8100 | तुलु महतो पिता – कंगाली महतो, अधनु महतो, पिता देवान महतो, बदन महतो, पिता – फुलचन महतो, लदु महतो व जादु माहतो पिता–एतवारी महतो | 1313 17 | 1375 76 80 | 1361 62 | 1364 |
| 3. | 49 | 85 | निजी | मोटा मेर | 0.0250 | ढेकूल रवानी, छुटु रवानी, जटल रवानी, पिता – हेमलाल रवानी | 89 | 166 | 157 | 83 |
| 4. | 37 | 110 | निजी | परती | 0.0025 | जगनी महताईन, पिता – विजय महतो | 112 | 106 | 117,18 | 109 |
| 5. | 2 | 117 | निजी | परती | 0.005 | अर्जुन गोसाई, पिता – चुड़कु गोसाई | 113 | 118 | 116 | 110 |
| 6. | 66 | 141 | निजी | मोटा मेर | 0.0200 | पुरन गोसाई पिता – चरकु महतो | 102 | 142 | 140 | 93 |
| 7. | 95 | 150 | निजी | कनाली | 0.0025 | सुकर महतो, पिता –उचित महतो | 151 | 148 | 140 | 145 |
| 8. | 66 | 151 | निजी | मोटा मेर | 0.0275 | पुरन गोसाई, पिता – चरकु महतो | 140 | 150 | 140 | 144 |
| 9. | 42 | 190 | निजी | बाईद | 0.0025 | झण्डु महतो पिता – सुगन महतो | 137 | 186 | 134 | 140 |
| 10. | 5 | 192 | निजी | बाईद | 0.005 | खेदन महतो पिता – सुकर महतो | 193 | 191 | 195 | 134 |
| 11 | 12 | 462 | निजी | परती | 0.2500 | एतवारी महतो, पिता –ढुलु महतो, दुखन महतो, पिता –रधु महतो | रामा कुण्डा | 461 | 463 | 461 |
| | | | | कुल:– | 2.2200 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत निम्नवत है:–
ग्राम:–बरवाडीह, थाना सं0–56 अंचल–तोपचांची जिला–धनबाद में कुल–2.2200 एकड़ यानि 0.8987 हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी धनबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिए गए है:–
RFCTLARR Act,2013 के अनुसूची 2 के अनुरूप (Regarding for Undertaking Vide Letter No-4/DHN, Dated-29-11-2021

**PR.NO.338593 Land Reforms(24-25):D**
**समाहर्ता–सह–समुचित सरकार।**

**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो।**
**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड सरकार के राज्यादेश संख्या 49/दिनांक 31.03.2024, राज्यादेश संख्या 40/17.02.2022 राज्यादेश संख्या 22/07.11.2022 एवं 29/दि0 01.12.2023 के आलोक में बोकारो जिले के मत्स्य कृषकों, मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि केन्द्र प्रायोजित योजना '' प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना '' अंतर्गत निम्नलिखित योजनाओं में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 | योजना का नाम | ईकाई लागत (रू0 लाख में) | सरकार द्वारा अनुदानित राशि (रू0 लाख में) | कोटिवार रिक्तियाँ (संख्या में) | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्यादेश संख्या – 49/31.03.2021** | | | | | | |
| 1 | Construction of New Rearing ponds(Nursery/Seed rearing opnds) (01.ha) | 7.00 | 2.80 | Gen | 3 | |
| | | | 4.20 | SC | 5 | |
| | | | 4.20 | Woman | 1 | |
| 2 | Construction of New Grow-out ponds. (01.ha) | 7.00 | 2.80 | Gen | 1 | |
| | | | 4.20 | Woman | 1 | |
| 3 | Establishment of small RAS (with 1 tank of $100m^3$ | 7.50 | 4.50 | Woman | 1 | |
| **राज्यादेश संख्या – 40/17.02.2021** | | | | | | |
| 4 | Construction of New Grow-out ponds. (01.ha) | 7.00 | 2.80 | Gen | 2 | |
| 5 | Establishment of Biofloc (7 tanks of 4m dia and 1.5 m high) culture system. | 7.50 | 4.50 | SC | 2 | |
| | | | 4.50 | Woman | 3 | |
| 6 | Cycle with Ice Boxs | 0.10 | 0.04 | Gen | 7 | |
| | | | 0.06 | Woman | 1 | |
| **राज्यादेश संख्या – 22/07.11.2022** | | | | | | |
| 7 | Backyard Ornamental Fish Rearing unit (both marine and Freshwater) | 3.00 | 1.20 | Gen | 1 | |
| | | | 1.80 | Woman | 6 | |
| 8 | Establishment of Medium RAS (with 06 tanks of minimum $30m^3$/tank capacity 10 ton/crap | 25.00 | 15.00 | Woman | 1 | |
| 9 | Ice Plants/Cold Storages (minimum 30 ton capacity Production) | 120.00 | 72.00 | Woman | 1 | |
| **राज्यादेश संख्या – 29/03.10.2023** | | | | | | |
| 10 | Construction of New Grow-out ponds. (01.ha) | 7.00 | 4.50 | ST | 11 | |
| | | | 4.50 | SC | 9 | |
| | | | 4.50 | Woman | 6 | |
| 11 | Construction of Biofloc Ponds for Freshwater areas including inputs of Rs. 4.00 Lakh/Ha. | 14.00 | 8.40 | SC | 1 | |
| 12 | Integrated Ornamental Fish Unit (Breeding and Rearing for Freshwater Fish) | 25.00 | 15.00 | Woman | 1 | |
| 13 | Establishment of Biofloc (50 tanks of 4m dia and 1.5 m high) culture system. | 50.00 | 30.00 | Woman | 1 | |
| 14 | Construction of Ice Plants/Cold storages (minimum 10 ton Capacity production | 40.00 | 24.00 | Woman | 1 | |
| 15 | Refrigerated vehicles. | 25.00 | 15.00 | Woman | 1 | |
| 16 | Motor cycle with Ice boxs | 0.75 | 0.30 | Gen | 1 | |
| | | | 0.45 | Woman | 4 | |
| 17 | Three wheeler with Ice box including e-rickshaw for fish vending | 3.00 | 1.20 | Gen | 1 | |
| | | | 1.80 | ST | 13 | |
| | | | 1.80 | SC | 9 | |
| | | | 1.80 | Woman | 1 | |

उक्त योजनाओं का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तकनिकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें ईकाई लागत में सरकार के अनुदान के अतिरिक्त राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है।
नोट:– लाभुकों को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (**DPR/SCP**) अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसमें योजना की ईकाई लागत में लाभुक को अपना अंशदान पूर्व व्यय किया जाना है उसके पश्चात् ही अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा। इस हेतु आवेदक/लाभुक को शपथ–पत्र देना होगा कि वे अपना अंशदान लगाने में सक्षम हैं।

उक्त योजना का लाभ लेने के लिए बोकारो जिले के इच्छुक मत्स्य कृषकों से दिनांक 26.10.2024 को समय 5:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय में कार्यदिवस पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। ह/0

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो

**PR 338507 Fish(24-25)D**

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों ने की अद्भुत भगवन नृत्य



रांचीः वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल,रानी सती मंदिर लेन,रातु रोड मे प्राचार्य आलोक कुमार के अध्यक्षता मे विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अद्भुत डांडिया उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिवनंदन पाठक,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,वरीय संरक्षक नामधारी प्रसाद,निदेशक मंडली के उप निदेशक अविनाश गौरव एवं प्रभाष गौरव मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित,दुर्गा माता जी के प्रार्थना एवं सभीको तिलक लगाकर हुई। डांडिया उत्सव मे बच्चो ने विभिन्न भगवन के रूप में रंग बिरंगे परिधान में अद्भुत नृत्य गान प्रस्तुत कर सभी अतिथियों,अभिभावकों एवं कार्य क्रम में उपस्थित बच्चों को नचाया एवं झुमाया।बच्चों ने यह उत्सव काउंसलर गिन्नी टेहरी एवं शिक्षिका एकता मिश्रा के निर्देशन मे प्रस्तुत किए। उपनिदेशक अविनाश गौरव जी ने भक्तिमय संगीत प्रस्तुत किए जिसका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुई। शिवनंदन पाठक जी ने दुर्गा माता जी की कथा सुनाई वहीं अतिथि शिव किशोर शर्मा जी ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी एवं कहा बच्चें देश के भविष्य है। आज के इस यादगार कार्यक्रम को सफल बनाने मे वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल के छात्र राजा सिंह,अंश सिंग,त्रिशान हेत,त्रिशा जैन,लाख ओरान,दिव्यांशी मुंजाल,अक्षिता शर्मा,अभ्युक्त अग्रवाल,रितिका कुमारी,आयु सिंह,इशिता गुप्ता,रुद्रांश गुप्ता,आर्य शर्मा,अश्विन कुमार,गर्व सहगल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### छेड़खानी करने वाले और छिनैती करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही हैः अनूप बिरथरे

रांचीः दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में छेड़खानी करने वाले और छिनैती करने वाले अपराधियों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है । इसे लेकर रांची पुलिस के साथ शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जगह-जगह शक्ति कमांडो की तैनाती की गई है। सभी पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में शक्ति कमांडो गश्त करेगा और मनचलों पर नजर रखेगा। दुर्गा पूजा को लेकर रांची के सभी स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ कोचिंग संस्थान में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। ऐसे में शक्ति कमांडो अब स्कूलों और कॉलेजों की ड्यूटी से फ्री हो गई है। इसलिए अब शक्ति कमांडो को दुर्गा पूजा के दौरान छेड़खानी और छिनैती जैसी वारदातों को रोकने के लिए ड्यूटी पर तैनात किया गया है। डीआईजी अनूप बिरथरे ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि न सिर्फ शक्ति कमांडो, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ महिला थाना प्रभारियों को भी दुर्गा पूजा को लेकर अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में डायल 112 के माध्यम से कई शिकायतें आ रही हैं।

### मतदाताओ के मतदान प्रतिशत बड़ाने हेतु आनलाईन वोटिंग सुविधा देने का पहल करे निर्वाचन आयोगः विजय

रांचीः झारखंड के शहरी क्षेत्र के मतदाताओ के मतदान प्रतिशत बड़ाने हेतु आनलाईन वोटिंग सुविधा देने का पहल करे निर्वाचन आयोग। उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,झारखंड को ईमेल पत्र भेजकर अपने सुझाव मे कहा। इन्होने अपने भेजे गये सुझाव पत्र मे यह भी कहा कि जो निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के लिए आर्ट 81 कार्यक्रम 18 से 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह स्टेडियम, रांची मे आयोजित की जा रही है जिसमे झारखंड की विभिन्न कला विधाओ से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का जो कार्य किया जा रहा है और आर्ट 81 कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर एंव विडिओ का लांचिंग हो रहा है यह सिर्फ पैसा का बर्बादी भर है उससे आम मतदाताओ को मतदान प्रतिशत बड़ने वाला नही है । *श्री नायक ने आगे कहा की जब झारखंड राज्य निर्वाचन विभाग शहरी क्षेत्र के मतदाताओ को अधिक समय तक कतार मे न रहना पड़े उसके लिए एक (ऐप) भी लांच कर रही है जिसमे अपने मतदान केंद्र पर कतार मे कितने लोग है.

# भाजपा नेताओं को कई गांवों में घुसने नहीं दिया जा रहा था फिर भाजपा कैसे जीत गईः शिवसेना



नई दिल्ली(ईएमएस)। हरियाणा में भाजपा और उसके नेताओं की स्थिति बहुत खराब थी। लोगों में भारी गुस्सा था। इनकी हालत इतनी खराब थी कि कई गांवों में उन्हे घुसने नहीं दिया। फिर भाजपा कैसे जीत गई है? ये सवाल शिवसेना के उद्धव गुट ने कांग्रेस की हार पर उठाए हैं। पार्टी ने निशाने साधते हुए इसे अति आत्मविश्वास और स्थानीय नेताओं की नाफरमानी का परिणाम बताया। सामना के संपादकीय में लिखा गया है, हरियाणा में कांग्रेस की हार की वजह फाजिल आत्मविश्वास और स्थानीय नेताओं की नाफरमानी है। ऐसा माहौल था कि भाजपा के मंत्रियों और उम्मीदवारों को गांवों में घुसने नहीं दिया जा रहा था, फिर भी परिणाम कांग्रेस के खिलाफ गए। शिवसेना ने भूपेंद्र हुड्डा की भूमिका पर भी सवाल उठाया है, यह पूछते हुए कि क्या उन्होंने कांग्रेस की नैया डुबो दी। संपादकीय में हुड्डा और कुमारी शैलजा के बीच के विवाद को भी हार का बड़ा कारण बताया गया है। सामना ने कहा कि हुड्डा और उनके समर्थकों ने कुमारी शैलजा का सार्वजनिक अपमान किया, और कांग्रेस आलाकमान उनकी इस नाफरमानी को रोकने में विफल रहा। शिवसेना का मानना है कि हरियाणा चुनाव का असर महाराष्ट्र में नहीं होगा, लेकिन उसने कांग्रेस को सलाह दी है कि वह हरियाणा वाली गलतियाँ न दोहराए। सामना में कहा गया है, महाराष्ट्र की जनता हरियाणा की राह पर नहीं जाएगी और महाविकास आघाड़ी की जीत होगी।महाराष्ट्र की राजनीति में महाविकास गठबंधन की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है, जबकि कांग्रेस नेताओं को हरियाणा के नतीजों से सीख लेने की जरूरत है। शिवसेना का कहना है कि कांग्रेस ने 'आप' समेत कई घटकों को दूर रखा, जिससे पार्टी को सत्ता में हिस्सेदारी नहीं मिली और अंततः हरियाणा में सत्ता हाथ से निकल गई। इस प्रकार, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस के लिए एक बड़ा सबक दिया है, जिससे वह आगामी चुनावों में रणनीति और गठबंधन की दिशा में सोचने को मजबूर होगी। बता दें कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के नतीजे आ गए हैं, जिनमें हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी जीत हुई है। इस जीत ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं, विशेष रूप से हरियाणा में, जहां भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर में हालांकि कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन में रहने के कारण सत्ता का कुछ सुख भोगने की संभावना दिखाई है। लेकिन हरियाणा में मिली हार ने पार्टी की स्थिति को कमजोर कर दिया है।

## कर्मचारियों के पीएफ का पैसा जमा नहीं करने वाली कंपनियों पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली(ईएमएस)। हाल ही में स्पाइसजेट ने अपने कर्मचारियों का पीएफ काटा लेकिन संबंधित खाते में पैसा जमा नहीं किया। ऐसे एक नहीं कई कंपनियों के मामले उजागर होते रहे हैं। अधिकांश कर्मचारियों की शिकायत रही है कि वेतन से पीएफ के नाम पर पर पैसा कट जाता है, लेकिन खाते में जमा नहीं होता है। ऐसी शिकायतों को दूर करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अब एक नई व्यवस्था लाने की तैयारी कर रहा है, जिसके तहत पीएफ अकाउंट में पैसा जमा होते ही कर्मचारी को एसएमएस के जरिए रियल टाइम जानकारी मिल जाएगी। कई कंपनियां कर्मचारियों के पीएफ का पैसा उनकी सैलरी से काट तो लेती हैं, लेकिन उसे पीएफ खाते में जमा नहीं करतीं। इससे कर्मचारियों को बड़ा नुकसान होता है और उन्हें सेवानिवृत्ति के समय कम पैसे मिलते हैं। नई व्यवस्था से कर्मचारियों को हर महीने जानकारी मिलती रहेगी कि उनका पीएफ पैसा सही समय पर जमा हो रहा है या नहीं। इससे कंपनियों की धोखाधड़ी पर भी रोक लगेगी और ईपीएफओ को शिकायतों का सामना भी कम करना पड़ेगा। ईपीएफओ ने पीएफ बैलेंस जानने के कई सरल तरीके उपलब्ध कराए हैं। कर्मचारी ईपीएफओ की वेबसाइट, उमंग ऐप, एसएमएस और मिस्ड कॉल सेवा के जरिए आसानी से अपना पीएफ बैलेंस चेक कर सकते हैं। ऑनलाइन पासबुक देखने के लिए यूएएन और पासवर्ड का उपयोग करके ईपीएफ पोर्टल पर लॉग इन किया जा सकता है।

## केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए गए

रांची : मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय),झारखंड सरकार के प्रधान सचिव वंदना दादेल ने राज्यपाल के आदेश उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनीत किए गए हैं और इनको राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है विदित हो कि राज्य के संतुलित विकास की संभावनाएँ तलाशने , इसके लिए आवश्यक उपाय करने तथा जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा यह झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन किया गया है । जिसमें अध्यक्ष, पाँच सदस्य, दो विशेष आमंत्रित सदस्य एवम एक आमंत्रित सदस्य थे । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी को झारखंड राज्य समन्वय समिति का सदस्य मनोनयन किए जाने पर कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उराँव, डॉ प्रदीप कुमार बालमुचु, धीरज प्रसाद साहू , अभिलाष साहू, सतीश पौल मुजनी, राकेश सिन्हा,रमा खलखो, सुल्तान अहमद खान, अशोक चौधरी, भीम कुमार, मदन मोहन शर्मा,राजन वर्मा लाल किशोर नाथ शाहदेव संजय पांडे, सोनल शान्ति, गजेंद्र सिंह , निरंजन पासवान, जगदीश साहू, आदित्य विक्रम जायसवाल, सत्य नारायण सिंह अरुण शाहु इत्यादि ने बधाई दी।

## अब मुंबई में समुद्र और नदियां चमकदार दिखेगी

मुंबई, (ईएमएस)। मुंबई में समुद्र तट वीकेंड में भारी भीड़ देखी जाती है। बड़ी संख्या में पर्यटक मरीन लाइन्स, गिरगांव चौपाटी, बांद्रा, वर्ली, दादर चौपाटी घूमने आते हैं। इससे समुद्र में भारी मात्रा में जमा हुआ कूड़ा किनारे पर देखा जा सकता है। मुंबई में नालों, जल प्रदूषण के कारण नदियाँ लुप्त हो गई हैं। लेकिन अगर मुंबई में समुद्र और नदियां अब चमकदार दिखें तो आश्चर्यचकित न हों। क्योंकि मुंबई में समुद्र और नदियों को वैज्ञानिक तरीके से साफ किया जाने वाला है। इस संबंध में नीदरलैंड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। मालूम हो कि मुंबई और उसके उपनगरों की नदियों और समुद्रों में भारी मात्रा में प्लास्टिक और कचरा पहुँचता है। इस वजह से कई सालों से इनकी साफ-सफाई एक बड़ी समस्या बनी हुई है। राज्य सरकार ने इस संबंध में कदम उठाये हैं। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्लास्टिक प्रदूषण और कचरे को कम करने के लिए नीदरलैंड और भारत क्लीन रिवर फाउंडेशन मुंबई के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। हाल ही में एक कार्यक्रम में महासागर सफाई पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ओशन क्लीनअप एक ऐसी कंपनी है जो मुंबई में नदियों और समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण को साफ करने जा रही है।नदी तथा समुद्रों में प्लास्टिक को रोकने के प्रयास किये जायेंगे। जिससे समुद्र और नदियों में प्रदूषण का असर कम हो जाएगा।

# 33 करोड़ की लागत से हरली में डिग्री कॉलेज बनेगा : अंबा प्रसाद



रांचीः बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा के विकास के अध्याय में एक ऐतिहासिक आयाम जुड़ गया। बड़कागांव के हरली में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य की स्विकृति कैबिनेट से प्राप्त हो गई है। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल के बगल में लगभग 33 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण होगा। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा लगातार किए गए मेहनत के बाद यह कार्य सफल हो पाया है। हरली में बनने वाले डिग्री कॉलेज में एकेडमिक एडमिन ब्लॉक स्टाफ क्वार्टर, लाइट की उत्तम व्यवस्था फुटबॉल ग्राउंड क्रिकेट ग्राउंड वॉलीबॉल कोर्ट बास्केटबॉल कोर्ट समेत सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होगी। बड़कागांव में बनने वाला डिग्री कॉलेज विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग अंतर्गत हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पहले सरकारी महाविद्यालय होगा उक्त कार्य झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा। बड़कागांव के सभी लोगों को तहेदिल से बधाई. आज मुझे आप सबको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि बड़कागांव में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिल गई है. अंबा प्रसाद ने कैबिनेट की बैठक के बाद खुशी जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के ग्राम हरली में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए मैं दिनरात तत्पर थी. चाहे मंत्रालय हो या विभागीय कार्यालय, हर जगह व्यक्तिगत रूप से पहुँचकर मैं हर कागजात और दस्तावेज को ट्रैक कर रही थी. मेरा पूरा प्रयास था कि जल्दी से जल्दी डिग्री कॉलेज निर्माण पर मुहर लग जाये और हमारे बड़कागांव को पहला डिग्री कॉलेज मिले. अब वह इंतज़ार ख़त्म हो गया है, राज्य सरकार की ओर से इस महाविद्यालय निर्माण कार्य के लिए 33 करोड़ 85 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है. आज इस डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य को मुहर लगने पर मुझे बेहद खुशी के साथ साथ गर्व की अनुभूति हो रही है. इस कॉलेज के लिए मैं जितनी संघर्षरत थी उससे कहीं ज़्यादा उत्साहित भी थी. हमारे बड़कागांव विधानसभा में पहली बार डिग्री कॉलेज का निर्माण होने जा रहा है, जिससे लाभान्वित न जाने कितने ज़रूरतमन्द बच्चे होंगे. राज्य सरकार हमारे झारखंड में उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है. मैं पुनः अपनी सरकार को धन्यवाद और बड़कागांव के लोगों को बधाई देती हूँ.

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दुर्गा पूजा का त्यौहार, निकली गई कलशयात्रा

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।दुर्गा पूजा का त्यौहार बरकट्ठा प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बरकट्ठा में बुधवार सप्तमी को दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी।वहीं बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम बरवां में दुर्गा पूजा को लेकर कलशयात्रा निकली गई। कलशयात्रा कि शुरुआत बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने नारियल फोड़कर किया। जिसमें गांव कि 1051 महिलाओं एवं कन्याओं ने गाजे बाजे के साथ कलश लेकर पूरे गावं का भ्रमण किया।इसके पश्चात बरसोती नदी से यज्ञाचार्य ने मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरवाया। कलशयात्री कलश में जल भरकर पुनः यज्ञमंडप में पहुँचकर कलश को स्थापित किया। इस मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड बीस अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूजा समिति अध्यक्ष छोटी प्रसाद, सचिव ज्ञानी प्रसाद, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, राजेश ठाकुर, प्रकाश प्रसाद, राहुल यादव, शंकर प्रसाद, टिंकू प्रसाद, रंजीत प्रसाद, दिनेश्वर महतो, महेश्वर प्रसाद, युगेश्वर प्रसाद, बंशी महतो, रामेश्वर प्रसाद, धर्म ठाकुर, अरुण मंडल, कारु ठाकुर, बुलाकी यादव, बीजो महतो, रोहित महतो,जागेश्वर रजक,रीतलाल प्रसाद समेत भारी काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जब-जब फेल साबित हुई मोसाद......... इजराइल की हुई बहुत किरकिरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। मिडिल ईस्ट में हलचल बढ़ी हुई है। हालिया घटनाओं जैसे पेजर हमला, नसरुल्लाह की मौत और हमास के कमांडरों पर हमले के पीछे मोसाद का हाथ माना जा रहा है। इनदिनों पूरी दुनिया की नजरें इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद पर टिकी हुई हैं। हालांकि, सच है कि मोसाद ने कई महत्वपूर्ण और सफल मिशन किए हैं, लेकिन यह भी सच हैं कि मोसाद हमेशा सफल नहीं रही है। इतिहास में कई बार जब मोसाद को असफलता का सामना करना पड़ा। खालिद मशाल, हमास के नए नेता के रूप में उभर रहा था। इजरायल के लिए एक बड़ा खतरा बन चुके थे। साल 1997 में, मोसाद ने उन्हें मारने की साजिश रची। मोसाद के एजेंट जॉर्डन की राजधानी अम्मान में मशाल के ऑफिस के बाहर घात लगाए बैठे थे। खालिद को जहर का इंजेक्शन देकर उनकी हत्या कर दी जाए। ऐसा उन्होंने कर भी दिया। लेकिन तभी मशाल के सुरक्षा गार्ड ने मोसाद एजेंटों को पकड़ लिया गया।

नाकाम हमले की खबर मिलते ही जॉर्डन के तत्कालीन राजा हुसैन को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने इजरायल को साफ चेतावनी दी। राजा हुसैन ने धमकी दी कि अगर इजरायल ने जहर का एंटीडोट नहीं सौंपा, तब वे मोसाद एजेंटों को फांसी पर लटका दूंगा। यह धमकी इजरायल के लिए बड़ा सिरदर्द बन गई, और आखिरकार इजरायल को मजबूरी में एंटीडोट देना पड़ा, जिससे खालिद मशाल की जान बचाई जा सकी। मशाल की छवि एक मजबूत नेता के रूप में सामने आई, जो मोसाद के घातक हमले से भी बच निकले।

साल 2003 में मोसाद फिर हमास के प्रमुख नेता महमूद अल-जहर को निशाना बनाने के लिए तैयार थी। अल-जहर, जो हमास के सबसे बड़े कमांडरों में से एक था। मोसाद ने गुप्त इंटेलिजेंस के जरिये महमूद अल-जहर के घर का पता लगाया। अल-जहर के घर को निशाना बनाकर घातक हमला किया गया, लेकिन मोसाद अपने मिशन में नाकाम रही। अल-जहर जानलेवा हमले से बच निकले, लेकिन इस हमले में उनकी पत्नी और बेटे सहित कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। 1973 का लिलीहैमर कांड मोसाद की सबसे बड़ी फेलियर में से एक था। जो कि उनकी खुफिया कार्यप्रणाली की संवेदनशीलता को सामने लाया। म्यूनिख ओलंपिक में इजरायली एथलीटों की हत्या के बाद, इजरायल ने ब्लैक सितंबर के मास्टरमाइंड अली हसन सलामेह को मारने का मिशन शुरू किया।

# दलित ने मजदूरी मांगी तो मुंह पर थूका और शरीर पर कर दी पेशाब



मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। बिहार में दलितों पर अत्याचार नहीं थम रहे हैं। यहां कभी उनके घर फूंके जा रहे हैं तो कभी उन्हे पीटा जा रहा है। इसी तरह की बीते रोज एक और घटना बोचहां थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित मजदूरों ने अपनी मजदूरी के पैसे मांगे तो दबंगों ने उन्हे जमकर पीटा। जमीन पर पटक दिया और उनके मुंह पर थूंका और पेशाब कर दी। पीड़ित ने मंगलवार देर रात रमेश पटेल, अरुण पटेल व गौरव पटेल को आरोपित करते हुए थाने में आवेदन दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने बताया कि आवेदन के आधार पर तीन लोगों पर प्राथमिकी की गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि आरोपितों ने हाल में ही पाल्ट्री फार्म बनाया है। इसमें उसने कई दिनों तक काम किया। दो दिन की उसकी मजदूरी रोक ली गई। मजदूरी मांगने गया तो रमेश पटेल, अरुण पटेल व गौरव पटेल ने मारपीट की। दलित शब्द का प्रयोग करते हुए पिटाई के साथ सभी ने उसके मुंह पर थूक दिया। आरोपित गौरव पटेल ने उसके शरीर पर पेशाब की।आरोपितों ने केस करने या थाने पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण वह कई दिनों तक घर से नहीं निकला। मारपीट करते हुए किसी ने घटना का वीडियो बना लिया था। घटना का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित होने के बाद किसी तरह थाने पहुंचकर शिकायत की।मोतीपुर में महादलित बस्ती में दबंगों का हमला, झोपड़ी फूंकीमोतीपुर में शेरा बरजी महादलित टोले में मंगलवार की रात दरवाजे पर गाली-गलौच के विरोध पर लाठी-डंडे से लैस दबंगों ने हमला कर दो महिलाएं समेत दर्जनभर से अधिक लोगों की पिटाई कर दी। यही नहीं, हमलावरों ने झोपड़ी में आग लगा दी। छोटे-छोटे बच्चों को भी बख्शा नहीं। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायलों में पुनदेव राम, सरिता देवी, सुमित्रा देवी, लालू राम, करण कुमार, मोहन राम, विजय राम, दशरथ राम, सुजीत कुमार (11), मंजीत कुमार (6) अभिषेक कुमार (5), रंजीत (10), सुजीत (8), अभिषेक (6) शामिल हैं। घायल पुण्यदेव राम ने पुलिस को बताया कि रात में गांव के ही दो युवक दरवाजे पर आकर गाली-गलौच करने लगे। दोनों नशे में थे। इसका विरोध करने पर दोनों चले गए। कुछ देर बाद करीब 20-25 की संख्या में लाठी-डंडे लेकर आए लोगों ने हमला कर दिया। छोटे-छोटे बच्चों की भी पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस गांव में कैंप कर रही है। इस दौरान कई घरों से मोबाइल भी लूट लिया। दोनों कई बार चोरी व शराब के मामले में जेल भी जा चुका है। जाते समय लालू राम के झोपड़ीनुमा घर को आग के हवाले कर दिया। इससे घर में रखा सारा सामान जल गया। धमकाया कि थाने में केस दर्ज किया तो सभी को जान से मार दूंगा।

## बेंगलुरु मर्डर केसः रॉय नहीं मारता तो महालक्ष्मी कर देती हत्या

बेंगलुरु(ईएमएस)। कुछ ही दिनों पहले बेंगलुरु में महालक्ष्मी नाम की महिला की हत्या हुई थी। उसके शव के कई दर्जन टुकड़े किए गए और उसे फ्रीज में भर दिया गया। इस केस में आरोपी मुक्ति रंजन रॉय ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में जांच और आत्महत्या नोट से जो जानकारियां सामने आ रहीं हैं वो काफी चौंकाने वाली हैं। नोट में लिखा था, महालक्ष्मी का मकसद मुझे मारने के बाद मेरे शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर, उन्हें सूटकेस में रखना और बाद में फेंकने का था। अगर मैं उसे नहीं मारता, तो वो मुझे मार देती और शव को ठिकाने लगा देती। मैंने उसे सेल्फ डिफेंस में मारा था। रॉय ने नोट में यह भी दावा किया है कि महिला उस पर लगातार शादी का दबाव बना रही थी। साथ ही उसकी मांगें पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट भी करती थी।

रिपोर्ट के अनुसार, रॉय ने नोट में स्वीकार किया था कि उसने 2-3 सितंबर की रात महिला की गला घोंट कर हत्या की थी। आगे कहा गया है कि उसने अगली सुबह बाजार से एक धारदार हथियार खरीदा और वॉशरूम में शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें फ्रिज में रख दिया। रिपोर्ट में नोट के हवाले से बताया गया है कि इसके बाद रॉय ने ओडिशा भागने से पहले वॉशरूम को एसिड से साफ किया था।नोट में यह भी दावा किया जा रहा है कि महिला उसे मारना चाहती थी और शव को ठिकाने लगाने के लिए काला सूटकेस भी खरीदा था। रिपोर्ट के अनुसार, महालक्ष्मी के घर पर फ्रिज के पास एक काला सूटकेस भी बरामद हुआ था।पुलिस रॉय की लोकेशन ट्रेस करते हुए ओडिशा को भद्रक पहुंची थी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी ने आत्महत्या कर ली थी। तब शव के पास एक नोट बरामद हुआ था, जिसमें रॉय ने महालक्ष्मी के साथ अपने रिश्ते को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। खबरें हैं कि आरोपी ने महिला की हत्या के बाद उसके 50 से ज्यादा टुकड़े कर दिए थे।फिलहाल, पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। जिस हथियार से रॉय ने वारदात को अंजाम दिया, उसका पता नहीं लग सका है। रिपोर्ट का कहना है कि एक छोटी सी दुकान चलाने वाली महिला को जब रॉय की तस्वीर दिखाई गई, तो उसने पहचान कर ली है।

## रूसी नागरिक को नहीं मिल रहा है भारत में न्याय

### टुकड़े-टुकड़े कर मारने की धमकी

इंदौर (ईएमएस)। रूस के नागरिक ने इंदौर मे जनसुनवाई मे शिकायत दर्ज कराई है। उसकी फैक्ट्री पर कब्जा कर लिया गया है। जनसुनवाई के दौरान रूस के नागरिक गौरव अहलावत ने मंत्री समर्थक एक उद्योगपति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जनसुनवाई के दौरान उसने कहा, आरोपी उसके 200 टुकड़े करके मारने की धमकी दे रहा है।

गौरव अहलावत मास्को में रहते हैं। उनके पास रूस की नागरिकता है। उसने आरोप लगाया है, कि कौनको फूड प्राइवेट लिमिटेड के मालिक संजय जैसवानी, उसके रिश्तेदारों और कर्मचारियों के साथ मिलकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उसके साथ धोखाधड़ी की है। इंदौर आने पर उसका अपहरण किया गया। किसी तरह जान बचाकर वह भागकर जनसुनवाई में अपनी शिकायत करने पहुंचा। मंत्री समर्थक के खिलाफ इंदौर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। यह शिकायत उसने जनसुनवाई में की है। वह पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए जनसुनवाई में पहुंचा था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पाटलिपुत्र-समस्तीपुर-सहरसा ललितग्राम रेलखंड का किया गया निरीक्षण

हाजीपुर, (ईएमएस)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा बुधवार को पाटलिपुत्र-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-सहरसा-ललितग्राम रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहरसा स्टेशन पर मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव से, सुपौल स्टेशन पर सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत से तथा झंझारपुर स्टेशन पर झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल से शिष्टाचार मुलाकात कर यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति से माननीय सांसद को अवगत कराया एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। निरीक्षण के क्रम सर्वप्रथम महाप्रबंधक द्वारा कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सर्कुलेटिंग एरिया सहित यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर विकसित की जाने वाली यात्री सुविधाओं का भी जायज़ा लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर विवेक भूषण सूद तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके उपरांत महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बुधवार को समस्तीपुर मंडल अंतर्गत कोपरिया और सिमरी बख्तियारपुर के बीच रेलपुल संख्या 47 का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायज़ा लिया। तत्पश्चात महाप्रबंधक सहरसा स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन सहित एलएचबी कोचिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण किया। साथ ही महाप्रबंधक महोदय द्वारा सहरसा में नवनिर्मित द्वितीय वाशिंग पिट, मेकेनाईज्ड लॉण्ड्री तथा 5000 गैलन पानी टंकी का शुभारंभ किया गया। महाप्रबंधक महोदय द्वारा ललितग्राम स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया एवं वहां साफ-सफाई, सर्कुलेटिंग एरिया सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर विनय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सपेरे को कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

भागलपुर (ईएमएस)। भागलपुर में एक सपेरा को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। व्यवहार अदालत ने सपेरा मो शमसुल को 10 साल की कैद व एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। ये सजा घटना के 13 साल बाद सपेरा को दी है। दरअसल 2011 में पीरपैंती के दुलदुनिया गांव में शमसुल, सांप का खेल दिखा रहा था। एक युवक के गले में सांप लपेट का खेल दिखा रहा था। उसी समय सांप ने उस युवक को डंस लिया जिससे उसकी मौत हो गई थी। मामले में दोषी सपेरे को 10 साल की सजा दी है। मो शमसुल पीरपैंती थानाक्षेत्र के खानपुर गोविंदपुर का रहने वाला है। इस दौरान सरकार की तरफ से मुहम्मद अकबर खां ने बहस में हिस्सा लिया। अगस्त 2011 में अभियुक्त सपेरा मो शमसुल अपने कई सांपों को लेकर पीरपैंती के ओलापुर पंचायत के एक गांव में सांप का खेल दिखाने पहुंचा था। सांप के खेल से पहले मो शमसुल ने डमरू और बांसुरी बजाकर काफी भीड़ जुटा ली थी। उस भीड़ में से गांव के राजेंद्र राम बिंद के बेटे दिवाकर बिंद अन्य लड़कों के साथ आगे खड़ा होकर सांप का खेल देख रहा था। इस बीच डमरू बजाते सपेरा मो शमसुल ने दिवाकर को भीड़ से अपनी तरफ हाथ पकड़ कर खींच लिया। वहीं सपेरे ने उसे निडर बताते हुए कुछ नहीं होने की बात कहकर पिटारे में से रखे ताबीज के ढेर से एक ताबीज निकाल दिवाकर को दिया। सपेरा बोला कि ताबीज के रहते कोई सांप तेरा बाल-बांका नहीं कर सकता है। इतना बोल कर फिर पिटारे से एक सांप निकाला और दिवाकर के गले में लपेट दिया। सांप ने चंद मिनटों के बाद ही दिवाकर को डस लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सपेरा मो शमसुल ने उसे बचाने का प्रयास किया गया था, लेकिन दिवाकर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर सपेरा मो शमसुल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ था। उसी केस के दोषी सपेरे मो शमसुल को कोर्ट ने अब सजा सुनाई है।

### दबंगों ने युवक को पीटा

मुजफ्फरपुर (ईएमएस)। यहां एक युवक की पिटाई इसलिये की गयी कि मजदूरी का पैसा मांगने गए युवक को दबंगों ने जमकर पीटा। युवक को अधमरा कर दिया। इतना ही नहीं उसके चेहरा पर थूका और एक दबंग से पेशाब भी करवाई। इस पिटाई का वीडियो भी आया है जहां दो लोग युवक को सड़क पर गिरा कर पीट रहे हैं। इस दौरान कुछ लोग सड़क किनारे खड़े होकर युवक को पिटता हुआ देख रहे हैं। मारपीट का ये वीडियो 4 अक्टूबर का बताया जा रहा है। यह मामला मुजफ्फरपुर के बोचहां थाना क्षेत्र के चौपार मदन गांव का है।चौपार मदन गांव के पीड़ित रिंकू मांझी ने पुलिस से इसकी शिकायत की। शिकायत में कहा कि करणपुर उत्तरी गांव के रमेश पटेल के मुर्गी फार्म में उसने 2 दिन काम किया। फिर वह किसी दूसरी जगह काम करने चला गया। इस पर रमेश पटेल ने 2 दिन की मजदूरी के 1200 रुपए नहीं दिए। 4 अक्टूबर की सुबह वो काम करने जा रहा था। रास्ते में रमेश पटेल अपने मुर्गी फार्म पर बैठे थे। उनसे मजदूरी मांगी। इस पर वे आग-बबूला हो गए। जाति सूचक शब्द कहने लगे। मना करने पर अपने बेटे के साथ मिलकर पीट कर घायल कर दिया व जान मारने की धमकी दी। यही नहीं चेहरे पर थूक लगा दिया। बेटे से मुंह में पेशाब करवाई। फर एक व्यक्ति मौके पर पहुंचा। तब मैं दर्द से कराह रहा था। व्यक्ति ने लोगों के साथ मिलकर मुझे इलाज के लिए सीएचसी बोचहां पहुंचाया। जहां मेरा इलाज हुआ। पीड़ित इलाज करवा कर 5 अक्टूबर को जब अपने गांव पहुंचा तो दबंगों ने पहले मामला पंचायती तौर पर सलटाने की कोशिश की, लेकिन मामला सुलझा नहीं। फिर पीड़ित 8 अक्टूबर को थाने पहुंचा और शिकायत की। पूरे मामले पर बोचहा थाना प्रभारी ने कहा कि मजदूरी के पैसा को लेकर युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। इसमें गलौज और मारपीट का वीडियो मुझे मिला है।

# लखुआ प्रखंड प्रमुख के पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार




सहरसा : सहरसा के सलखुआ प्रखंड के प्रखंड प्रमुख सरिता संगम के पति राकेश कुमार रोशन को पुलिस ने बुधवार को उटेशरा गांव से मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उस घटना के सिलसिले में हुई है, जिसमें प्रखंड प्रमुख के पति पर पंचायत राज सचिव (पीआरएस) निरंजन कुमार के साथ मारपीट और रंगदारी मांगने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक, 31 मई 2024 को पीआरएस निरंजन कुमार ने सलखुआ थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 29 मई को प्रमुख पति राकेश रोशन ने उन्हें फोन कर घर पर बुलाया। 30 मई को फिर से फोन कर आने की बात कही। इसके बाद प्रमुख का देवर भी फोन कर के धमकी देने लगा। जब पीआरएस राकेश रोशन से मिलने पहुंचे, तो राकेश ने उनसे 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। जब निरंजन कुमार ने असमर्थता जताई, तो राकेश ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पीआरएस को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें सलखुआ पीएचसी में भर्ती कराया गया और बाद में सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने प्रखंड प्रमुख सहित पांच लोगों को इस मामले में नामजद किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सलखुआ थाने में कांड संख्या 134/24 दर्ज की गई। इसके बाद से पुलिस आरोपी राकेश रोशन की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में धारा 307 (हत्या के प्रयास) सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था।थानाध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राकेश रोशन उटेशरा गांव में मौजूद हैं। इसके बाद एसआई धनंजय कुमार और पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राकेश रोशन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में छात्र की मौत

पटना (ईएमएस)। यहां सड़क हादसे में एक छात्र अमन की मौत हो गई। यह घटना दीघा थाना क्षेत्र के बाटागंज की है जहां पूजा का फूल लेकर अमन घर लौट रहा था। घर जाने वाले गली के पास पहुंचने ही वाला ही था कि तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जैसे ही पिकअप ने टक्कर मारी छात्र गिर गया और ड्राइवर सिर कुचलते हुए भाग गया। मौके पर ही नाबालिग छात्र की मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।मृतक की पहचान रामजीचक पटेल गली में विनोद सिंह के मकान में किराए के रूप में रहने वाले लाल बहादुर के बेटे के रूप में हुई है। मृतक 9वीं कक्षा का छात्र है। मृतक 3 बहन, दो भाई में सबसे छोटा था। मृतक का परिवार मूल रूप से भागलपुर का रहने वाला है।

# वैशाली में स्प्रिट ले जा रहा टैंकर पलटा, चालक घायल



वैशाली : वैशाली जिले के गंगा ब्रिज थानाक्षेत्र में बुधवार को स्प्रिट ले जा रहा एक टैंकर अनियंत्रित होकर रोड किनारे पलट गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना गंगा ब्रिज थाना से करीब 100 मीटर पहले तेरसिया के पाया संख्या एक के पास घटी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और तुरंत गंगा ब्रिज थाना पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल सदर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। घायल चालक की पहचान सारण जिले के मशरक निवासी माधव सिंह के बेटे पवन कुमार (45) के रूप में हुई है। घटना में टैंकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे सड़क पर यातायात बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गंगा ब्रिज थाना पुलिस ने एक्साइज विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। एक्साइज विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान टैंकर में लदी स्प्रिट के सभी कागजात सही पाए गए। अधिकारियों के अनुसार, यह टैंकर आरा से सिक्किम जा रहा था और कानूनी रूप से स्प्रिट की ढुलाई कर रहा था।वहीं, पुलिस ने घटनास्थल पर एक क्रेन मंगवाकर टैंकर को हटाने का कार्य शुरू किया। क्रेन की मदद से टैंकर को सड़क किनारे से उठाकर गंगा ब्रिज थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद यातायात व्यवस्था को सामान्य कर लिया गया है।गंगा ब्रिज थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्प्रिट लदा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया था। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद एक्साइज विभाग को सूचित किया गया था। सभी कागजात जांचे गए और वे सही पाए गए हैं। टैंकर को क्रेन की सहायता से हटाकर थाने में सुरक्षित रखा गया है। इस घटना में बड़ी अनहोनी टल गई, लेकिन चालक को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस और एक्साइज विभाग की त्वरित कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित किया गया। अब मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# इस्तीफा देने वाले आईजी शिवदीप लांडे का तबादला



पूर्णिया : भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा देने वाले पूर्णिया के आईजी शिवदीप वामनराव लांडे का तबादला कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने उनकी जगह सीनियर आईपीएस अधिकारी राकेश राठी को पूर्णिया के आईजी पद की जिम्मेदारी सौंपी है। शिवदीप लांडे फिलहाल पुलिस मुख्यालय बुलाया गया है। उनकी पोस्टिंग यही की गई है। उन्हें पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। चर्चित आईपीएस शिवदीप लांडे ने 19 सितम्बर को सोशल मीडिया के माध्यम से अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उनके इस्तीफे की चर्चा पूर्णिया सहित पूरे बिहार में जोरशोर से की गयी। शिवदीप लांडे ने त्याग पत्र देकर बिहार को अपनी कर्म भूमि बनाए रखने की बात बताई। माना जा रहा था कि नौकरी छोड़कर लांडे राजनीति में अपना अगला भविष्य तलाशेंगे। लेकिन इन कयासों पर उन्होंने खुद विराम लगा दिया। इस्तीफे के बाद आईजी शिवदीप लांडे के चाहने वालों को उनके इस फैसले से निराशा हुई। कई लोग उनसे मिलने उनके घर तक पहुंच गए थे। हालांकि, उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। अब शिवदीप लांडे का तबादला पूर्णिया से पटना कर दिया गया है। बता दें कि शिवदीप लांडे की बेहतर पुलिसिंग की रणनीति की प्रशंसा होती रही है, खासकर पूर्णिया तनिष्क ज्वेलरी शॉप लूटकांड में उनकी कार्रवाई के बाद। इस मामले में सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार पर अनुशासनिक कार्रवाई की गई और सहायक खजांची थाना के थानाध्यक्ष सहित थाना के सभी कर्मी निलंबित कर दिए गए। इसके अलावा, शिवदीप लांडे ने पूर्णिया सहित सीमांचल के सभी जिलों में कई वर्षों से बंद पड़े मामलों को फिर से खोलने का आदेश दिया था।

# माता के पट खुलते ही भक्तिमय हुआ पूजा पंडाल



गोपालगंज : गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के दौरान देवी माता के पंडालों में भक्तिमय माहौल देखा गया। दिघवा दुबौली मार्केट, धर्मबारी मोड, रेवतिथ बाजार, हकाम बाजार, भगवानपुर चौक, हरदिया मोड, कृतपुरा बाजार, राजापट्टी कोठी बाजार और मीराटोला आदि स्थलों पर माता जी के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी तादाद उमड़ पड़ी। आचार्य शशिभूषण पांडेय, राधेश्याम पाण्डेय उर्फ मुन्ना बाबा, सचिदानंद पांडेय, दामोदर पांडेय, चंद्र भूषण पांडेय जैसे स्थानीय आचार्यों ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में देवी की पूजा का एक विशेष महत्व है। उनका कहना है कि देवी की कृपा से साधकों को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं और साथ ही मन को शांति और दिव्य सुगंधियों का अनुभव भी मिलता है।

#### दुर्गा पूजा का महत्व

क्षेत्र के आचार्यों ने दुर्गा पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता दुर्गा को शक्ति, सामर्थ्य, निर्णायकता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। दुर्गा पूजा का त्योहार न केवल माता दुर्गा की प्रतिष्ठा और शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। माता जी में आस्था रखने वाले श्रद्धालु भक्त बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

दिघवा दुबौली रेलवे स्टेशन के पीछे, ब्लॉक रोड, खादी भंडार परिसर, पोस्ट ऑफिस के पास और डाक बंगला रोड में माता जी की प्रतिमा अंतिम रूप में तैयार हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के दिघवा दुबौली डाक बंगला रोड में माता जी के पट खुलने के बाद से पूजा-पाठ का माहौल बन गया है। इस अवसर पर मेला की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। साथ ही जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।नवरात्रि के इस पर्व पर श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने पूरे क्षेत्र में एक अलग ही दिव्यता भर दी है। लोग माता जी से सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

### हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी-मानसी के रास्ते पाटलिपुत्र और सहरसा के मध्य एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर, (ईएमएस)। आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी-मानसी के रास्ते पाटलिपुत्र और सहरसा के मध्य दिनांक 16 अक्टूबर से 27 दिसंबर 2024 तक एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 03388/03387 का परिचालन किया जायेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन गाड़ी सं. 22351/22352 पाटलिपुत्र-एसएमभीबी, बेंगलूरू एक्सप्रेस के रेक द्वारा किया जायेगा अर्थात् इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06, तृतीय वातानुकूलित इकोनोमी श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। गाड़ी सं. 03388 पाटलिपुत्र-सहरसा स्पेशल दिनांक 16 अक्टूबर से 25 दिसंबर 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को पाटलिपुत्र से 11.00 बजे खुलकर 11.28 बजे सोनपुर, 11.40 बजे हाजीपुर, 13.30 बजे बरौनी, 14.00 बजे बेगुसराय, 14.30 बजे खगड़िया, 14.50 बजे मानसी, 15.45 बजे सिमरी बख्तियारपुर रूकते हुए 17.15 बजे सहरसा पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 03387 सहरसा-पाटलिपुत्र स्पेशल दिनांक 18 अक्टूबर से 27 दिसंबर 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को सहरसा से 13.35 बजे खुलकर 13.53 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 14.50 बजे मानसी, 15.02 बजे खगड़िया, 15.36 बजे बेगुसराय, 16.00 बजे बरौनी, 17.38 बजे हाजीपुर एवं 17.53 बजे सोनपुर रूकते हुए 19.15 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, बोकारो**

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय आदेश**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्धारा सूचित किया जाता है कि भवन प्रमण्डल, बोकारो के अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–10/2024–25 एवं पी0आर0 नं0–338142 Building (24-25) की निविदा अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, बोकारो

PR 338491 Building(24-25)#D

# मोस्ट वांटेड लेडी डॉन रीता गिरफ्तार



मोतिहारी (ईएमएस)। यहां पुलिस और एसटीएफ की टीम ने मोस्ट वांटेड लेडी डॉन रीता सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। रीता सिंह 10 साल पहले जेलों में कैदियों को आर्ट ऑफ लिविंग की ट्रेनिंग देती थी। साल 2013 में उसने अपराधियों का गैंग ज्वॉइन की। रीता सिंह के खिलाफ एक के बाद एक हत्या, लूट, रंगदारी समेत 8 केस दर्ज हुये। इन सभी मामलों में वो फरार चल रही थी। रीता पर इनाम भी घोषित था। मोतिहारी एसपी ने इसे पुलिस की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि पकड़ीदयाल एसडीपीओ को रीता सिंह के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। गया में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। रीता सिंह की एक और बड़ी पहचान है कि उसके पति जितेंद्र सिंह की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। उस समय जितेंद्र सिंह पंचायत के मुखिया थे।जानकारी के अनुसार जितेंद्र सिंह का भी आपराधिक इतिहास रहा था। उनपर कई संगीन मामले दर्ज थे। नक्सलियों से जितेंद्र सिंह की दुश्मनी थी। साल 2005 में नक्सलियों ने अदालत लगाकर जितेंद्र सिंह को घर में घुसकर गोलियों से छलनी कर दिया था। इसके बाद रीता सिंह ने बच्चे के साथ गांव छोड़ दिया। उसने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ज्वॉइन कर ली। उसने कई साल तक बिहार के कई जेलों में जाकर बंदियों को ट्रेनिंग दी। इस बीच वह कई लोगों को पेट्रोल पंप दिलाने और अन्य काम कराने के बदले में रुपए लेने लगी। इसी दौरान वह आपराधिक छवि वाले नीतीश के संपर्क में आई। नीतीश को आजाद हिंद फौज नाम के आपराधिक संगठन का संरक्षक माना जाता है। इनके संपर्क में आने के बाद रीता सिंह पर हत्या की साजिश, लूट, रंगदारी के कई केस दर्ज थे।

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद**

सदर अस्पताल परिसर, कोर्ट मोड़, धनबाद–826001

दूरभाष–9431711098

ई–मेल cs.dhanbad@gmail.com

**निविदा सूचना**

धनबाद जिलान्र्तगत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में एक वर्ष के लिए Selection of Agency for Providing Manpower in Dhanbad Surgency, Dhanbad, Jharkhand के लिए दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा सूचना जिसका PR 338049 Health Med Edu and Family welfare (24-25) D है, को अपरिहार्य कारणों से तत्काल स्थगित किया जाता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद

PR 338673 (Health Med Edu and Family Welfare)24-25*D

**कार्यालय नगर निगम गिरिडीह**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

1. विज्ञापनदाता का नाम : प्रशासक, गिरिडीह नगर निगम।
2. वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.10.2024 को अ0 02:00 बजे से।
3. वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21.10.2024. को अ0 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं संमय : दिनांक 22.10.2024 को अ0 04:00 बजे गिरिडीह नगर निगम।
5. निविदा आपलोड करने का वेबसाईट : www.Jharkhandtenders.gov.in
6. कार्य की विरणी:–

| निविदा सं0 | योजना का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| UDD/GMC/XIII//01/2024-25 | वार्ड नं0 02 में इनायत हॉस्पिटल से जलील खान के घर होते हुए बाजार समिति कम्पाउण्ड तक, शहजादी बेगम के घर से शमशेर (रेडियम) के घर होते हुए बाजार समिति कमपाउण्ड तक, चॉद सिद्दीकी के घर से कलाम मिर्जा के घर होते हुए बिशनपुर तालाब तक एवं गिरिडीह पचम्बा मुख्य मार्ग से बिशनपुर तालाब तक नाली निर्माण। | 49,99,990.00 | 1,00,000.00 | 10,000.00 | 90 दिन |
| UDD/GMC/XIII//02/2024-25 | वार्ड नं0 02 में बिशनपुर में इनायत तालाब से डॉक्टर रियाज अहमद के कम्पाण्ड तक एवं वार्ड नं0 04 में बिशनपुर डंडियाडीह में वसीक अकरम के घर से डॉक्टर आशिफ नशर एवं मुस्लिम मियां के घर होते हुए शहाबुद्दीन अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण। | 35,66,100.00 | 71,322.00 | 10,000.00 | 90 दिन |

(नोटः– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। अन्य सूचनाएँ वेवसाईट http:WWW.Jharkhandtenders.gov.in/ नगर निगम गिरिडीह के सूचना पट पर देखा जा सकता है।)

प्रशासक, गिरिडीह नगर निगम

PR 338689 (Urban Development)24-25*D

### डीएम-एसपी पूजा ने किया पंडालों का निरीक्षण

मोतिहारी (ईएमएस)। यहां दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण व भय मुक्त और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये मोतिहारी डीएम सौरभ व एसपी लगातार सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण कर रहे हैं। वे पूजा समिति के लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। इस दौरान डीएम और एसपी ने शहर सहित जिले के चकिया अनुमंडल क्षेत्र में होने वाले दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। डीएम व एसपी ने शहर के पूजा पंडाल का निरीक्षण करने के बाद चकिया और पिपरा मे होने वाले पूजा पंडाल का निरीक्षण भी किया।

### सीने पर 21 कलश रख भक्त कर रहे मां की अराधना

पटना (ईएमएस)। यहां दुर्गा पूजा पर माहौल भक्तिमय हो गया है। माता के दर्शन के लिए मंदिरों में भक्तों का तांता लगा है। यहां कई ऐसे शक्तिपीठ हैं जिनकी महिमा निराली है। मां दुर्गा के भक्त अपने-अपने तरीके से आस्था के साथ पूजा कर रहे हैं।यहां एक ऐसा अनोखा भक्त भी है जो अपने सीने पर 21 कलश रखकर मां की अराधना करते हैं। नवरात्रि पर सचिवालय स्थित नौलखा मंदिर के पुजारी नागेश्वर बाबा पिछले कई सालों से 9 दिनों तक सीने पर कलश रखते हैं। मान्यता है की इस मंदिर में लोगों की मन्नतें पूरी होती हैं। यहां बाबा नागेश्वर ने कहा कि मेरा उद्देश्य है धर्म की जय हो और अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो और संपूर्ण देशवासियों का कल्याण हो। नौलखा मंदिर की देवी का नाम मनोकामना माता है। यहां भक्त जो भी मुराद लेकर आते हैं मां उसे पूरा करती हैं। मां की कृपा है जिसकी वजह से मैं अपने सीने पर 21 कलश लेकर पूरे नवरात्र निर्जला उनकी चरणों में रहता हूं। वो भी बिना नित्य क्रिया किए हुए। कई साल हो गए, लेकिन मुझे भी समझ नहीं आता कि मैं कैसे ये करता हूं।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला भू-अर्जन शाखा)**

ई-मेलः–dlao-giridih@jharkhandmail.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–02 के छः लेनिंग चौड़ीकरण परियोजना अंतर्गत मौजा–जरमुने अंतर्गत निम्नांकित अवार्ड अज्ञात घोषित है :–

| क्रमांक | अंचल का नाम | मौजा का नाम | अवार्ड सं0 | प्लॉट सं0 | किस्म | रकबा (एकड़ में) | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बगोदर | जरमुने | 438 | 2242 | कृषि | 0.0864 | 4049740.80 |

उक्त अज्ञात अवार्ड पर श्री कमल राणा पिता लाखो राणा, मौजा–जरमुने के द्वारा खतियानी रैयत के वंशज होने के आधार पर द्वारा दावा किया गया है। अपने दावा के समर्थन में आवेदक ने खतियान, लगान रसीद एवं अंचल अधिकारी, बगोदर के स्तर से निर्गत वंशावली प्रमाण पत्र समर्पित किया है।

स्थलीय जाँच के आधार पर कार्यालय अमीन एवं कानूनगो के द्वारा आवेदक को मुआवजा नोटिस निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत अर्जित भूमि के संदर्भ में यदि कोई रैयत चाहें तो संबंधित राजस्व कागजात के साथ इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के अंदर अपना लिखित आपत्ति/दावा जिला भू–अर्जन कार्यालय, गिरिडीह में समर्पित कर सकते हैं।

PR.NO.338486 Land Reforms(24-25):D

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गिरिडीह।

## हरियाणा चुनाव में दिखा नारी शक्ति का जलवा

# 13 महिला प्रत्याशी निर्वाचित

### विनेश फोगाट, सावित्री जिंदल और पूजा चौधरी के चर्चे





नई दिल्ली (ईएमएस)। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा में इस बार 13 महिला प्रत्याशी निर्वाचित हुई हैं। राज्य में पांच अक्टूबर को हुए चुनाव में 464 निर्दलीय और 101 महिलाओं सहित कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य विधानसभा में निर्वाचित हुईं पांच महिला विधायक भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), सात कांग्रेस से और एक निर्दलीय हैं।

विनेश फोगाट की चर्चा सबसे ज्यादाः कांग्रेस प्रत्याशियों में शामिल विनेश फोगाट ने जुलाना विधानसभा सीट से चुनाव जीता है। वह एक इंटरनैशनल कुश्ती खिलाड़ी हैं।

पति वरुण की हार का बदला पूराः पूजा मुलाना विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। पूजा चौधरी ने 12865 मतों से बीजेपी प्रत्याशी संतोष सारवान को हराया है। पूजा के पति पिछली बार चुनाव हार गए थे। राव की बेटी जीतींः आरती सिंह ने अटेली सीट से जीत हासिल की। वे केंद्रीय मंत्री राव इंदरजीत सिंह की बेटी हैं। 8वीं पास शैली चौधरी बनी विधायकः कांग्रेस की शैली चौधरी ने नारायणगढ़ सीट से जीती हैं। उन्होंने बीजेपी के पवन सैनी को हराया है। शैली महज 8वीं तक पढ़ी हैं। रेनू ने सढौरा से बनाया रिकॉर्डः रेनू बाला ने सढौरा सीट से जीत हासिल की है। रेनू बाला ने एक और रिकॉर्ड बनाया है। वह लगातार दो बार महिला विधायक बनने वाली जिले की पहली महिला बन गई हैं।

कांग्रेस की बागी श्रुति को बीजेपी ने दिया टिकटः भाजपा उम्मीदवार श्रुति चौधरी ने तोशाम से विजयी परचम लहराया। चौधरी भी भाजपा सांसद किरण चौधरी की बेटी हैं।

राई से जीतीं कृष्णा गहलावतः कृष्णा गहलावत ने राई विधानसभा सीट से जीत दर्ज की। कालका पर शक्ति ने दिखाया दमः भाजपा प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने कालका सीट से जीत दर्ज की। लगातार 5वीं बार बनीं विधायकः पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी गीता भुक्कल ने झज्जर सीट से जीत हासिल की। यह लगातार पांचवी बार है, जब गीता विधायक बनी हैं। नवीन जिंदल की मां हैं सावित्री जिंदलः निर्दलीय प्रत्याशी सावित्री जिंदल ने हिसार सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस के राम निवास राड़ा को 18941 मतों के अंतर से हराया। जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद एवं उद्योगपति नवीन जिंदल की मां हैं।

रेनू डाबला को हरा विधायक बनीं शकुंतलाः शकुंतला खटक ने कलानौर सीट से जीत दर्ज की। उन्होंने बीजेपी की रेनू डाबला को हराया है। कांग्रेस की पर्ल को हराकर जीतीं बिमला चौधरीः भाजपा की बिमला चौधरी ने पटौदी विधानसभा सीट से जीत दर्ज की।

# लुधियाना में बाबा के खिलाफ मामला दर्ज, किशोर के साथ अश्लील हरकत

### 3 से 4 बच्चों के साथ किया कुकर्म

लुधियाना (ईएमएस)। पंजाब के लुधियाना में गुरुद्वारा नानकसर ठाठ साहिब में कीर्तन करने वाले एक बाबा के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। बाबा पर आरोप है कि एक किशोर के साथ अश्लील हरकतें की है। पुलिस ने उक्त आरोपी बाबा जसबीर सिंह जस्सी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। पुलिस बाबा से कड़ी पूछताछ कर रही है, ताकि पता चल सके कि आज तक और कितने लोगों के साथ गंदा काम किया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी जस्सी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मैं छठी कक्षा तक पढ़ा हूं। 3 साल पहले जस्सी बाबा गांव काउंके कलां मुझे कमरे में प्रसाद देने के बहाने ले गया। वहां बाबा ने मेरे कपड़े उतार कर गलत हरकतें करनी शुरू कर दी। पीड़ित ने कहा कि जस्सी मेरे गुप्तांगो से छेड़छाड़ करने लगा। इतना ही नहीं बाबा ने वीडियो भी बनाई। बाबा ने धमकी दी की यदि उसने किसी को इस घटना के बारे बताया, तब वह उसकी वीडियो वायरल कर देगा। आज अपनी मां को उसने सारी बात बताई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बाबा जस्सी की दो वीडियो सामने आई है। वीडियो में जस्सी बाबा ने बच्चे के साथ शारीरिक संबंध बनाए है। शारीरिक संबंध भी इस तरह से बनाए जो कि किसी को दिखा भी नहीं सकते। जब अपने स्तर पर जांच की और पता चला कि बाबा ने किसी एक बच्चे के साथ ऐसा नहीं किया बल्कि 3 से 4 बच्चों के साथ कुकर्म हुआ है।

### पुलिस से की कड़ी कार्रवाई की मांग

लोगों ने मांग की है कि जस्सी को कड़ी सजा दी जाए। जस्सी पर पास्को एक्ट लगाया जाए। डेरे में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को चैक करवाया जाए। जिस परिवार का बच्चा है यदि उन पर दबाव डाल कर बयान वापस भी दिलवाए जाते है, तब भी ये बयान खालसा पंथ की सूची में दर्ज हो गए है। अभी दो दिन पहले ही जस्सी बाबा की गुरुद्वारा नानकसर में कीर्तन करते की वीडियो भी है। गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ के कमरे में ही एक बच्चे के साथ इस तरह से गंदी हरकत होना कलंकित करता है। गुरुद्वारा के प्रबंधक जस्सी को बचा नहीं सकते।

## गैंगरेप के आरोपियों के अवैध घर पर चलेगा बुलडोजर, वीएमसी ने लगाया नोटिस

वडोदरा (ईएमएस)| भायली गैंगरेप के आरोपियों के खिलाफ अब वडोदरा महानगर पालिका (वीएमसी) बड़ी कार्यवाही करेन की तैयारी में है| फिलहाल वीएमसी ने गैरकानूनी निर्माण को लेकर आरोपियों के घर पर नोटिस चस्पा कर दिया है और तीन दिनों के भीतर जवाब देने का आदेश दिया है| बता दें कि गत 4 अक्टूबर को वडोदरा के भायली में 16 साल की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था| पीड़ित लड़की जब अपने बचपन के दोस्त के साथ बैठी थी उस वक्त पांच अज्ञात शख्स उसके पास पहुंच गए| पांच में से दो शख्स वहां से चले गए थे| जबकि एक शख्स ने पीड़िता के दोस्त की पकड़ लिया और अन्य दो शख्सों ने लड़की के साथ गैंगरेप किया था|

## बीजेपी विधायक को सरेआम जड़ दिया तमाचा, खामियाजा भुगतना पड़ेगा

लखीमपुर। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में तब हड़कंप मच गया जब बीजेपी विधायक योगेश वर्मा के साथ सरेआम मारपीट हुई। दर्जनों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने विधायक को तमाचा लगा दिया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अर्बन कॉपरेटिव बैंक चुनाव को लेकर बार संघ अध्यक्ष सिंह और विधायक वर्मा में कहासुनी हुई थी। इस लेकर बुधवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस बीच तमतमाए सिंह ने सरेआम पुलिसवालों के सामने विधायक वर्मा पर हाथ छोड़ दिया। इसके बाद दूसरे वकीलों ने भी विधायक को घेरकर मारपीट की।

# मुंद्रा बंदरगाह के 25 वर्ष की विकास यात्रा के प्रतीक के रूप में स्मारक डाक टिकट का अनावरण

गांधीनगर (ईएमएस)| मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मुंद्रा बंदरगाह की विकास यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने की स्मृति में बुधवार को गांधीनगर में एक स्मारक डाक टिकट का अनावरण किया। देश के महत्वपूर्ण व्यापारिक बंदरगाह के रूप में मुंद्रा की साधारण जेटी से वैश्विक शिपिंग हब तक की विकास यात्रा को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट 'प्रगति के 25 वर्ष – मुंद्रा पोर्ट' शीर्षक के साथ प्रस्तुत किया गया है। 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस पर भारतीय डाक द्वारा यह स्मारक टिकट जारी किया गया है। भारतीय डाक द्वारा जारी इस स्मारक स्टाम्प का शीर्षक 'प्रगति के 25 वर्ष – मुंद्रा पोर्ट' है और 12 स्टाम्प वाली स्टाम्प शीट भारतीय डाक द्वारा अदाणी बंदरगाह व विशेष आर्थिक अंचल (एपीएसईजेड) लिमिटेड के साथ मिल कर तैयार की गई है। हैदराबाद के सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस में कुल 60 हजार स्टाम्प के साथ 5 हजार शीट्स का भी मुद्रण किया गया है। इतना ही नहीं; स्टाम्प शीट की प्रति नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहालय (नेशनल फिलाटेलिक म्यूजियम) में भी स्थायी रूप से प्रदर्शित की जाएगी। यह स्टाम्प भारतीय डाक के ई-पोर्टल द्वारा खरीदारी के लिए उपलब्ध रहेगा। यह मुंद्रा पोर्ट स्मारक स्टाम्प के अनावरण के अलावा भारतीय डाक द्वारा विशेष कवर व स्टाम्प रद्द करने की प्रक्रिया भी प्रस्तुत की गई है। कच्छ की खाड़ी के उत्तरी तट पर स्थित मुंद्रा महत्वपूर्ण बंदरगाह है। इस बंदरगाह को गुजरात मैरीटाइम बोर्ड (जीएमबी) ने 1994 में कैप्टिव जेटी के रूप में शुरू करने की अनुमति दी थी। इसके बाद इस बंदरगाह का जन-निजी भागीदारी के आधार पर विकास हुआ है। इतना ही नहीं; वर्ष 2001 से मुंद्रा बंदरगाह व विशेष आर्थिक अंचल (एमपीएसईजेड) कार्यरत है।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हुआ अंबरनाथ सरकारी मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन

### 12 नवंबर से शुरू होगी पहली क्लास



ठाणे, (ईएमएस)। महाराष्ट्र में दस नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया था और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया गया। उन 10 मेडिकल कॉलेजों में अंबरनाथ में सरकारी मेडिकल कॉलेज का भी समावेश है। इससे ठाणे जिले के छात्रों को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने का एक नया विकल्प मिला है। इस कॉलेज में एडमिशन के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 12 नवंबर को पहली कक्षा के लिए आवेदन भरे जाएंगे। बुधवार को ऑनलाइन प्रणाली माध्यम से हुए इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार मुख्य रूप से मौजूद रहे। बता दें कि अंबरनाथ शहर में सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग कई वर्षों से की जा रही थी। आख़िरकार केंद्र सरकार ने अंबरनाथ के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को मंजूरी दी। इसे 100 छात्रों की क्षमता वाले एक कॉलेज और 430 बिस्तरों वाले एक अस्पताल के रूप में डिज़ाइन किया गया है। इसके लिए अंबरनाथ पूर्व में 21 एकड़ आरक्षित भूमि पर भवन निर्माण के लिए 403 करोड़ रुपये की अनुमति और फंड पहले से ही उपलब्ध था। ऐसे में उम्मीद थी कि इस साल एडमिशन के बाद अंबरनाथ में कोर्स शुरू हो जाएगा। कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे भी इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। आख़िरकार बुधवार को राज्य में दस नये मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसके तहत अंबरनाथ में सरकारी मेडिकल कॉलेज का भी उद्घाटन किया गया। वर्तमान में अंबरनाथ ग्रीन सिटी में नवनिर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और अंबरनाथ पश्चिम में डेंटल कॉलेज भवन में 100 छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्रदान की जाएगी। कॉलेज और अस्पताल का मुख्य भवन बन जाने के बाद छात्रों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कॉलेज में छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया इस महीने की 5 तारीख से शुरू हो गई है और छात्रों की कक्षाएं 12 नवंबर से शुरू होंगी। कॉलेज प्रबंधन द्वारा एमबीबीएस प्रथम वर्ष की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस हेतु आवश्यक प्रोफेसरों की भर्ती पूरी कर ली गई है तथा छात्रों के रहने के लिए प्रयोगशाला, सामग्री, कक्षा-कक्ष, छात्रावास के विकल्प भी उपलब्ध हैं। इस बात की जानकारी कॉलेज के डीन संतोष वर्मा ने दी।

## बीजेपी विधायक को सरेआम जड़ दिया तमाचा, खामियाजा भुगतना पड़ेगा

लखीमपुर (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में तब हड़कंप मच गया जब बीजेपी विधायक योगेश वर्मा के साथ सरेआम मारपीट हुई। दर्जनों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बार संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने विधायक को तमाचा लगा दिया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अर्बन कॉपरेटिव बैंक चुनाव को लेकर बार संघ अध्यक्ष सिंह और विधायक वर्मा में कहासुनी हुई थी।

प्रपत्र VII

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अर्जन निदेशालय) या**
**समाहर्ता या समुचित सरकार**
**अधिघोषणा**
**(अधिनियम – 30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

**अधिघोषणा संख्या : 1520** — **दिनांक : 08.10.2024**
**असाधारण अंक सं.: 24** — **दिनांक : 08.10.2024**

चूँकि झारखण्ड सरकार/ समाहर्ता को यह प्रतीत होता की सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा SAIL के टासरा ओपन कास्ट परियोजना हेतु ग्राम–रोहड़ाबांध, थाना –झरिया, थाना संख्या – 169, अंचल – झरिया, जिला – धनबाद में कुल – 19.82 एकड़ यानि – 8.021 हेक्टर भूमि अपेक्षित है इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है जो मानक माप से कमोवेश – 19.82 एकड़ यानि –8.021 हेक्टेयर है जो मौजा रोहड़ाबांध, थाना–संख्या – 169, अंचल झरिया, जिला – धनबाद में है जिसका विवरण निम्नलिखित है

| क्र.स. | खाता न० | प्लाट | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | प्लाट का कुल रकबा (एकड़ में) | अर्जनाधीन रकबा (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का रकबा (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | उ० | द० | पु० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 107 | | 4893 | निजी | बाईद | | | 0.25745 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4912 | 5209 | 4890 | 5209 |
| 108 | | 4893 | निजी | बाईद | | | 0.18667 | परमेश्वर मंडल वो ईश्वर मंडल वो सुनिल मंडल वो रानू कुमारी मंडल पिता स्व० मदन मंडल वो तारु मंडल पति स्व० मदन मंडल 1 अंश समान वो रमेश मंडल वो सुभाष मंडल वो दिलीप मंडल वो कालिपद मंडल वो अशोक कुमार मंडल पिता स्व० गणेश मंडल 5 अंश समान | 4912 | 5209 | 4890 | 5209 |
| 109 | | 4893 | निजी | बाईद | | | 0.06222 | सुबोध सिंह पिता स्व० सुरेन सिंह | 4912 | 5209 | 4890 | 5209 |
| 110 | | 4893 | निजी | बाईद | 0.56 | 0.56 | 0.0253 | सारो देवी पति स्व० ईश्वर सिंह | 4912 | 5209 | 4890 | 5209 |
| 111 | | 4893 | निजी | बाईद | | | 0.0253 | सुखदेव सिंह पिता स्व० परमेश्वर सिंह | 4912 | 5209 | 4890 | 5209 |
| 112 | | 4893 | निजी | बाईद | | | 0.003 | बुधन सिंह पिता स्व० लखन सिंह 1 अंश समान, वो मनोज सिंह वो सनोज सिंह वो अंगद सिंह वो आकाश सिंह पिता स्व० रामचंद्र सिंह, चंद्रा देवी पति स्व० रामचंद्र सिंह 1 अंश समान वो धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार सिंह पिता स्व० चन्द्रिका सिंह वो वसंती देवी पति स्व० चन्द्रिका सिंह 1 अंश समान वो गोविन्द सिंह वो रमेश सिंह पिता स्व० नुनुबाबू सिंह वो गंगा देवी पति स्व० नुनुबाबू सिंह 1 अंश समान | 4912 | 5209 | 4890 | 5209 |
| 113 | 162 | 4894 | निजी | बाईद | | | 0.08167 | राधेश्याम अगरवाला वो प्रभाष कुमार अगरवाला पिता स्व० गोविन्दराम अगरवाला – 2 अंश, धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अगरवाला वो दुर्गा देवी पति स्व०गजानंद अगरवाला – 1 अंश समान, मुकेश कुमार अगरवाला वो रमेश कुमार अगरवाला पिता स्व० मुरारी लाल अगरवाला – 1 अंश समान | 4897 | 4890 | 4895 | 4897 |
| 114 | | 4894 | निजी | बाईद | 0.14 | 0.14 | 0.01 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4897 | 4890 | 4895 | 4897 |
| 115 | | 4894 | निजी | बाईद | | | 0.04667 | जय नारायण खावाड़े पिता स्व० गया प्रसाद खावाड़े | 4897 | 4890 | 4895 | 4897 |
| 116 | | 4894 | निजी | बाईद | | | 0.00167 | बुधन सिंह पिता स्व० लखन सिंह 1 अंश समान, वो मनोज सिंह वो सनोज सिंह वो अंगद सिंह वो आकाश सिंह पिता स्व० रामचंद्र सिंह 1 अंश समान वो धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार सिंह पिता स्व० चन्द्रिका सिंह 1 अंश समान वो गोविन्द सिंह वो रमेश सिंह वो मीना देवी पिता स्व० नुनुबाबू सिंह 1 अंश समान | 4897 | 4890 | 4895 | 4897 |
| 117 | | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.0472 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 118 | | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.01111 | सुबोध सिंह पिता स्व० सुरेन सिंह | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 119 | | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.00208 | बुधन सिंह पिता स्व० लखन सिंह | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 120 | | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.00208 | मनोज सिंह वो सनोज सिंह वो अंगद सिंह वो आकाश सिंह पिता स्व० रामचंद्र सिंह, चंद्रा देवी पति स्व० राम चन्द्र सिंह अंश समान | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 121 | | 4896 | निजी | बाईद | 0.13 | 0.10 | 0.00208 | धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार पिता स्व० चन्द्रिका सिंह वो वसंती देवी पति स्व० चन्द्रिका सिंह अंश समान | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 122 | | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.00208 | गोविंद सिंह वो रमेश सिंह पिता स्व० नुनुबाबू सिंह वो गंगा देवी पति स्व० नुनुबाबू सिंह अंश समान | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 123 | 162 | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.0233 | रामदेव सिंह वो निरंजन सिंह वो चंद्रदेव सिंह वो राजू सिंह माता स्व० चम्पा देवी 1 अंश समान अर्जुन सिंह माता स्व० लतिका देवी पिता स्व० जोगी सिंह 1 अंश | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 124 | | 4896 | निजी | बाईद | | | 0.01 | जय नारायण खावाड़े पिता स्व० गया प्रसाद खावाड़े | 4897 | 4890 | 4890 | 4895 |
| 125 | | 4898 | निजी | बाईद | | | 0.11667 | राधेश्याम अगरवाला वो प्रभाष कुमार अगरवाला पिता स्व० गोविन्दराम अगरवाला – 2 अंश, धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अगरवाला वो दुर्गा देवी पति स्व०गजानंद अगरवाला – 1 अंश समान, मुकेश कुमार अगरवाला वो रमेश कुमार अगरवाला पिता स्व० मुरारी लाल अगरवाला – 1 अंश समान | 4154 | 4899 | 4897 | 4912 |
| 126 | | 4898 | निजी | बाईद | 0.20 | 0.20 | 0.06667 | परमेश्वर मंडल वो ईश्वर मंडल वो सुनिल मंडल वो रानू कुमारी मंडल पिता स्व० मदन मंडल वो तारु मंडल पति स्व० मदन मंडल 1 अंश समान वो रमेश मंडल वो सुभाष मंडल वो दिलीप मंडल वो कालिपद मंडल वो अशोक कुमार मंडल पिता स्व० गणेश मंडल 5 अंश समान | 4154 | 4899 | 4897 | 4912 |
| 127 | | 4898 | निजी | बाईद | | | 0.00833 | मुकेश कुमार अगरवाला वो रमेश कुमार अगरवाला पिता स्व० मुरारीलाल अगरवाला अंश समान | 4154 | 4899 | 4897 | 4912 |
| 128 | | 4898 | निजी | बाईद | | | 0.00417 | धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार पिता स्व० चन्द्रिका सिंह वो वसंती देवी पति स्व० चन्द्रिका सिंह अंश समान | 4154 | 4899 | 4897 | 4912 |
| 129 | | 4898 | निजी | बाईद | | | 0.00417 | गोविन्द सिंह वो रमेश सिंह पिता स्व० नुनुबाबू सिंह वो गंगा देवी पति स्व० नुनुबाबू सिंह अंश समान | 4154 | 4899 | 4897 | 4912 |
| 130 | | 4900 | निजी | बाईद | | | 0.11083 | राधेश्याम अगरवाला वो प्रभाष कुमार अगरवाला पिता स्व० गोविन्दराम अगरवाला – 2 अंश, धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अगरवाला वो दुर्गा देवी पति स्व०गजानंद अगरवाला – 1 अंश समान, मुकेश कुमार अगरवाला वो रमेश कुमार अगरवाला पिता स्व० मुरारी लाल अगरवाला – 1 अंश समान | 4898 | 4801 | 4897 | 4912 |
| 131 | 162 | 4900 | निजी | बाईद | | | 0.015 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4898 | 4801 | 4897 | 4912 |
| 132 | | 4900 | निजी | बाईद | 0.19 | 0.19 | 0.06333 | परमेश्वर मंडल वो ईश्वर मंडल वो सुनिल मंडल वो रानू कुमारी मंडल पिता स्व० मदन मंडल वो तारु मंडल पति स्व० मदन मंडल 1 अंश समान वो रमेश मंडल वो सुभाष मंडल वो दिलीप मंडल वो कालिपद मंडल वो अशोक कुमार मंडल पिता स्व० गणेश मंडल 5 अंश समान | 4898 | 4801 | 4897 | 4912 |
| 133 | | 4900 | निजी | बाईद | | | 0.00083 | बुधन सिंह पिता स्व० लखन सिंह 1 अंश वो मनोज सिंह वो सनोज सिंह वो अंगद सिंह वो आकाश सिंह पिता स्व० रामचंद्र सिंह वो चंद्रा देवी पति स्व० रामचंद्र सिंह 1 अंश समान वो धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार पिता स्व० चन्द्रिका सिंह वो बसंती देवी पति स्व० चन्द्रिका सिंह 1 अंश समान वो गोविन्द सिंह वो रमेश सिंह पिता स्व० नुनुबाबू सिंह वो गंगा देवी पति स्व० नुनुबाबू सिंह 1 अंश समान | 4898 | 4801 | 4897 | 4912 |
| 134 | | 4902 | निजी | बाईद | | | 0.06417 | राधेश्याम अगरवाला वो प्रभाष कुमार अगरवाला पिता स्व० गोविन्दराम अगरवाला – 2 अंश, धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अगरवाला वो दुर्गा देवी पति स्व०गजानंद अगरवाला – 1 अंश समान, मुकेश कुमार अगरवाला वो रमेश कुमार अगरवाला पिता स्व० मुरारी लाल अगरवाला – 1 अंश समान | 4911 | 4912 | 4912 | 4912 |
| 135 | | 4902 | निजी | बाईद | 0.11 | 0.11 | 0.00917 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4911 | 4912 | 4912 | 4912 |
| 136 | 162 | 4902 | निजी | बाईद | | | 0.03667 | परमेश्वर मंडल वो ईश्वर मंडल वो सुनिल मंडल वो रानू कुमारी मंडल पिता स्व० मदन मंडल वो तारु मंडल पति स्व० मदन मंडल 1 अंश समान वो रमेश मंडल वो सुभाष मंडल वो दिलीप मंडल वो कालिपद मंडल वो अशोक कुमार मंडल पिता स्व० गणेश मंडल 5 अंश समान | 4911 | 4912 | 4912 | 4912 |
| 137 | | 4903 | निजी | बाईद | | | 0.11083 | राधेश्याम अगरवाला वो प्रभाष कुमार अगरवाला पिता स्व० गोविन्दराम अगरवाला – 2 अंश, धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अगरवाला वो दुर्गा देवी पति स्व०गजानंद अगरवाला – 1 अंश समान, मुकेश कुमार अगरवाला वो रमेश कुमार अगरवाला पिता स्व० मुरारी लाल अगरवाला – 1 अंश समान | 4904 | 4912 | 4912 | 4911 |
| 138 | | 4903 | निजी | बाईद | | | 0.015 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4904 | 4912 | 4912 | 4911 |
| 139 | | 4903 | निजी | बाईद | 0.19 | 0.19 | 0.06333 | परमेश्वर मंडल वो ईश्वर मंडल वो सुनिल मंडल वो रानू कुमारी मंडल पिता स्व० मदन मंडल वो तारु मंडल पति स्व० मदन मंडल 1 अंश समान वो रमेश मंडल वो सुभाष मंडल वो दिलीप मंडल वो कालिपद मंडल वो अशोक कुमार मंडल पिता स्व० गणेश मंडल 5 अंश समान | 4904 | 4912 | 4912 | 4911 |
| 140 | | 4903 | निजी | बाईद | | | 0.00083 | बुधन सिंह पिता स्व० लखन सिंह 1 अंश वो मनोज सिंह वो सनोज सिंह वो अंगद सिंह वो आकाश सिंह पिता स्व० रामचंद्र सिंह वो चंद्रा देवी पति स्व० रामचंद्र सिंह 1 अंश समान वो धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार पिता स्व० चन्द्रिका सिंह वो बसंती देवी पति स्व० चन्द्रिका सिंह 1 अंश समान वो गोविन्द सिंह वो रमेश सिंह पिता स्व० नुनुबाबू सिंह वो गंगा देवी पति स्व० नुनुबाबू सिंह 1 अंश समान | 4904 | 4912 | 4912 | 4911 |
| 141 | 162 | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00833 | सुबोध सिंह पिता स्व० सुरेन सिंह | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 142 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00833 | गौरीशंकर सिंह वो संजय सिंह वो परशुराम सिंह पिता स्व० किशन सिंह अंश समान | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 143 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00139 | बुधन सिंह पिता स्व० लखन सिंह | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 144 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00139 | मनोज सिंह वो सनोज सिंह वो अंगद सिंह वो आकाश सिंह पिता रामचंद्र सिंह चंद्रा देवी पिता स्व० रामचंद्र सिंह अंश समान | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 145 | | 4910 | निजी | बाईद | 0.05 | 0.05 | 0.00139 | धनेश्वर सिंह वो बैजनाथ सिंह वो आकाश कुमार पिता स्व० चन्द्रिका सिंह वो वसंती देवी पति स्व० चन्द्रिका सिंह अंश समान | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 146 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00139 | गोविन्द सिंह वो रमेश सिंह पिता स्व० नुनुबाबू सिंह वो गंगा देवी पति स्व० नुनुबाबू सिंह अंश समान | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 147 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00556 | सारो देवी पति स्व० ईश्वर सिंह | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 148 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.00556 | सुखदेव सिंह पिता स्व० परमेश्वर सिंह | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 149 | | 4910 | निजी | बाईद | | | 0.01667 | रामदेव सिंह वो निरंजन सिंह वो चंद्रदेव सिंह वो राजू सिंह माता स्व० चम्पा देवी 1 अंश समान अर्जुन सिंह माता स्व० लतिका देवी पिता स्व० जोगी सिंह 1 अंश | 4909 | 4911 | 4903 | 4911 |
| 150 | | 4922 | निजी | बाईद | | | 0.2756 | धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो,बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अग्रवाल वो दुर्गा देवी पति स्व० गजानंद अग्रवाल – 1 अंश समान | 4129 | 4921 | 4918 | 4923 |
| 151 | | 4922 | निजी | बाईद | | | 0.178 | अघुरु जिंदल वो कृष्णा जिंदल पिता स्व० जीतराम जिंदल 1 अंश समान वो प्रकाश चन्द जिंदल पिता स्व० रौनक राम जिंदल 1 अंश | 4129 | 4921 | 4918 | 4923 |
| 152 | | 4922 | निजी | बाईद | 0.62 | 0.62 | 0.069 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4129 | 4921 | 4918 | 4923 |
| 153 | 162 | 4922 | निजी | बाईद | | | 0.069 | सुबोध सिंह पिता स्व० सुरेन सिंह | 4129 | 4921 | 4918 | 4923 |
| 154 | | 4922 | निजी | बाईद | | | 0.028 | रामदेव सिंह वो निरंजन सिंह वो चंद्रदेव सिंह वो राजू सिंह माता स्व० चम्पा देवी 1 अंश समान अर्जुन सिंह माता स्व० लतिका देवी पिता स्व० जोगी सिंह 1 अंश | 4129 | 4921 | 4918 | 4923 |
| 155 | | 4945 | निजी | बाईद | | | 0.2956 | धीरेन्द्र कुमार अगरवाला वो महेंद्र कुमार अगरवाला वो प्रदीप कुमार अगरवाला वो मनोज कुमार अगरवाला वो,बिकास कुमार अगरवाला पिता स्व० गजानंद अग्रवाल वो दुर्गा देवी पति स्व० गजानंद अग्रवाल – 1 अंश समान | 4946 | 5192 | 4944 | 4946 |
| 156 | | 4945 | निजी | बाईद | 0.76 | 0.76 | 0.06 | मनोज मंडल वो माधव मंडल पिता स्व० हलधर मंडल वो सजनी मंडल पति स्व० हलधर मंडल 1 अंश समान, उत्तम धिबर वो किरीटी धिबर वो राम कृष्णा धिबर वो गौतम धिबर पिता स्व० आशुतोष धिबर 1 अंश समान | 4946 | 5192 | 4944 | 4946 |
| 157 | | 4945 | निजी | बाईद | | | 0.4044 | जगरनाथ मुखर्जी पिता स्व० सत्यपद मुखर्जी | 4946 | 5192 | 4944 | 4946 |
| कुल रकवा (एकड़ में) | | | | | | | **19.82** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपतियों के सुनने और अधिनियम स०–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गए है, जिसका संक्षित विवरण निम्नवत है :–

कुल प्रभावित परिवारों की संख्या – 2361 पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र – मौजा –आसनबनी, मौजा सं. – 192, अंचल बलियापुर, जिला धनबाद में 41.66 एकड़ यानि – 16.859 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। जिला भू–अर्जन धनबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार निचे दिए गए है

ह0/–
**उपायुक्त, धनबाद**

**PR 338522 Land Reforms(24-25).D**

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## हरियाणा की जीत मोदी-शाह के लिए नया बूस्टर डोज

हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनने जा रही है। हरियाणा के नतीजों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को एक नया बूस्टर डोज दिया है। हरियाणा की यह जीत भारतीय जनता पार्टी संगठन की भगदड़ को रोकने के लिए भी एक बूस्टर डोज का काम करेगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी में भगदड़ की स्थिति देखने को मिली थी। हरियाणा की इस जीत से भाजपा को महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में एक नई मजबूती मिलना तय है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव ने भाजपा को ताकतवर बना दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव का एक असर यह भी पड़ेगा, राज्यों में और केंद्र में भाजपा के जो सहयोगी दल हैं। उन्हें नियंत्रित करके रख पाने में अब प्रधानमंत्री मोदी सफल होंगे। इसकी एक बानगी दिख गई है, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरियाणा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। हरियाणा के चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के लिए एक सबक के रूप में भी देखे जा रहे हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट एनसीपी शरद पवार झारखंड मुक्ति मोर्चा इत्यादि के साथ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस को विशेष सतर्कता बरतने का संदेश दे दिया है। लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद माना जा रहा था, कि भारतीय जनता पार्टी बहुत कमजोर हो गई है। मोदी और शाह को लगातार संगठन के अंदर से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर भी संघ परिवार ने दबाव बना लिया था। हरियाणा विधानसभा की जीत के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा संगठन में ताकतवर होकर उभरे हैं। सभी जगह यह माना जा रहा था, हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार तय है। लेकिन हरियाणा की हारी हुई बाजी को जीतकर एक बार फिर नरेंद्र मोदी ने अपना जादू भाजपा संगठन और संघ परिवार को बता दिया है। इस जादूई करिश्मा के बाद संघ परिवार के लिए भी बहुत आसान नहीं होगा, कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपेक्षा कर सकें। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम ने देश में एक नया राजनीतिक ध्रुवीकरण तैयार कर दिया है। चुनाव केवल धर्म और जाति के आधार पर नहीं लड़े जा सकते हैं। हरियाणा जैसे राज्य में जाट और गैर जाट का नारा देकर भाजपा ने एक नई रणनीति तैयार की है। इस नतीजे से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को सबक लेने की जरूरत है। जीत के 1000 कारण बताए जा सकते हैं। हार के भी 1000 कारण बताये जा सकते हैं। लेकिन जो जीता वही सिकंदर होता है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिकंदर के रूप में सामने आए हैं। उनकी जीत के जो कारण बताए जा रहे हैं। वह सही हैं या नहीं इसको लेकर कोई अंतिम तथ्य स्थापित नहीं किया जा सकता है। हां हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर चुनाव आयोग, ईवीएम मशीन की बैटरी और चुनाव आयोग की भूमिका एक बार फिर चर्चाओं में आ गई है। भारत का चुनाव आयोग किस तरह से काम कर रहा है। उस पर कैसे विश्वास किया जा सकता है। इसको लेकर पहले भी कई बार आरोप-प्रत्यारोप लग चुके हैं। पहले कोई भी राजनीतिक दल इस मामले में खुलकर सामने नहीं आया था। एडीआर और स्वयंसेवी संगठन ईवीएम मशीन और चुनाव आयोग की भूमिका पर आंदोलन-प्रदर्शन कर रहे थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अब कांग्रेस ने चुनाव आयोग को निशाने पर लिया है। चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। चुनाव आयोग किसी की सुनता नहीं है। चुनाव आयोग में की गई शिकायतों पर आयोग चुप्पी साध लेता है। न्यायपालिका में भी सुनवाई नहीं होती है। ऐसी स्थिति में आगे कुछ होगा, इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बहरहाल अभी राजनीति के समीकरण वर्तमान सत्ता के पक्ष में हैं। न्यायपालिका और चुनाव आयोग भी सरकार से प्रभावित है। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है। समरथ को नहीं दोष गुसाईं। अभी समर्थता सत्ता पक्ष के पास में है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुए व्यक्ति जो करना चाहते हैं, वह कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसी चमत्कार अथवा न्याय-अन्याय की आशा करना पूर्णरुप से बेमानी है।

## पत्रकारों की स्वतंत्रता को बल देती सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**ललित गर्ग**

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध सिर्फ इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किया जाना चाहिए और संविधान के अनुच्छेद-19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर सत्ताधीशों को आईना ही दिखाया है कि सरकार की रीति-नीतियों व निर्णयों की आलोचना करना पत्रकारों का अधिकार है। यह टिप्पणी उन पत्रकारों के लिये जहां राहतकारी है, वही पत्रकारिता को अधिक निडर, निर्भीक एवं बेवाक तरीके से अपना धर्म को निभाने को प्रेरित करती है। असल में विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के खिलाफ मुखर आलोचनात्मक होने पर पत्रकार दमन का शिकार बने हैं। कई राज्यों में उनकी गिरफ्तारी भी हुई, मारपीट हुई और गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी दिखायी गई। कई पत्रकारों के संदिग्ध परिस्थितियों का शिकार बनने की खबरें भी यदा-कदा आती रहती हैं। यहां तक कि कुछ पत्रकारों पर उन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये जाते हैं, जो कि राष्ट्र विरोधी तत्वों के खिलाफ दर्ज होते हैं। हद तो तब हो जाती है जब मुकदमें गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत भी दर्ज होते हैं। ऐसे मामलों में पत्रकारों की जमानत कराना भी टेढ़ी खीर बन जाती है। निश्चित तौर पर ऐसे कदम पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से प्रेरित होकर ही उठाये जाते हैं। निश्चय ही उन निर्भीक पत्रकारों के लिये सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी सुकून देने वाली है, जो राजनीतिक दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के शिकार बने हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में पत्रकार विभिन्न संकटों को झेलते हुए हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करते हैं। पत्रकार केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। पत्रकार देश की राजनीति, सरकारों और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार के विरुद्ध दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान की, उसने लोकतांत्रिक देश में विचार व्यक्त करने की आजादी का सम्मान किये जाने की बात कहकर पत्रकारों को अधिक प्रखर, निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण होकर अपना धर्म निभाने का रास्ता साफ किया है। देखना है कि अदालत के इस फैसले का सरकारों एवं राजनीतिक दलों पर कितना असर होता है? अक्सर नेता, अधिकारी एवं मंत्री आलोचना बर्दाश्त न करके मीडियाकर्मियों के खिलाफ आक्रामक हो जाते हैं। अक्सर वे अपनी ताकत का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारों को दबाने एवं अपनी शर्तों पर पत्रकारिता कराने को बाध्य करते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी में देखने को मिली जब उन्होंने प्रेस वार्ता में एक महिला पत्रकार को बेहूदे तरीके से किसी पार्टी विशेष की पक्षधर होने का आरोप लगाया, इसी तरह अखिलेश यादव ने भी एक पत्रकार को भला-बूरा कहा। ये दृश्य समूचे देश ने देखें।

यह एक स्वस्थ, आदर्श एवं जागरूक लोकतंत्र राष्ट्र के लिये अच्छा है कि अदालतें समय-समय पर अभिव्यक्ति की आजादी को संबल प्रदान करते हुए निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को बल देती रही है। लेकिन विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे राजनेता एवं सरकारें रह-रहकर पत्रकारों को डराने-धमकाने से बाज नहीं आते। हम देश में आम जनमानस को भी इतना जागरूक एवं सतर्क नहीं कर पाये कि वे अपने निष्पक्ष सूचना पाने के अधिकार के प्रति जागरूक हो सकें। यही वजह है कि सच्चाई से पर्दा उठाने की कोशिश में वह निर्भीक पत्रकार के बचाव में खड़े नजर नहीं आते। वे ध्यान नहीं रखते कि उनके हित से जुड़ा कुछ सच सत्ताधीश छुपाना चाहते हैं। गलत नीतियां एवं भ्रष्टाचार इसीलिये पनपता है।

# बेहतर दुनिया बनाने के लिये मन को स्वस्थ करना जरूरी

**ललित गर्ग**

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस- 10 अक्टूबर



मन की स्वस्थता शरीर की स्वस्थता से भी ज्यादा जरूरी है, क्योंकि जीवन की पूर्णता, सार्थकता एवं सफलता मानसिक स्वास्थ्य पर ही निर्भर है। मन से स्वस्थ व्यक्ति ही दुनिया का सबसे धनी व्यक्ति हो सकता है। मन स्वस्थ रहे एवं आगे से आगे मानसिक स्वास्थ्य बढ़ता जाये, इसी उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर साल 10 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिवस मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालने, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने वाले लोगों का समर्थन करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस का महत्व मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक प्राथमिकता बनाने के अपने मिशन में निहित है। यह दिन मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहल को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2024 के लिए थीम 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य' की घोषणा की है। मानसिक स्वास्थ्य मानसिक तंदुरुस्ती की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह से सीखने और काम करने तथा अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का एक अभिन्न अंग है जो निर्णय लेने, संबंध बनाने और जिस दुनिया में हम रहते हैं उसे आकार देने की हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक क्षमताओं को रेखांकित करता है। सुरक्षित, मनोरम, हास्यवर्द्धक, भाररहित, सहायक कार्य वातावरण मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सुरक्षात्मक भूमिका निभाते हैं। हालाँकि भेदभाव, उत्पीड़न, असुरक्षित और खराब कार्य स्थितियों जैसी अस्वस्थ स्थितियाँ मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकती हैं। ये चुनौतियाँ जीवन की समग्र गुणवत्ता, कार्य भागीदारी और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को ताजा करने और एक स्वस्थ और खुशहाल कार्य वातावरण बनाने की ज्यादा अपेक्षा है। शोध के अनुसार, 6 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव करता है और हर साल 12 बिलियन कार्य दिवस अवसाद, तनाव और चिंता के कारण बर्बाद हो जाते हैं। देश में कार्यस्थलों में बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की स्पष्ट आवश्यकता है, जिससे न केवल व्यक्ति को बल्कि संगठन को भी लाभ होगा। वास्तव में, जो कर्मचारी खुश रहते हैं वे 13 प्रतिशत अधिक उत्पादक होते हैं, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना व्यावसायिक रूप से समझदारी है। मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकता है। जैसे शरीर की सफाई दिन में कई बार आवश्यक है, वैसे ही मन की सफाई कई बार होनी चाहिए। मिल या अन्य औद्योगिक ईकाइयों में काम करने वालों का कपड़ा थोड़ा-थोड़ा करके शाम तक खराब हो जाता है, वैसे ही मन भी कार्यस्थलों पर तरह-तरह के संकटों, तनावों एवं परेशानियों से खराब होता है। इसके लिये लंबी, गहरी सांस से मानसिक स्वास्थ्य की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मन से लड़े नहीं, बल्कि उसे समझाएं। प्रमोदभाव-गुणात्मक दृष्टि का विकास करें। मन को वॉचमैन बनाकर रखिये। क्योंकि जीने का वास्तविक अर्थ है हर पल स्वयं के द्वारा स्वयं का निरीक्षण। देखना है कि मन कब राग-द्वेष, तनाव, अवसाद, विकास एवं कुंठाग्रस्त हो रहा है। कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है। कार्यस्थल पर बढ़ते तनाव और उससे जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ, नियोक्ताओं के लिए अपने कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और उसे प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। अध्ययनों से पता चला है कि कार्यस्थल पर ज्यादा से ज्यादा कर्मचारी दबाव और तनाव महसूस कर रहे हैं और इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। 55 प्रतिशत कर्मचारियों को लगता है कि उनका काम ज्यादा तीव्र और मांग वाला होता जा रहा है। इसके अलावा, शोध से पता चलता है कि ब्रिटेन के पाँच में से एक कर्मचारी ने कार्यस्थल पर तनाव और दबाव को प्रबंधित करने में असमर्थता महसूस की। लगभग ऐसी ही स्थितियां भारत में भी देखने को मिल रही है। भारी कार्यभार, तंग समय सीमा और सहायता की कमी जैसे तनाव कर्मचारियों में चिंता, तनाव, अवसाद और बर्नआउट का कारण बन सकते हैं। कई कर्मचारी कमजोर समझे जाने, संभावित रूप से अपनी नौकरी खोने या मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी परेशानियों के कारण मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करने से डरते हैं। नियोक्ता अपने कर्मचारियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की आम बात को तेजी से पहचान रहे हैं और कर्मचारियों को उनके मानसिक स्वास्थ्य को समझने और प्रबंधित करने में मदद करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। भारत में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो-साइंसेज के आँकड़ों के अनुसार, ज्ञान की कमी, मानसिक बीमारी के कलंक और देखभाल की उच्च लागत जैसे कई कारणों की वजह से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों की देखभाल सेवाओं तक पहुँच नहीं है। वर्ष 2012-2030 के दौरान मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण 1.03 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को प्रायः कलंकित किया जाता है और गलत समझा जाता है। कई व्यक्ति एवं परिवार सामाजिक भेदभाव के डर और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण मदद लेने से झिझकते हैं। स्त्रियों एवं पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य में असमानताओं में उनके लैंगिक भिन्नताओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। भारत में महिलाओं को अवसाद, चिंता और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है तथा उनके पास मदद मांगने हेतु स्वायत्तता अक्सर सीमित होती है। गरीबी और आर्थिक असमानता मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वृद्धि में योगदान देती है। वित्तीय अस्थिरता के चलते तनाव और शैक्षिक अवसरों की सीमितता भी मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकती है।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य के समान रूप से महत्वपूर्ण घटक हैं। उदाहरण के लिए, अवसाद कई प्रकार की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी दीर्घकालिक स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है। इसी तरह, पुरानी स्थितियों की उपस्थिति मानसिक बीमारी के जोखिम को बढ़ा सकती है। प्रतिकूल बचपन के अनुभव, जैसे आघात या दुर्व्यवहार का इतिहास उदाहरण के लिए, बाल दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, हिंसा देखना, आदि। अन्य चल रही दीर्घकालिक चिकित्सा स्थितियों से संबंधित अनुभव, जैसे कि दर्दनाक मस्तिष्क की चोट, कैंसर, या मधुमेह। मस्तिष्क में जैविक कारक या रासायनिक असंतुलन, शराब या नशीली दवाओं का उपयोग, अकेलेपन या अलगाव की भावना होना आदि मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मन को बीमार करने के ये कुछ कारण है। मन हमारे व्यक्तित्व का दर्पण है। मन अच्छा है तो मानव अच्छा है। मन बुरा है तो मानव बुरा है। हम दुनिया से भाग सकते हैं, उसे वश में कर सकते हैं, परन्तु मन से भागना और उसे वश में करना कठिन है। मन की सरलता सुख है और उसकी कुटिलता दुख है। मानसिक रोगों से ग्रस्त व्यक्ति मन को धैर्य के साथ, आत्मीयता के साथ समझे, उसे शांत करें। मन को सीरियस रोगी न बनायें। बाहरी प्रदूषण को मिटाने का प्रयास प्रशासन कर सकता है, किन्तु मन के प्रदूषण को मन का शासन, खुद पर खुद का शासन ही मिटा सकता है।

भारत में वृद्धों की जनसंख्या में तीव्र वृद्धि को देखते हुए उनके लिये बेहतर मानसिक स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। अकेलापन, अवसाद और मनोभ्रंश अधिक उम्र के वयस्कों के बीच आम चिंताएँ हैं। प्राकृतिक आपदाओं तथा अन्य दर्दनाक घटनाओं का मानसिक स्वास्थ्य पर स्थायी प्रभाव पड़ सकता है। भारत बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं के प्रति काफी संवेदनशील है, इसके कारण मानसिक आघात तथा अभिघात-उपरांत तनाव विकार हो सकता है। विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में अधिक मानसिक स्वास्थ्य क्लीनिक और सुविधाओं के निर्माण में निवेश करना चाहिये। मनोचिकित्सकों, मनोवैज्ञानिकों और परामर्शदाताओं सहित अधिक मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और उनकी भर्ती करना जरूरी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच विषमता को पाटने तथा पहुँच बढ़ाने के लिये टेलीमेडिसिन एवं ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना चाहिये।

# कुमारी पूजन से खुश हो जाती है मां!







**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

### दुर्गा अष्टमी पर विशेष

शारदीय नवरात्र पर मां को खुश करने का फलदायी महत्व है।तभी तो देवी उपवास में कुमारी पूजन को परम आवश्यक माना गया है।

तभी तो श्री दुर्गा सप्तशती का विधिपूर्वक पूजन करने के लिए मंत्र

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।

नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्।उच्चारित कर

पंचोपचार पूजन करके यथाविधि श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करना चाहिए। सामर्थ्य हो तो नवरात्रि में प्रतिदिन, अन्यथा समाप्ति के दिन नौ कुमारियों के चरण धोकर उन्हें देवी रूप मानकर गंध-पुष्पादि से अर्चन कर श्रद्धा भाव के साथ यथारुचि मिष्ठान भोजन कराना चाहिए एवं वस्त्रादि से उनका सत्कार करना चाहिए।

कुमारी पूजन में दस वर्ष तक की कन्याओं का अर्चन विशेष महत्व रखता है। दो वर्ष की कन्या कुमारी, तीन वर्ष की त्रिमूर्तिनी, चार वर्ष की कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, छः वर्ष की काली, सात वर्ष की चंडिका, आठ वर्ष की शाम्भवी, नौ वर्ष की दुर्गा और दस वर्ष वाली सुभद्रा स्वरूपा मानी जाती है।

दुर्गा पूजा में प्रतिदिन की पूजा का विशेष महत्व है जिसमें प्रथम शैलपुत्री से लेकर नवम् सिद्धिदात्री तक नव दुर्गाओं की नव शक्तियों का और स्वरूपों का विशेष अर्चन किया जाता है।

दुर्गा सप्तशती की व्याख्या करे तो

दुर्गा अर्थात दुर्ग शब्द से दुर्गा बना है , दुर्ग =किला ,स्तंभ , शप्तशती अर्थात सात सौ | जिस ग्रन्थ को सात सौ श्लोकों में समाहित किया गया हो उसका नाम शप्तशती है |

जो कोई भी इसका पाठ करेगा "माँ जगदम्बा" की उसके ऊपर असीम कृपा होती है ऐसी मान्यता है|

इस बारे में एक कथा भी है कि "सुरथ और "समाधी " नाम के राजा एवं वैश्य का मिलन किसी वन में होता है ,और वे दोनों अपने मन में विचार करते हैं, कि हमलोग राजा एवं सभी संपदाओं से युक्त होते हुए भी अपनों से विरक्त हैं ,किन्तु यहाँ वन में, ऋषि के आश्रम में, सभी जीव प्रसन्नता पूर्वक एकसाथ रहते हैं | यह आश्चर्य लगता है ,कि क्या कारण है ,जो गाय के साथ सिंह भी निवास करता है, और कोई भय नहीं है,जब हमें अपनों ने परित्याग कर दिया, तो फिर अपनों की याद क्यों आती है ?

उन्हें ऋषि के द्वारा यह ज्ञात होता है ,कि यह उसी " महामाया " की कृपा है ,जिसे मां दुर्गा के रूप में पूरा संसार जानता है।इस पर वे दोनों " दुर्गा" की आराधना करते हैं ,और "शप्तशती " के बारहवे अध्याय में आशीर्वाद प्राप्त करते हैं ,और अपने परिवार से उनका मिलन भी हो जाता हैं |

दुर्गा सप्तशती पाठ करने से अलग अलग अध्य्याय का अलग अलग लाभ बताया गया है।जैसे प्रथम अध्याय- हर प्रकार की चिंता मिटाने के लिए।

द्वितीय अध्याय- मुकदमा झगडा आदि में विजय पाने के लिए।

तृतीय अध्याय- शत्रु से छुटकारा पाने के लिये।

चतुर्थ अध्याय- भक्ति शक्ति तथा दर्शन के लिये।

पंचम अध्याय- भक्ति शक्ति तथा दर्शन के लिए।

षष्ठम अध्याय- डर, शक, बाधा हटाने के लिये।

सप्तम अध्याय- हर कामना पूर्ण करने के लिये।

अष्टम अध्याय- मिलाप व वशीकरण के लिये।

नवम अध्याय- गुमशुदा की तलाश, हर प्रकार की कामना एवं पुत्र आदि के लिये।

दशम अध्याय- गुमशुदा की तलाश, हर प्रकार की कामना एवं पुत्र आदि के लिये।

एकादश अध्याय- व्यापार व सुख-संपत्ति की प्राप्ति के लिये।

द्वादश अध्याय- मान-सम्मान तथा लाभ प्राप्ति के लिये।

त्रयोदश अध्याय- भक्ति प्राप्ति के लिये।लेकिन चिंतन का विषय यह भी है कि इतनी पूजा पाठ के बाद भी आज शायद ही ऐसा कोई धर हो या बस्ती जहां नारी जिसे देवी माना गया है वह स्वयं को पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर सके। जबकि नारी के बिना समाज की कल्पना नही की जा सकती।पुरूष प्रधान कहे जाने वाले इस समाज में नारी देवी के रूप में पुजनीय है। नारी को शक्ति स्वरूपा भी कहा गया है। लेकिन जब नारी को सम्मान देने की बारी आती है तो लोगो का पुरूषोत्व जाग उठता है और नारी फिर भोग्या समझ ली जाती है। हालाकि देश में रानी लक्ष्मीबाई समेत अनेक ऐसी विरांगनाएं हुई हैं, जिन्होंने राष्टभक्ति और बहादुरी का इतिहास रचा तथा नारी को आत्मस्वाभिमान के सिहासंन पर बैठाया। वहीं नारी को ममता की मूरत बताते हुए उसे कोमल हृदय कहा जाता है।लेकिन फिर भी नारी का सम्मान और उसका अस्तित्व खतरे में है।

नारी को या तो कन्या भ्रूण हत्या के रूप में जन्म लेने से पहले ही समाप्त किया जा रहा है या फिर उसे दहेज की बलिवेदी पर जिंदा जला दिया जाता है। हद तो यह है कि नारी को जन्म लेने से पहले ही मार डालने और अगर जिंदा बच जाए तो विवाह होने पर दहेज के लिए प्रताडित करने में अधिकतर नारियों की भूमिका रहती है। हालांकि कहीं कहीं पुरूष भी पति देवर जेठ व ससुर के रूप में नारी को प्रताडित करने से बाज नहीं आते।सबसे पहले हमें अपने घर,आसपास, गांव शहर जहां भी नारी वजूद में है,उनका सम्मान करना चाहिए ,तभी नवरात्र का आध्यात्मिक व धार्मिक महत्व सार्थक हो सकता है।मौजूदा वासंतिक नवरात्र को सार्थक करने के लिए शास्त्रो में नवरात्र के पहले दिन मुखनिर्मालिका देवी के दर्शन का विधान है। कहते हैं देवी के निर्मल मुख के दर्शन से व्यक्ति के जीवन में भी निर्मलता का भाव उत्पन्न होता है। शक्ति के उपासक इस दिन शैलपुत्री देवी का दर्शन भी करते हैं।

दूसरा स्थान ज्येष्ठा गौरी का है। ज्येष्ठा गौरी के दर्शन पूजन से व्यक्ति की समस्त सद्कामनाएं पूर्ण होती हैं। ज्येष्ठा गौरी के दर्शन-पूजन से मुख्यतः व्यक्ति के हृदय में धर्म के प्रति अनुराग बढ़ता है।

वासंतिक नवरात्र की तृतीया तिथि पर सौभाग्य गौरी के दर्शन का विधान है। देवी के इस स्वरूप के दर्शन से व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य की वृद्धि होती है। कहते हैं 108 दिन लगातार देवी के दर्शन से मनोरथ विशेष अवश्य पूर्ण होता है।

वासंतिक नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर श्रृंगार गौरी के दर्शन पूजन का विधान है। मूलतः श्रृंगार गौरी वैभव और सौंदर्य की देवी हैं।

गौरी के विशालाक्षी स्वरूप का दर्शन पूजन वासंतिक नवरात्र में पंचमी तिथि पर किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि देवी विशालाक्षी के दर्शन से जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। देवी का कमल के पुष्प अति प्रिय हैं।

वासंतिक नवरात्र की षष्ठी तिथि पर ललिता गौरी के दर्शन पूजन का विधान है। कहते हैं देवी की आराधना से व्यक्ति को ललित कलाओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त होती है। अडुहुल का फूल देवी को विशेष रूप से प्रिय है।

वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन भवानी गौरी का दर्शन पूजन किया जाता है।बहुत से लोग इस दिन कालरात्रि देवी के दर्शन-पूजन भी करते हैं।

वासंतिक नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मंगला गौरी का दर्शन पूजन किया जाता है। देवी के दुर्गा स्वरूप की आराधना करने वाले भक्त इस दिन महागौरी अन्नपूर्णा के दर्शन करते हैं। मंगला गौरी का एक मंदिर काशी विश्वनाथ मंदिर में भी है। कहते हैं देवी की आराधना से व्यक्ति के समस्त प्रकार के अमंगलों का क्षय हो जाता है।

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि पर महालक्ष्मी गौरी के दर्शन-पूजन का विधान है। कहते हैं किसी भी नवमी तिथि पर देवी के दर्शन का फल कई गुना बढ़ जाता है। देवी की कृपा होने पर व्यक्ति को धन की कमी नहीं होती।लेकिन इस पूजा और देवी दर्शन का तभी लाभ है जब हम कन्या की रक्षा और उसके सम्मान का संकल्प आज के दिन ले।तभी शक्ति स्वरूपा देवी मां प्रसन्न होगी।

आज कन्याओं का पूजन
हो रहा है घर घर में
नन्ही मुन्नी कन्याओ को
भोजन कराया जा रहा घर घर में
सबसे पहले मेरे घर आएं देवियाँ
सवेरे से यही होड़ मची है घर घर में
देवी साधक अधिक है
और कन्याएं रह गई कम
अब कहा से लाये कन्याये
यह चिंता बड़ी है घर घर में
दुर्गा अष्टमी पर माँ दुर्गा को
खुश करना आसान है
कन्या भूर्ण की रक्षा हो
यही एक फरमान है
जब भी कन्या को जन्म लेने से
रोकना रुक जायेगा
माँ दुर्गा की साधना का
संकल्प पूरा हो जायेगा।

## झाड़ू लगा रही महिला को तेज रफ्तार कार ने लिया चपेट में, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

दुमकाः घटना दुर्घटना कभी कह कर नहीं आता. उत्सवी माहौल कब गम में तब्दील हो जाए, किसी को पता नहीं. शारदीय नवरात्र का त्यौहार चल रहा है. हर तरफ भक्तिपूर्ण माहौल है. इस सबके बीच दुमका जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र में घर के बाहर झाड़ू लगा रही एक महिला को तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार ने अपनी चपेट में ले लिया. जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गयी. घटना के बाद स्थल पर कुछ देर के लिए सड़क जाम की स्थिति बन गयी. वाहनों की लंबी कतार लग गयी. सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. घायल महिला की पहचान खसिया गांव की रहने वाली 38 वर्षीय सुनीता देवी के रूप में हुई है.जानकारी के अनुसार महिला अपने घर के सामने झाड़ू पोछा का काम कर रही थी तभी नोनीहाट की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार ने महिला को जोरदार ठोकर मार दिया. घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. वहीं घटना के बाद हंसडीहा थाना की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## अपने दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी रखें

दुमकाःविधानसभा चुनाव 2024 को लेकर समाहरणालय सभागार में एफएसटी,वीएसटी,एसएसटी एवं एक्सपेंडिचर टीम का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अपने दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी रखें ताकि कर्तव्यों के निर्वहन में कठिनाई नहीं हो।उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य हेतु गठित सभी टीम की अपनी एक अहम भूमिका होती है।बिना किसी त्रुटि के सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें इस हेतु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस दौरान उन्होंने आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।कोषागार पादधिकारी ने एक्सपेंडिचर टीम को कई आवश्यक जानकारियां दी। बैठक में प्रशिक्षण कोषांग के पादधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में कृषि विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कृषि एवं सम्बद्ध विभागों से संबंधित संचालित विभिन्न योजनओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही योजना अन्तर्गत उप योजना वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (आरएडी) तथा एफपीओ को मजबूती एवं प्रोत्साहन करने हेतु योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा की गई। वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (आरएडी) योजनान्तर्गत ग्राम सभा द्वारा प्राप्त लाभुक सूची का अनुमोदन जिला मिशन समिति दुमका की बैठक द्वारा सम्पन्न की गई। बैठक का मुख्य एजेण्डा एफपीओ इक्वीटि मैचिंग ग्राण्ट स्किम के लाभुकों का अनुमोदन प्राप्त करना तथा वर्षा आधारित क्षेत्र विकास (आरएडी) तहत कार्य योजना एवं ग्राम सभा द्वारा प्राप्त लाभुकों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना था।बैठक के दौरान वन प्रमण्डल पदाधिकारी, दुमका, जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका (सदस्य सचिव), जिला पशुपालन पदाधिकारी, दुमका, जिला मत्स्य पदाधिकारी, दुमका, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, दुमका, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, दुमका, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, दुमका, सहायक बीज परीक्षण पदाधिकारी, दुमका, प्रभारी परियोजना निदेशक आत्मा, दुमका, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, शिकारीपाड़ा एवं मसलिया एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने डोकरा कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रशंसा की

दुमकाः उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा के कार्यालय कक्ष में ग्राम-जबरदाहा, प्रखण्ड शिकारीपाड़ा एवं ग्राम-जागुडीह, प्रखण्ड- दुमका के डोकरा कलाकारों द्वारा अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन उप विकास आयुक्त के समक्ष किया गया। उक्त कलाकरों द्वारा उप विकास आयुक्त से डोकरा कला को विस्तार देने एवं राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने हेतु सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग की मांग की गई। कलाकारों द्वारा डोकरा कलाकृतियों के निर्माण के क्रम में उत्पन्न होने वाले आर्थिक एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया। उक्त समस्याओं के निदान हेतु अनुरोध किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, दुमका को अविलम्ब उक्त कलाकारों को पी०एम० विश्वकर्मा योजना से आच्छादित करने का निदेश दिया गया तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जे०एस०एल०पी०एस० को निदेश दिया गया कि उक्त कलाकारों को नियमानुसार वित्तीय अनुदान / ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस को निदेश दिया गया कि उक्त डोकरा कलाकारों को श्रम विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक उपकरण तथा सेफ्टीकीट उपलब्ध करवायें। यह बैठक टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साईंसेस, मुंबई छात्रों द्वारा उनके ब्लॉक प्लेसमेंट फील्ड वर्क के अन्तर्गत आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा डोकरा कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रशंसा की गई उन्हें हर संभव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। डोकरा कला को प्रोत्साहित करने एवं प्रचलित करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त द्वारा डोकरा कला से जुड़े हुए गांवो को डोकरा गांव घोषित करने का सुझाव व्यक्त किया गया।

## स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत भारतीय रेल द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के नौवें दिन

धनबादः धनबाद मंडल में स्वच्छ आहार अभियान का आयोजन किया गया| इस अभियान के अंतर्गत, स्वास्थ निरीक्षकों द्वारा धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रनिंग रूम परिसरों में स्थित कैंटीन, फ़ूड स्टाल्स में गहन सफाई अभियान चलाया गया I धनबाद स्टेशन पर स्वास्थ निरीक्षकों द्वारा इन कैंटीनों, फ़ूड स्टाल्स इत्यादि में उपयोग किये जा रहे बर्तनों के सफाई के स्तर एवं कचरा प्रबंधन के तरीकों का निरीक्षण किया I साथ ही उन्हें कचरा के निष्पादन के लिए स्टेशन पर लगाये हुए सूखे कचरे , गीले कचरे एवं e-कचरे के कूड़ेदानों का उपयोग करने के निर्देश दिए I इन फ़ूड स्टाल्स एवं कैंटीनों में काम करने वाले वेंडर्स को रेलयात्रियों के लिए आहार बनाते वक्त मास्क एवं हैण्डग्लव्स का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए, ताकि रेलयात्रियों को स्वच्छ आहार उपलब्ध हो सके | इसके अलावे धनबाद स्टेशन के ट्रेनों में बिक्री करने वाले वेंडर्स को पैकेज्ड उत्पादों को आवश्यक रूप से MRP पर बेचने के निर्देश दिए गए, इसके साथ यात्रियों को भी MRP पर ही वस्तुओं को खरीदने की सलाह दी गयी |

# शहर में कई मिष्ठान एवं किराना दुकानों में छापेमारी स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं, होगी कार्रवाईःअमित



दुमकाः त्यौहारी समय में लोगों को मिलावटी सामान न मिले इसको लेकर दुमका में खाद्य सुरक्षा विभाग रेस है. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा को दुमका शहर में कई मिष्ठान एवं किराना दुकानों में छापेमारी की गई. नारायणी स्वीट्स सहित कई मिष्ठान दुकान से सैंपल कलेक्ट किया गया, जिसे जांच हेतु रांची भेजा जाएगा. वहीं एक किराना दुकान से काफी मात्रा में मधुसूदन ब्रांड का इंडस्ट्रियल कलर जप्त किया गया. साफ सफाई में लापरवाही बरतने वाले दो दुकानदारों से जुर्माना भी वसूल आ गया. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित राम ने बताया कि सभी कारोबारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिले. उन्होंने बताया कि मिठाई बनाने वाले खाद्य कार्यबारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि मिठाइयों को सुरक्षित एवं अत्याधुनिक, आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य औद्योगिक रंग का उपयोग नहीं करना है साथ ही एफएसएसएआई द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाइयों में तय मानक के अनुरूप उपयोग करना है. विभिन्न प्रकार के मिठाइयों में ग्लूकोज, आटा, मैदा, घी, रिफाइन, तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे. अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में एफएसएसएआई लाइसेंस रजिस्ट्रेशन नंबर का प्रमाण पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शना सुनिश्चित करेंगे. विभिन्न खाद्य पदार्थों का निर्माण करते समय सभी कारोबारी के द्वारा संबंधित मिठाई बनाने वाले होटल, ढाबा में हैंड ग्लव्स, बाल ढकने की टोपी एवं मास्क का उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे. खाद्य पदार्थ का समुचित साफ सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा कि निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थ में केमिकल कलर का प्रयोग करते पकड़े जाने पर अधिकतम एक लाख रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा. ग्राहकों से भी अनुरोध किया कि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी एक्सपायरी अथवा किसी प्रकार का अमानक खाद्य सामग्री दिया जाता है इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी से जरूर करें.

## अब 24 परगना में मासूम से दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच एसआईटी करेगी

कोलकाता,(ईएमएस)। कोलकाता में अभी ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या करने का मामला ठंडा नहीं हुआ है कि पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना के जयनगर में एक मासूम से दुष्कर्म-मर्डर कर दी गई थी। अब इस मामले की जांच के लिए ममता सरकार ने एसआईटी गठित की है। एक अधिकारी ने बताया कि एसआईटी का नेतृत्व बरुईपुर के एसपी करेंगे।

बता दें जयनगर के कृपाखाली इलाके के कुलटाली थाना क्षेत्र में 5 अक्टूबर को मासूम बच्ची का शव मिला था। वह चौथी क्लास की छात्रा थी। परिवार ने बच्ची से दुष्कर्म के बाद मर्डर का आरोप लगाया था। घटना के विरोध में भीड़ ने पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था और पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## एक "नए सफ़र की शुरुआत" कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से दिनाँक 09 अक्टूबर को लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में "एक नए सफ़र की शुरुआत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (एच आर - फाइनल सेटलमेंट) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ श्री कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी. पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर -01 के सर्किल हेड श्री राजेश श्रीवास्तव , सहायक महा प्रबंधक श्री एम के नेहरू तथा उनके टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. सुश्री फ़िज़ा परवीन, ओ.सी.टी. (एच आर -फाइनल सेटलमेंट) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (एच आर -फाइनल सेटलमेंट) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ.

## 22 वर्षीय युवक ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर दे दी जान

दुमकाःरामगढ़ थाना क्षेत्र के बौडिया पंचायत अंतर्गत कमारचक गांव में 22 वर्षीय प्रहलाद दर्वे ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना मंगलवार के देर शाम की है। रामगढ़ थाना पुलिस को मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल दुमका भेज दिया है। मृतक के पिता सुशील दर्वे घर पर नहीं है। वह बाहर मजदूरी करने गया हुआ है। मृतक अपने गांव में ही इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था। ग्रामीणों की मानें तो मृतक प्रहलाद को मोबाइल पर आंनलाइन जुआ खेलने की लत लग गई थी।जुआ खेलने के दौरान वह काफी पैसा हार गया था, जिसके कारण डीप्रेशन में रहा करता था। जुआ खेलने को लेकर हमेशा घर में कहा सुनी हुआ करती थी। मंगलवार को प्रहलाद दर्वे दोपहर का खाना खाने के बाद अपनी दुकान चला गया, जहां अंदर से दुकान बंद कर उसने फांसी लगा ली। काफी देर तक जब दुकान नहीं खुली तो परिजनों को कुछ शक होने के बाद किवाड़ खोलने के लिए बोला गया, मगर अंदर से कोई जबाब नहीं मिलने पर ग्रामीणों के साथ परिजनों ने मिलकर दरवाजा तोड़ा तो देखा प्रहलाद दर्वे फांसी के फंदे में झूल रहा है। आनन फानन में उसे नीचे उतारा गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## नवरात्री पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपाचो गांव स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में नवरात्री पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम उद्धघाटन निदेशक आईपी भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर आईपी भारती ने सभी को नवरात्रि की शुभकामना देते हुए कहा की दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। यह समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देता है।उन्होंने बताया की देवी दुर्गा की पूजा हमे सिखाती है की जीवन की कठिनाइयों का सामना शक्ति और संकल्प से करना चाहिए।प्राचार्या स्वाति रंजन ने कहा की देवी दुर्गा जिन्हे महिषासुर मर्दिनी के नाम से भी जाना जाता है।उन्होंने अपने शक्तिशाली रूपों के साथ महिशासुर से 9 दिनों तक युद्ध किया और अंततः उसे पराजित किया।इस अवसर पर विद्यालय में नृत्य, संगीत एवं नाटक का आयोजन किया गया।जिसके मुख्य प्रतिभागी पारी साहू, विदिसा, आरुषि, कृष्णा, दिव्या, भूमिका, करण, पंकज समेत अन्य ने अपने-अपने अभिनय से सबका मन मोह लिया।

## बी एस एल में ई. एस. जी. क्विज - 2024 कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट डी- कार्बोनाइजेशन के माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल हरित इस्पात का उत्पादन, सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा के तहत अपशिष्ट पदार्थों की री-साइकिलिंग सहित पर्यावरण अनुकूल संरक्षण हेतु कई अभिनव पहल कर रही है. इसी क्रम में मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ई. एस. जी. क्विज - 2024 का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद के द्वारा पारम्परिक तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.

ई. एस. जी. क्विज - 2024 में विभिन्न विभागों से कुल 31 टीमें शामिल थी. ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के महा प्रबंधक श्री एम के तिवारी तथा सुश्री नीता बा के मार्ग दर्शन में क्विज मास्टर के रूप में सहायक महा प्रबंधक श्री नितेश रंजन तथा श्री अमित आनंद ने अहम् योगदान किया. ई. एस. जी. क्विज - 2024 में श्री सौरव कुमार घोष , वरीय प्रबंधक (आर सी एल ) तथा श्री सुभम , प्रबंधक (आर सी एल) को प्रथम , मो. जानिशर इमाम , सहायक महा प्रबंधक(सी ई डी) तथा श्री परबेश मिंज,सहायक महा प्रबंधक(सी ई डी) को द्वितीय और श्री डी चौधरी , महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) तथा श्री राजीव गौतम , महा प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. श्री पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) ने सभी विजेताओं को पुरष्कार देकर उन्हें सम्मानित किया और कहाकि हमें भविष्य में भी इस प्रकार के क्विज कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए. ई. एस. जी. क्विज - 2024 को सफल बनाने में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के श्री ऋषिकेश रंजन, श्री एस सी मुर्मू , तथा सुश्री अनीता का अहम् योगदान था.

## जम्मू-कश्मीर चुनावः बीजेपी के उम्मीद और दावे नहीं आए काम, सिर्फ 29 सीटें जीतीं

नई दिल्ली,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा चुनाव संपन्न हो गए और उसके नतीजे भी आ गए जिसमें नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है वहीं परिणाम बीजेपी की उम्मीद के मुताबिक नहीं आए। वैसे तो बीजेपी को जम्मू क्षेत्र में बढ़त मिली लेकिन कश्मीर घाटी में पार्टी को सफलता नहीं मिली। 90 सीटों में से बीजेपी सिर्फ 29 सीटें ही जीत सकी। ये सभी सीटें जम्मू क्षेत्र की ही हैं। जम्मू क्षेत्र में कुल 43 विधानसभा सीटें हैं। वहीं कश्मीर क्षेत्र में बीजेपी को एक भी सीट नसीब नहीं हुई। यहां बीजेपी का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है।

जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों में नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42, बीजेपी को 29, कांग्रेस को 6, पीडीपी को 3, जेपीसी को 1, माकपा को 1, आप को 1 और निर्दलीय को 7 सीटें मिली हैं। बीजेपी को प्रदेश में सबसे ज्यादा वोट शेयर 25.64 फीसदी, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस को 23.43 फीसदी मिले हैं।

चुनाव विश्लेषक कहते हैं कि कश्मीर घाटी की 47 सीटों पर बीजेपी ने 19 उम्मीदवार ही खड़े किए थे। यानी 28 सीटों पर बीजेपी ने उम्मीदवार ही नहीं उतारे थे।

## धनबाद डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम लोयाबाद दुर्गा मंदिर पुजा पंडाल का निरक्षण कर सुरक्षा से सम्बंधित कई दिशा निर्देश दिये,



लोयाबाद। लोयाबाद दुर्गा मंदिर परिसर में बुधवार की शाम को धनबाद डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम पहुंचे,जहां लोयाबाद दुर्गा मंदिर पूजा पंडाल का निरक्षण कर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।साथ ही लोयाबाद दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से शांतिपूर्ण तरीके से माँ दुर्गा की पूजा अर्चना और प्रतिमा विसर्जन संपन्न कराने का दिशा निर्देश दिये।इस दौरान लोयाबाद दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकरी बिरेन्द्र पासवान,सोमन कुमार घोष,सुनील पांडेय,समेत अन्य समिति के सदस्यों से सुरक्षा सम्बंधित बिन्दुओं पर चर्चा किये। इसके अलावा पूजा के दरम्यान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार,सीसीटीवी कैमरे लगाने और महिला तथा पुरुषों की भीड़ को अलग-अलग कतारों में खड़ा कर पूजा का व्यावस्था करने की दिश निर्देश दिए।मौके पर लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार सहित पुलीस बल मौजूद थे।

# हेमंत सरकार देगी महिलाओं को हर माह 2500 रुपए

### चुनाव आयोग से मांगी झामुमो सम्मान योजना की अनुमति

रांचीः झारखंड में महिलाओं को हेमंत सरकार ने एक हजार रुपये सम्मान राशी देने की घोषणा जैसे ही की अब इसपर सियासी पारा बढ़ गया है. चुनाव से पहले इंडी गठबंधन मंईयां योजना को मास्टर स्ट्रोक मान कर चल रही थी.

लेकिन इस बीच भाजपा गोगो दीदी योजना लेकर आयी और दावा किया कि इस योजना के जरिए महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये देने का काम करेंगे. गोगो दीदी योजना का फॉर्म भी भरना शुरू कर दिया गया. लेकिन अब गोगो का तोड़ खोज झामुमो ने झामुमो सम्मान योजना की घोषणा कर दी. इसका फॉर्म भी जारी किया गया. जिसमें बताया गया है कि 2500 रुपये देंगे वह भी महीने की एक तारीख को.

देखें तो पहले हेमंत सरकार चुनाव से ठीक तीन महीने पहले मंईयां सम्मान योजना लेकर आयी. इस योजना के जरिए 18 साल से 59 साल की बेटी महिलाओं को हर माह 1000 सीधे खाते में भेजने का ऐलान कर दिया. हेमंत सोरेन के कैबिनेट से इस पर प्रस्ताव को मुहर लगी और बेटियों के खाते में पैसा जाना शुरू हो गया. लेकिन अब भाजपा गोगो दीदी योजना इस मंईयां सम्मान का तोड़ लेकर आयी और घोषणा कर दिया की हर महीने की 11 तारीख को 2100 देने का काम बीजेपी की सरकार करेगी. जब भाजपा सत्ता में आएगी तो पहले कैबिनेट की मीटिंग में इस प्रस्ताव को पास कर लिया जाएगा, लेकिन अभी से ही भाजपा ने सभी बूथ पर गोगो







दीदी योजना का फॉर्म भी भरवाना शुरू कर दिया गया. इस फॉर्म में महिलाओं का नाम पता मोबाइल नंबर लिया जा रहा है, खुद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इस योजना का फॉर्म अलग-अलग बूथ पर जाकर भरवा रहे हैं और 29 लाख महिलाओं को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है.

### क्या है झामुमो सम्मान योजना

बीजेपी की गोगो दीदी योजना को मात देने के लिए झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवा चाहती है. इस योजना के माध्यम से झामुमो वादा कर रही है कि वह हर महीने की 1 तारीख को राज्य की हर महिला को 2500 रुपए देगी. इस तरह से झामुमो वादा कर रही है कि वह हर साल महिलाओं के खाते में 30 हजार रुपए भेजेगी.

### चुनाव आयोग से मांगी झामुमो सम्मान योजना की अनुमति

झामुमो ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा और कहा कि बीजेपी लोगों से एक फॉर्म भरवा रही है जिसमें उनसे उनका नाम, मोबाइल नंबर, पता आदि जानकारियां पूछी जा रही है. झामुमो ने ज्ञापन में बोला है कि किसी भी तरह की मुफ्त चीजों के वितरण का वादा लोगों को प्रभावित करता है. झामुमो ने इसे बीजेपी का हंथकंडा बताया और कहा कि इस पर कार्रवाई होनी चाहिए और अगर गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाना सही है तो झामुमो को भी अनुमति दी जाए जिससे कि वह झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवा सके.

## 63 लाख के अवैध गांजा के साथ दबोचे गए दो तस्कर

महोबा(ईएमएस)।उत्तर प्रदेश मे महोबा जिले के कबरई क्षेत्र मे पुलिस की स्पेशल टास्क फ़ोर्स और नारकोटिक्स टीम ने एक संयुक्त कार्यवाही मे करीब 63 लाख रूपये कीमत के अवैध गांजा के साथ मादक पदार्थो के अंतर्राजयीय तस्कर गिरोह के दो तस्करो को गिरफ्तार किया गया है.

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया की एक गोपनीय सूचना पर एस टी एफ और नारकोटिक्स टीम ने कबरई के बांदा तिराहा मे वाहनो की चेकिंग करते हुये एक कंटेंनर CHO1TC 7986 को पकड़ा. जिसकी जांच पड़ताल मे भारी मात्रा मे गांजा बरामद किया गया. तस्करों द्वारा कंटेंनर मे ख़ुफ़िया तरीके से बैल्डिंग द्वारा तैयार कराये गए एक बॉक्स मे छिपा कर यह गांजा आंध्रप्रदेश के विशाखा पटनम से तस्करी करके लाया जा रहा था.सयुंक्त टीम द्वारा बरामद दो कुंतल 51 किलो ग्राम वजन के गांजा की कीमत 62.75 लाख रूपये है.

# स्पाइसजेट ने बीबीएएम के साथ सुलझाया विवाद

मुंबई (ईएमएस)। स्पाइसजेट ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी बैबकॉक एंड ब्राउन एयरक्राफ्ट मैनेजमेंट (बीबीएएम) के साथ 13.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विवाद सुलझाने की बुधवार को घोषणा की। स्पाइसजेट ने कहा, होराइजन एविएशन 1 लिमिटेड, होराइजन II एविएशन 3 लिमिटेड और होराइजन III एविएशन 2 लिमिटेड के साथ 13.18 करोड़ डॉलर (1,107 करोड़ रुपये) का विवाद 2.25 करोड़ डॉलर में सुलझाया गया है। ये सभी पट्टेदार बीबीएएम के प्रबंधन के अधीन हैं। कंपनी ने कहा, यह समझौता स्पाइसजेट के पिछले माह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के द्वारा 3,000 करोड़ रुपये की नई पूंजी प्राप्त करने के बाद किया। इससे स्पाइसजेट को अपना बही-खाते मजबूत करने और समग्र देनदारियों को कम करने में मदद मिली है। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, बीबीएएम के साथ यह समझौता हमें अपनी देनदारियों को काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। क्यूआईपी के द्वारा जुटाई गई धनराशि के साथ वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने, अपने बेड़े को बढ़ाने और अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।''

## म्युचुअल फंड के निवेश ने रोकी शेयर बाजार की गिरावट

### शेयर बाजार में 3 लाख करोड़ का निवेश

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली हो रही है। बिकवाली के कारण शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी हुई थी। शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए पहली बार म्युचुअल फंड ने शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर निवेश करना शुरू किया। लगभग 3 लाख करोड रुपए के निवेश से मंगलवार और बुधवार को शेयर बाजार की गिरावट रोकने मैं जहां सफलता मिली। वहीं शेयर बाजार में भारी तेजी के साथ शेयर कारोबार हुआ है। म्युचुअल फंड के निवेश करने के कारण मंगलवार को सेंसेक्स 585 अंक चढ़ा। बुधवार को भी शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। स्मॉल कैप, मिड कैप, और माइक्रो कैप के शेयरों मेंनिवेश होने से तेजी देखने को मिली। तीनों सेगमेंट के शेयरों में लगभग दो फ़ीसदी की तेजी से बाजार मे तेजी देखने को मिली। मंगलवार को भी विदेशी निवेशक बिकवाली करके बाजार से निकलते चले गए। म्युचुअल फंड खरीदारी करके बाजार को गिरने से रोकने में लगा रहा। भारतीय शेयर बाजार में म्युचुअल फंड अभी तक लगभग 3 लाख करोड रुपए का निवेश कर चुका है। मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम आए थे। जो भाजपा के पक्ष में थे। म्युचुअल फंड की खरीदारी, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की गिरावट के कारण शेयर बाजार में तेजी का वातावरण देखने को मिला।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आया बदलाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। वहीं इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है। कुछ जगहों पर दाम कम हुए हैं जबकि कुछ में बढ़े हैं। कर्नाटक, केरल और एमपी समेत अन्य प्रदेशों में पेट्रोल-डीजल के दाम घटे हैं। वहीं, असम, बिहार, छत्तीसगढ़ और गोवा समेत कुछ राज्यों में भी कीमतें बढ़ी हैं। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.75 रुपये प्रति लीटर पर है। लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर और जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है. चार महानगरों की बात करें तो केवल चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.85 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है।

## सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। त्यौहारी सीजन शुरु होते ही घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सोने और चांदी के वायदा कारोबार की सकारात्मक शुरुआत रही है। दोनों के वायदा भाव बढ़त के साथ खुले। आज सोने के वायदा भाव 75,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 89,100 रुपये के करीब कारोबार करते दिखे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के भाव बढ़े हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज उछलकर हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 10 रुपये की तेजी के साथ ही 75,171 रुपये पर खुला। इस समय ये 75,190 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 75,153 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने का वायदा भाव इस साल 76,630 रुपये के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 361 रुपये की तेजी के साथ 89,100 रुपये पर खुला। ये 89,161 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 89,085 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। कामेक्स पर सोना 2,640.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 2,635.40 डॉलर प्रति औंस था। इसके अलावा कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.86 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 30.60 डॉलर था। .

## नई स्पोर्ट्स बाइक जीएसएक्स-8आर लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में वाहन निर्माता कंपनी सुजुकी ने अपनी नई स्पोर्ट्स बाइक सुजुकी जीएसएक्स-8आर लॉन्च की है। जीएसएक्स-8आर ट्रायम्फ डेटोना 660, कावासाकी निंजा 650 और अप्रिलिया आरएस660 जैसी बाइक्स को कड़ी टक्कर देगी। इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 9,25,000 रुपये रखी गई है। इस बाइक में 776सीसी का पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है, जो 82पीएस की पावर और 78 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है और इसमें बाई-डायरेक्शनल क्विकशिफ्टर भी है, जो गियर शिफ्टिंग को आसान बनाता है। इसके ब्रेकिंग सिस्टम में 310एमएम फ्रंट डुअल डिस्क और 240एमएम रियर डिस्क शामिल है, जो बेहतर सुरक्षा और कंट्रोल प्रदान करते हैं। इसकी आधुनिक तकनीक और शानदार फीचर्स इसे भारतीय बाजार में एक मजबूत विकल्प बनाते हैं। सुजुकी जीएसएक्स-8आर में डुअल-चैनल एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, विभिन्न राइडिंग मोड्स, आसान स्टार्ट सिस्टम और लो आरपीएम असिस्ट जैसे एडवांस फीचर्स दिए गए हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आरबीआई के ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने के फैसले से भी बाजार पर दबाव बढ़ा है। इसके अलावा दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर 1 फीसदी से अधिक गिरे जिससे भी बाजार पर दबाव आया है।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.21 अंक करीब 167.71 अंक नीचे आकर 81,467.10 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 31.20 अंक तकरीब 0.12 फीसदी टूटकर 24,981.95 के स्तर पर बंद हुआ।

आज चीन के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। चीन की आर्थिक इकाई ने किसी बड़े प्रौत्साहन पैकेज की घोषणा नहीं की जिससे भी बाजार पर दबाव आया। इसका प्रभाव भारतीय बाजार पर भी पड़ा।

आज निफ्टी एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर में सबसे बड़ी गिरावट नजर आयी। एफएमसीजी स्टॉक्स आज 1.37 फीसदी नीचे आये। इसके अलावा, बाकी सभी सेक्टर्स आज भी लाभ पर बंद हुए। सबसे ज्यादा, 2.26 फीसदी उछाल निफ्टी रियल्टी सेक्टर में देखने को मिला। निफ्टी फार्मा के शेयर भी 2.12 फीसदी बढ़त रही।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 15 शेयर लाभ पर बंद हुए। टाटा मोटर्स के शेयर में 2.10 फीसदी की सबसे अधिक बढ़त देखी गयी। इसके अलावा, टेक महिंद्रा, एसबीआई, मारुति सुजूकी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और एचसीएल टेक के शेयर 1 फीसदी से ज्यादा बढ़े।

निफ्टी के 31 शेयरों में बढ़त रही। 2.58 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ सिप्ला आज का सबसे अधिक बढ़त वाला शेयर रहा। इसके अलावा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एसबीआई, टेक महिंद्रा जैसे शेयर सबसे ऊपर रहे।

सेंसेक्स और निफ्टी-50, दोनों पर सबसे अधिक नुकसान में आईटीसी का शेयर रहा। आईटीसी का शेयर 3 फीसदी से ज्यादा गिरा। इसके अलावा, सेंसेक्स पर नेस्ले इंडिया के शेयर आज -2.44 फीसदी नीचे आये ओएनजीसी रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलिवर, ब्रिटानिया और एलएंडटी के शेयर एक फीसदी से ज्यादा गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली हावी होने से आई है। सुबह सेंसेक्स 167.59 अंक करीब 0.21 फीसदी ऊपर आकर 81,802.40 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 43.55 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 25,056.70 पर कारोबार करता दिखा। सुबह गिफ्ट निफ्टी भी 25 अंकों की बढ़त के साथ 25,157 पर कामकाज करते दिखे। इसके अलावा एशिया-प्रशांत क्षेत्र के बाजारों में भी तेजी आई। मंगलवार को अमेरिका में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए, जिससे पिछले सत्र में हुआ नुकसान कम हुआ। निवेशकों ने फिर से तकनीकी शेयरों की ओर रुख किया और अब उनका ध्यान आगामी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और तीसरी तिमाही की आय रिपोर्ट पर लगा है। जापान का निक्केई 225 एक फीसदी बढ़ा, जबकि टॉपिक्स सूचकांक में 0.5 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी। हांगकांग के हैंग सेंग सूचकांक में भी बढ़त रही और ये 20,964 पर पहुंच गया। इससे पहले सूचकांक में 16 साल की सबसे बड़ी गिरावट आई थी, जिसमें यह 9.41 फीसदी नीचे आकर 20,926.79 पर बंद हुआ था।

## नौ नए दिग्गज लार्जकैप शेयर मिडकैप श्रेणी में शामिल होंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। एम्फी हर साल जनवरी के शुरू में और जुलाई में इस सूची में संशोधन करता है। शेयरों के पिछले 6 महीने के प्रदर्शन के आधार पर उनकी श्रेणी में बदलाव किया जाता है। पिछले 6 महीने के दौरान औसत बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष-100 कंपनियां लार्जकैप, उसके बाद की 150 कंपनियां मिडकैप, जबकि शेष को स्मॉलकैप के तौर पर वर्गीकृत किया जाता है। इन कंपनियों के टॉप 100 की सूची में शामिल होने से नौ मौजूदा लार्जकैप शेयर मिडकैप श्रेणी में चले जाएंगे। संभावित स्थानांतरण में अदाणी टोटाल गैस, श्री सीमेंट, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मैनकाइंड फार्मा और आईडीबीआई बैंक आदि शामिल हैं। लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप श्रेणियों में शेयरों के वर्गीकरण से फंड प्रबंधकों को लेबल के प्रति ईमानदार बने रहने में मदद मिलती है। इक्विटी एमएफ श्रेणियों ने लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में निवेश के अनुपात पर सीमाएं तय की हैं। लार्जकैप के लिए बढ़ते कट-ऑफ के कारण लार्जकैप श्रेणी में शेयरों की संख्या मौजूदा 100 से बढ़ाने की जरूरत है।

# वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही आरआईएल के लिए कमजोर साबित होगी




### चार ब्रोकरेज फर्म का अनुमान

मुंबई (ईएमएस)। मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के मामले में सितंबर 2024 में समाप्त हुई तिमाही (वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही) एक और कमजोर तिमाही साबित हो सकती है, क्योंकि रिफाइनिंग मार्जिन में गिरावट दिखी गई है। ब्रोकरेज कंपनियों आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, कोटक सिक्योरिटीज और नुवामा को इसकी आशंका है कि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में दर्ज किए गए लाभ में एक साल पहले के मुकाबले एक से लेकर 13 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। विश्लेषकों के उपलब्ध अनुमानों के आधार पर इस अवधि के दौरान राजस्व में अधिकतम 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है।

उपलब्ध विश्लेषक अनुमानों के आधार पर, इसी अवधि के लिए राजस्व में अधिकतम 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। नुवामा के विश्लेषकों ने कहा कि उन्हें ओ2सी (तेल से लेकर रसायन) श्रेणी में नरमी के कारण कंपनी के समेकित एबिटा में छह प्रतिशत की गिरावट के आसार नजर आ रहे हैं। आंशिक रूप से इसकी भरपाई उपभोक्ता कारोबारों तथा तेल और गैस श्रेणी में मजबूत प्रदर्शन से की जा रही है।

ब्रोकरेज कंपनी को उम्मीद है कि ओ2सी कारोबार के मामले में एबिटा एक साल पहले की तुलना में 27 प्रतिशत कम होगा। ओ2सी आरआईएल की तेल से लेकर रसायन वाली श्रेणी है। तेल से लेकर दूरसंचार तक में कारोबार करने वाला यह समूह 14 अक्टूबर को वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा करने वाला है। अगर विश्लेषकों के अनुमान सही साबित होते हैं, तो आरआईएल के समेकित शुद्ध लाभ में गिरावट वाली यह लगातार तीसरी तिमाही होगी। जून 2024 में समाप्त तिमाही में आरआईएल के समेकित लाभ में एक साल पहले की तुलना में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। ब्लूमबर्ग की रायशुमारी में छह विश्लेषकों ने 2.39 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का अनुमान लगाया और तीन विश्लेषकों ने 20,045 करोड़ रुपये की समायोजित शुद्ध आय का अनुमान लगाया है।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने आरआईएल के सकल रिफाइनिंग मार्जिन में तिमाही आधार पर 0.8 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट का अनुमान लगाया है।

# रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को एक पैसे की गिरावट के साथ ही 83.97 रुपये पर बंद हुआ। गत दिवस रुपय 83.96 पर बंद हुआ था।घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव और विदेशी पूंजी निकासी से रुपये की बढ़त सीमित बनी रही। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.97 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 83.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया और फिर 83.94 प्रति डॉलर पर खिसक गया। ये पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.00 पर बंद हुआ था।

## ऑटोमोबाइल कंपनी का आईपीओ आ रहा.....पैसा कमाने के लिए रहें तैयार

मुंबई (ईएमएस)। भारत में अब तक के सबसे बड़े पब्लिक इश्यू (आईपीओ) के आने की तारीख तय हो गई है। हुंडई मोटर इंडिया का आईपीओ दशहरे के बाद आएगा। कंपनी ने अपने पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड सहित सभी शर्तों का ऐलान कर दिया है। हुंडई मोटर इंडिया आईपीओ के द्वारा 14.2 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री करेगी। खास बात है कि 2003 में मारुति सुजुकी के बाद भारत में सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी की लिस्टिंग होगी। क्या है प्राइस बैंड हुंडई मोटर इंडिया ने आईपीओ के लिए प्रति शेयर प्राइस बैंड 1,865-1,960 रुपये है। इस इश्यू में कंपनी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत 27,000 करोड़ से ज्यादा के शेयर की ब्रिकी करेगी। आईपीओ में 7 शेयरों का एक लॉट होगा यानी एक लॉट खरीदने के लिए निवेशक को 13,720 रुपये खर्च करने होगा। यह इश्यू 15 से 17 अक्टूबर तक के लिए खुलेगा। हालांकि, एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 14 अक्टूबर से ओपन हो जाएगा। हुंडई के आईपीओ में 35 फीसदी हिस्सा रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व होगा।

## चीन को लेकर क्यों सच साबित हुईं आंशकाएं



मुंबई (ईएमएस)। चीन के शेयर बाजारों में करीब 10 दिन से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया है। चीनी सरकार ने इकॉनमी में जान डालने के लिए बड़े प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी। इसके बाद भारत से विदेशी निवेशकों ने भारी बिकवाली कर चीन में पैसा लगाया था। लेकिन आशंका थी कि चीन की हवाई घोषणाओं का जमीन पर असर देखने को नहीं मिलेगा। इसमें इनवेस्को लिमिटेड, जेपी मॉर्गन एसेट मैनेजमेंट, एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग एंड वेल्थ और नोमुरा होल्डिंग्स इंक शामिल थे। आखिरकार उनकी आशंका सही साबित हुई। बुधवार को चीन के शेयर बाजार में गिरावट आई। एक हफ्ते की छुट्टी के बाद मंगलवार को जब चीन के बाजार खुले थे, तब उसमें काफी तेजी दिखाई दी थी। हालांकि हॉन्ग कॉन्ग के शेयर बाजार में गिरावट आई। सितंबर के अंत से चीनी शेयरों में तेजी आई क्योंकि शी सरकार ने आर्थिक, वित्तीय और बाजार-समर्थन उपायों की बौछार से निवेशकों के विश्वास को फिर से मजबूत किया। हैंग सेंग चाइना एंटरप्राइजेज इंडेक्स में हॉन्ग कॉन्ग में लिस्टेड चीनी शेयर शामिल हैं। हाल में इसमें 35 प्रतिशत से अधिक उछाल आई। इस बीच घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी आई है। पिछले हफ्ते इसमें पांचों दिन गिरावट आई थी और सोमवार को भी बाजार गिरा था। मंगलवार को बाजार में तेजी लौटी और बुधवार भी यह तेजी के साथ ट्रेड कर रहा है।

# आरबीआई गर्वनर ने यूपीआई को लेकर किए दो ऐलान....आपका काम होगा आसान




मुंबई (ईएमएस)। यूपीआई की बढ़ती लोकप्रियता और इस बढ़ावा देने के मकसद से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यूपीआई लाइट वॉलेट की सीमा 2,000 से बढ़ाकर 5,000 रुपये और प्रति लेन-देन सीमा बढ़ाकर 1,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश कर कहा कि लगातार नवोन्मेष और स्वीकार्यता के साथ यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आसान और बेहतर किया है। उन्होंने कहा, इसके उपयोग को और प्रोत्साहित करने को लेकर यूपीआई भुगतान में प्रति लेनदेन सीमा 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही यूपीआई वॉलेट की सीमा 2,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 करने और प्रति लेन-देन की सीमा को 1,000 रुपये करने का निर्णय किया गया है। वर्तमान में यूपीआई लाइट वॉलेट की सीमा 2,000 रुपये और प्रति लेन-देन 500 रुपये है। आरबीआई के बयान के अनुसार, ऑफलाइन डिजिटल माध्यम से छोटे मूल्य के भुगतान की सुविधा के लिए यूपीआई लाइट से जुड़ी रिजर्व बैंक की रूपरेखा में उपयुक्त संशोधन किया जाएगा।

इसके अलावा, 'यूपीआई 123 पे' की सुविधा अब 12 भाषाओं में उपलब्ध होगी। इसके साथ, एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक कोष अंतरण) और आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रास सेटलमेंट सिस्टम) में कोष अंतरण को अंतिम रूप देने से पहले यूपीआई और आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) की तरह खाताधारक के नाम के सत्यापन की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में, यूपीआई और आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) के तहत पैसा भेजने से पहले भेजने वाले को प्राप्तकर्ता (लाभार्थी) के नाम को सत्यापित करने की सुविधा मिलती है।

# इलेक्ट्रिक मोटर, सीसीटीवी और स्मार्ट हेल्थकेयर बाजार में ताइवानी कंपनियों के लिए बंपर मौका



मुंबई (ईएमएस)। मोदी सरकार द्वारा एंड-टू-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के स्थानीय विनिर्माण पर जोर दिया जा रहा है। इस बीच, नई रिपोर्ट के अनुसार, ताइवानी कंपनियों के लिए प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी), इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में 15 अरब डॉलर के बड़े अवसर मौजूद हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रिक मोटर, सीसीटीवी और स्मार्ट हेल्थकेयर (फिटनेस ट्रैकर, स्मार्टवॉच, हृदय गति मॉनिटर) जैसे अन्य क्षेत्र भी ताइवान के लिए आशाजनक हैं। भारत में ताइवान के लिए इन सभी क्षेत्रों में 60 बिलियन डॉलर का लक्षित बाजार है। ताइवान इंडस्ट्री इन क्षेत्रों में घरेलू बाजार के साथ निर्यात के लिए भी निवेश कर सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 2030 तक पांच प्रमुख क्षेत्रों में बाजार की मांग 170 बिलियन डॉलर रहेगी। ताइवान और भारत के बीच मजबूत साझेदारी के पारस्परिक लाभ हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि कैसे ताइवानी कंपनियां भारत के तेजी से होते विकास का लाभ उठा अपनी उच्च तकनीकी विशेषज्ञता का योगदान दे सकती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ताइवान की तकनीकी प्रगति और भारत के बढ़ते बाजार के संयोजन से दोनों देशों के लिए एक साथ समृद्ध होने का रणनीतिक मार्ग तैयार होगा। भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) और पीएलआई योजना सहित निवेश-समर्थक पहल बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स पर जोर के साथ ताइवानी कंपनियों के लिए भारत को एक आदर्श साझेदार बनाती है। फिक्की की रिपोर्ट में कहा गया है कि इन रणनीतिक साझेदारी की जरूरतों को पूरा करने में भारत कई दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों की तुलना में बेहतर है। अपने लार्ज स्किल्ड वर्कफोर्स, अनुकूल कारोबारी माहौल और मजबूत सरकारी नीतियों के साथ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, हरित ऊर्जा, ईवी, स्मार्ट शहरों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए एक शीर्ष गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

# भाविश और कुणाल विवाद में हर्ष गोयनका ट्वीट कर की खिंचाई......जानें किसकी




मुंबई (ईएमएस)। ओला फाउंडर भाविश अग्रवाल और स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के बीच तीखी बहस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इस बहस में उद्योगपति हर्ष गोयनका भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने भाविश को टैग कर एक विशेष पोस्ट साझा किया।

उद्योगपति गोयनका ने लिखा, अगर मुझे नजदीकी दूरी तय करनी होती है, मेरा मतलब है एक कामरा से दूसरे कामरा तक, तब मैं अपने ओला (भाविश) का उपयोग करता हूं, साथ ही तस्वीर भी साझा की जिसमें वह ओला ई-स्कूटर पर बैठे नजर आ रहे हैं। उद्योगपति गोयनका के ट्वीट पर ढेरों प्रतिक्रियाएं आईं। एक यूजर ने लिखा, सर, मैं भी ट्रेवल किया करता था। लेकिन मेरा तब भविश-य ही खराब हो गया। दूसरे यूजर ने सवाल उठाया, सिर्फ कमरा से कमरा तक ही क्यों? इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब कामरा ने एक ओला डीलरशिप की तस्वीर शेयर की, जिसमें कई ओला स्कूटर धूल खा रहे थे। इस पर भाविश ने कामरा पर पेड ट्वीट करने का आरोप लगाकर कहा, चूंकि आप इतनी परवाह करते हैं, तब आइए हमारी मदद करें! मैं इस ट्वीट या आपके असफल कॉमेडी करियर से जितना कमाते हैं, उससे ज़्यादा पैसे दूंगा। वहीं, ओला इलेक्ट्रिक के ई-स्कूटर के खिलाफ बढ़ते गुस्से के चलते केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कंपनी को नोटिस भेजा है। सीसीपीए ने उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और भ्रामक विज्ञापनों के लिए ओला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कंपनी को 15 दिनों के भीतर इस नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है।

## स्पोर्ट्स कार बीएमडब्ल्यू एम4 सीएस की कीमत है 1.89 करोड़ रुपये

नई दिल्ली (ईएमएस)। लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने अपनी नई स्पोर्ट्स कार बीएमडब्ल्यू एम4 सीएस को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। इस नई कार की एक्स-शोरूम कीमत 1.89 करोड़ रुपये रखी गई है। एम4 सीएस को और तेज बनाने के लिए इसमें कई मैकेनिकल बदलाव किए गए हैं।यह बीएमडब्ल्यू की पहली सीएस मॉडल कार है जिसे भारत में लॉन्च किया गया है। इसमें पुरानी एम4 जैसा 3.0-लीटर ट्विन-टर्बो स्ट्रेट-सिक्स इंजन दिया गया है, जो 550 एचपी की पावर और 650 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह कार 0-100 किमी/घंटे की रफ्तार महज 3.4 सेकंड में पकड़ सकती है और इसकी टॉप स्पीड 302 किमी/घंटा है। बीएमडब्ल्यू एम4 सीएस में 14.9 इंच का टचस्क्रीन, 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बीएमडब्ल्यू ऑपरेटिंग सिस्टम 8.5 दिया गया है। यह कार उन्नत तकनीक और सुरक्षा फीचर्स के साथ पेश की गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आतंकी ओसामा के बेटे उमर की फ्रांस में नो एंट्री.सरकारी आदेश पर दस्तखत

पेरिस (ईएमएस)। फ्रांस ने आतंकी ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के देश लौटने पर हमेशा के लिए रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रितेयू ने इस आदेश पर दस्तखत किया। गृह मंत्री ने कहा कि अब उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने की उम्मीद हमेशा के लिए खत्म हो चुकी है।रितेयू ने कहा कि उमर ने सोशल मीडिया पर आतंक को बढ़ावा देने से जुड़े पोस्ट किए थे। 43 साल का उमर फ्रांस के नॉरमंडी में 2016 से रह रहा था। उमर ने ब्रिटिश नागरिक जैना मोहम्मद अल-सबा (जेन फेलिक्स ब्राउन) से शादी की थी, जिसके बाद उमर को फ्रांस में रहने की अनुमति मिली थी। यहां पर वह पेंटिंग कर अपना जीवन यापन करता था। पिछले साल उमर ने पिता ओसामा बिन लादेन के जन्मदिन पर एक पोस्ट किया था। इमसें पिता की तारीफ की थी। उमर की इस पोस्ट को आतंकवाद के समर्थन के तौर पर देखा गया था। इसके बाद उसका फ्रांस में रहने का परमिट दो साल के लिए रद्द कर दिया गया था। इसके बाद वह पत्नी के साथ कतर चला गया था।ओसामा का चौथा बेटा है उमर, अलकायदा कैंप में ट्रेनिंग भी ली थी उमर बिन लादेन का जन्म 1981 में सऊदी अरब में हुआ था। वह ओसामा का चौथा बेटा है। उमर बिन लादेन अपने पिता के साथ 1991 से लेकर 1996 तक सूडान में रहा था। इस दौरान उमर को अलकायदा का अगला वारिस माना जाने लगा था।

### ट्रंप को लेकर दावा, कोरोना महामारी के दौरान पुतिन को कोविड टेस्टिंग किट भेजी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 में कोरोना महामारी के वक्त रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निजी इस्तेमाल के लिए कोविड टेस्टिंग किट भेजी थी। एक किताब में इसका खुलासा किया है।किताब के मुताबिक, पुतिन को तब डर था कि वे इस वायरस का शिकार हो सकते हैं। इस मदद के बाद पुतिन ने ट्रम्प को आगाह भी किया था कि वे इस बात को सीक्रेट ही रखें, क्योंकि अगर लोगों को इस बात का पता चला तब वे अमेरिकी राष्ट्रपति से बेहद नाराज हो जाएंगे। हालांकि, ट्रम्प के चुनावी कैंपेन की टीम ने दावे को खारिज कर दिया है। उन्होंने यह दावा करने वाली किताब को कचरा कहा है। 15 अक्टूबर को रिलीज होने वाली किताब में ट्रम्प के राष्ट्रपति पद से हटने के बाद भी उनके और पुतिन के बीच कई बार बातचीत होने का दावा किया गया है।किताब में दावा किया गया कि ट्रम्प ने अपने एक सहयोगी को फ्लोरिडा स्थित अपने आवास मार-ए-लागो से निकाला दिया था, ताकी वे पुतिन से बात कर सके। ट्रम्प के साथ काम करने वाले एक शख्स के हवाले से बताया गया कि 2021 में पूर्व अमेरिका राष्ट्रपति के व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद से उन्होंने पुतिन से करीब 6 बार बात की है।हालांकि, रूसी राष्ट्रपति के ऑफिस क्रेमलिन ने दावे को नकार दिया। इन दावों पर ट्रम्प के चुनावी कैंपेन के प्रवक्ता ने कहा, वह एक गुस्सैल आदमी है और इस बात से नाराज है कि ट्रम्प उन पर केस किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने बिना इजाजत ट्रम्प से जुड़ी बातें लीक की हैं। दरअसल, ट्रम्प ने 2021 में वुडवर्ड को उनकी किताब रेज के लिए एक इंटरव्यू दिया था। लेकिन बाद में ट्रम्प ने यह कहकर उस पर केस दर्ज कराया था कि उन्होंने इंटरव्यू से जुड़ी रिकॉर्डिंग करने को रिलीज कर दिया, जिसकी उन्हें इजाजत नहीं दी गई थी।

### कैमिस्ट्री के नोबेल पुरस्कार, 3 वैज्ञानिकों को, जानिए ऐसा क्या किया

स्टॉकहोम (ईएमएस)। कैमिस्ट्री के नोबेल पुरस्कार 2024 की घोषणा हो गई है। इस साल ये पुरुस्कार 3 वैज्ञानिकों को मिला है। इसमें अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड बेकर, जॉन जम्पर और ब्रिटिश वैज्ञानिक डेमिस हसाबिस शामिल हैं। पुरस्कार को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा बेकर को मिला है, जिन्होंने नई तरह के प्रोटीन का निर्माण किया।प्रोटीन डिजाइन एक तकनीक है जिसमें प्रोटीन की संरचना में बदलाव कर नए गुण वाले प्रोटीन तैयार होते हैं। इससे दवा और वैक्सीन बनाने में मदद मिलती है। वहीं प्राइज का दूसरा हिस्सा डेमिस और जॉन जंपर को मिला, जिन्होंने एक ऐसा एआई मॉडल बनाया, जिसने कॉम्प्लेक्स प्रोटीन के स्ट्रक्चर को समझने में मदद की।प्रोटीन मनुष्य के शरीर के लिए केमिकल टूल की तरह काम करता है। यह शरीर में होने वाले सभी केमिकल रिएक्शन्स को कंट्रोल करता है जो मानव जीवन का आधार होते हैं। प्रोटीन करीब 20 अलग-अलग अमीनो ऐसिड से बना होता है। 2003 में डेविड बेकर ने इन अमीनो एसिड का इस्तेमाल कर एक नए तरह का प्रोटीन बनाया। इसका इस्तेमाल कई वैक्सीन और दवाइयों में किया जाता है।दूसरी खोज में प्रोटीन स्ट्रक्चर को समझने के लिए एआई मॉडल तैयार किया गया। दरअसल, प्रोटीन में अमीनो एसिड लंबे तारों में एक साथ जुड़े होते हैं जो एक 3डी स्ट्रक्चर बनाते हैं। 1970 के दशक से वैज्ञानिक अमीनो एसिड के आधार पर प्रोटीन का स्ट्रक्चर समझने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।साल 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने एक एआई मॉडल अल्फाफोल्ड 2 बनाया। इसकी मदद से वैज्ञानिक सभी 20 करोड़ प्रोटीन के स्ट्रक्चर को वर्चुअली समझ पाए। आज अल्फाफोल्ड मॉडल का इस्तेमाल 190 देशों के करीब 20 लाख लोग करते हैं। प्रोटीन स्ट्रक्चर समझने से वैज्ञानिकों को एंटीबायोटिक को बेहतर जानने और प्लास्टिक को तोड़ने वाले एंजाइम्स बनाने में मदद मिली।

### शिया मिलिशिया ग्रुप ने इजराइल पर हमले की ली जिम्मेदारी

बगदाद (ईएमएस)। इराक में इस्लामिक रेजिस्टेंस नामक शिया मिलिशिया ग्रुप ने इजरायल में एक साइट पर ड्रोन अटैक की जिम्मेदारी ली। ग्रुप ने कहा कि हमला फिलिस्तीन और लेबनान के लोगों के समर्थन में किया गया। ग्रुप के बयान में कहा गया कि दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनान जारी रहेगा।हालांकि टारगेटेड लोकेशन के बारे में कुछ नहीं कह गया और न ही किसी के हताहत की सूचना दी गई। इसके पहले दिन में, ग्रुप ने इजराइल में पांच जगहों पर ड्रोन और अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइलों से पांच हमले करने की जिम्मेदारी ली थी।ग्रुप ने हाल ही में इजरायल पर अपने हमलों को बढ़ा दिया क्योंकि यहूदी राष्ट्र ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने हमलों को तेज कर दिया है। इस बीच हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायली मिलिट्री ऑपरेशन लगातार जारी है। इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर पर हवाई हमले किए जिसमें 50 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने बताया कि एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट के दर्जनों भूमिगत कमांड सेंटर को तबाह कर दिया गया। इन सेंटर्स में इजरायल के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाले कमांडर तैनात थे।आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमलों में वह पूरा इलाका शामिल था, जहां हिजबुल्लाह का दक्षिणी फ्रंट, राडवान बलों के साथ मिलकर काम करता है। कुल मिलाकर, आईडीएफ ने पिछले 24 घंटों के दौरान दक्षिणी लेबनान में 125 से अधिक जगहों पर हमला किया। इजरायल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने सीमा पार 170 से अधिक रॉकेट दागे।

### उत्तर कोरिया का रुस को समर्थन पर पेंटागन की पैनी नजर

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका रक्षा विभाग पेंटागन का कहना है कि अमेरिका उत्तर कोरिया द्वारा रूस को दिए जा रहे समर्थन पर लगातार नजर रखे हुए है। पिछले सप्ताह एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि डोनेट्स्क के निकट रूसी कब्जे वाले क्षेत्र पर यूक्रेनी मिसाइल हमले में छह उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, इस दावे के बाद इन अटकलों को हवा मिली कि प्योंगयांग यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए सैनिकों को तैनात कर सकता है। इसके अलावा वह मॉस्को को हथियार, बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य उपकरण भी भेज सकता है।पेंटागन की उप प्रवक्ता सबरीना सिंह ने रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा, मैंने वे रिपोर्ट नहीं देखी है। इसलिए मैं इसकी पुष्टि नहीं कर सकती। सिंह ने कहा, हालांकि हमने निश्चित रूप से देखा है कि उत्तर कोरिया सैन्य साधनों से रूस का समर्थन करने के लिए तैयार है। यह ऐसी चीज है जिस पर हम लगातार नजर रख रहे हैं।पेंटागन की उप प्रवक्ता ने कहा कि वाशिंगटन को इसकी ज्यादा चिंता है कि युद्ध प्रभावित यूक्रेन को युद्ध के मैदान में सफल होने के लिए क्या चाहिए। वहीं विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि उनके पास प्योंगयांग द्वारा यूक्रेन में अपने नियमित सैनिक भेजने की संभावना पर कोई आकलन नहीं है।इसके पहले दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग-ह्यून ने कहा कि उ.कोरिया रूस की मदद के लिए यूक्रेन में अपने नियमित सशस्त्र बलों को तैनात कर सकता है।

# चीन में 39 मंजिला इमारत में रहते है 20 हजार लोग

### इमारत के अंदर है दुकान-स्कूल के अलावा भी बहुत कुछ



बीजिंग (ईएमएस)। पडोसी देश चीन में एक 39 मंजिला इमारत में कुल 20 हजार लोग रहते हैं। इस विशायलकाय इमारत के अंदर दुकान-स्कूल के अलावा भी बहुत कुछ है। यह विशाल आवासीय इमारत है चीन के कियांगजियांग सेंचुरी सिटी में। इस अनोखी और विशाल इमारत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। यह इमारत, जिसे रिजेंट इंटरनेशनल के नाम से जाना जाता है, 675 फुट ऊँची है और इसका आकार एस-आकार का है। इसे पहले एक लक्ज़री होटल के रूप में बनाया गया था, लेकिन बाद में इसे एक विशाल अपार्टमेंट बिल्डिंग में बदल दिया गया। वर्तमान में, यह इमारत 39 मंजिलों में हजारों उच्चस्तरीय आवासीय अपार्टमेंट्स में 20,000 से अधिक लोगों का घर है।यह इमारत दुनिया की सबसे ऊंची इमारतों में से एक नहीं है, लेकिन यह सबसे अधिक लोगों का आवास प्रदान करती है। इसे एक तरह के समुदाय के रूप में देखा जा सकता है। इमारत में निवासियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यहाँ एक विशाल फूड कोर्ट, स्विमिंग पूल, किराने की दुकानें, नाई की दुकानें, नेल सैलून और कैफे जैसी कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस कारण से, निवासियों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि 20,000 निवासी भी इस विशाल बिल्डिंग को पूरी तरह से नहीं भर पाते, क्योंकि इसकी अधिकतम क्षमता लगभग 30,000 लोगों की है। यानी कि अभी भी 10,000 और लोग यहाँ रहने के लिए आ सकते हैं। इस विशाल इमारत का वीडियो एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लगभग 60,000 बार देखा गया है।कई उपयोगकर्ताओं ने इमारत के विशाल आकार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक उपयोगकर्ता ने कहा, "इस इमारत में पूरा शहर है," जबकि दूसरे ने आश्चर्य जताया कि "यह पागलपन है। वे पानी की सप्लाई और सीवेज का मैनेजमेंट कैसे करते हैं!" कुछ उपयोगकर्ताओं ने इस बिल्डिंग के निवासियों के सामने आने वाली सुरक्षा चिंताओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। एक ने लिखा कि अगर यह इमारत भूकंप के कारण गिर गई, तो 20,000 से अधिक लोगों की जान जोखिम में होगी। उन्होंने साझा सुविधाओं पर दबाव को भी रेखांकित किया।

### अर्धसैनिक बलों के हमले में 20 की मौत, 3 घायल, गैर-सरकारी ग्रुप का दावा

खार्तूम (ईएमएस)। पश्चिमी सूडान के एक गांव में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में करीब 20 लोगों की मौत हुई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के एक गांव पर हुआ। उत्तरी कोर्डोफन राज्य की राजधानी एल-ओबेद से लगभग 30 किलोमीटर पूर्व में अल-दम्मोकिया गांव पर आरएसएफ ने हमला किया जिसमें 20 लोग मारे गए और 3 अन्य घायल हो गए। पीड़ितों में बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं।वहीं आरएसएफ ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। इसके पहले पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशेर में विस्थापितों के शिविर पर आरएसएफ ने बड़ा हमला किया। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई जबकि 59 अन्य घायल हो गए।

# इज़राइल को केवल सैन्य शक्ति से ही रोका जा सकता है



### खामेनेई के पोते ने ईरान की सैन्य कार्रवाई को बताया उचित

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान और इज़राइल के बीच तनाव चरम पर है और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई के पोते हसन ख़ामेनेई ने इस तनाव को लेकर कहा कि इज़राइल के खिलाफ ईरान की कड़ी सैन्य प्रतिक्रिया को उचित ठहराया है। उन्होंने कहा कि इज़राइल तब तक नहीं रुकेगा जब तक उसका सामना ताकत और शक्ति से नहीं किया जाएगा। हसन ने इस बात पर जोर दिया कि इज़राइल को केवल सैन्य शक्ति से ही रोका जा सकता है।हसन खामेनेई ने फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए जनमत संग्रह कराने के ईरान के सुझाव पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि जनमत संग्रह होता है, तो फ़िलिस्तीनियों का बहुमत शासन स्थापित हो सकता है, जिससे इज़राइल का खात्मा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो सबसे ज्यादा वोट पाता है, वह जीतता है, और यही इज़राइल के खात्मे का कारण बन सकता है। खामेनेई ने अमेरिका, ब्रिटेन, और इज़रायल द्वारा प्रस्तावित टू-स्टेट समाधान की आलोचना करते हुए इसे एक रणनीति बताया जिससे दुनिया इज़राइली शासन की वैधता को मान्यता दे सके।हसन खामेनेई ने कहा कि यह सोचना गलत है कि अगर ईरान इज़राइल को अकेला छोड़ देगा, तो इज़राइल भी ईरान को अकेला छोड़ देगा। इसके विपरीत उन्होंने सैन्य शक्ति और ईरान की क्षमता दिखाने पर बल दिया ताकि इज़राइल को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। बता दें इज़राइली हवाई हमलों में हमास और हिज़्बुल्लाह के नेताओं की मौत के बाद ईरान ने इज़राइल पर सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इस जोरदार प्रतिक्रिया ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तुरंत कड़ी जवाबी कार्रवाई का ऐलान किया, जिससे मिडिल-ईस्ट में युद्ध की आशंका और भी बढ़ गई है।

# मकान मालिक को देना होगा 7,00,000 डॉलर मुआवजा

### अमेरिका में मकान मालिक पर कोर्ट का सख्त फैसला




साउथ कैरोलिना (ईएमएस)। अमेरिका के साउथ कैरोलिना में एक छात्र ने अपने मकान मालिक के खिलाफ याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें 7,00,000 डॉलर मुआवजा देने का आदेश दिया। यह मामला उस समय शुरू हुआ जब याचिकाकर्ता छात्र, मिस्टर पोस्टल, जो कोलंबिया के बेनेडिक्ट कॉलेज में ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे, को 11 जुलाई 2022 को एक मेल मिला। इस मेल में उन्हें अपने अपार्टमेंट 'द रोवन' को खाली करने के लिए कहा गया। उन्होंने इसके जवाब में यह बताया कि वे एग्रीमेंट को नवीनीकरण करना चाहते हैं और वहीं रहना चाहते हैं। इसके बाद उनके माता-पिता ने 18 जुलाई 2022 को छह महीने का किराया 3 लाख 20 हजार रुपये (3,810 डॉलर) का भुगतान किया। यह राशि एग्रीमेंट को नवीनीकरण करने के लिए थी, और इसे चेक के माध्यम से भुगतान किया गया था, जिसे अपार्टमेंट ने एक सप्ताह के भीतर कैश करा लिया। जब मिस्टर पोस्टल 5 अगस्त को कोलंबिया वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि अपार्टमेंट में रखे उनके निजी सामान गायब थे। पूछने पर, अपार्टमेंट अधिकारियों ने बताया कि अपार्टमेंट खाली करने के दौरान सभी सामान हटा दिए गए थे। उन्हें यह भी पता चला कि कुछ चीजें नष्ट हो गई थीं, क्योंकि उन्हें सुरक्षित तरीके से नहीं रखा गया था। हालांकि, उस समय अपार्टमेंट अधिकारियों ने मुआवजा देने का वादा किया, लेकिन बाद में मुआवजा नहीं मिलने पर छात्र के परिवार ने 23 अगस्त 2022 को कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान, पोस्टल ने कहा कि बिना बताए अपार्टमेंट खाली करने और सामान के नुकसान से उन्हें भावनात्मक आघात हुआ, जिसका असर उनके अकादमिक प्रदर्शन पर पड़ा। यह स्थिति उनकी कई स्कॉलरशिप के लिए खतरा बन गई। सुनवाई के चार दिन बाद, जूरी ने पोस्टल को डॉलर 230,000 का हर्जाना और डॉलर 462,500 का दंडात्मक हर्जाना देने का आदेश दिया। इसके अलावा, रियल एस्टेट फर्म को दी गई।

# ईरान ने तैनात किए लेजर साइलेंट हंटर इजराइली हमले को करेंगे नाकाम



तेलअवीव,(ईएमएस)। इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलें दागने के बाद अब यहूदी देश पलटवार करने की तैयारी में है। इसको देखते ईरान ने अपने सभी रक्षात्मक हथियारों को अलर्ट मोड पर रखा दिया है। ताजा तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि ईरान ने चीन से खरीदे अपने लेजर डायरेक्टेड एनर्जी वेपन यानी साइलेंट हंटर को तैनात कर दिया है। जो इजराइली हमलों को नाकाम बनाएंगे। चीनी एंटी ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन को चक्कर में डाल देता है और उस पर निशाना साधकर गिरा देता है। ईरान ने इसके अलावा कई और एंटी ड्रोन सिस्टम को भी तैनात कर दिए हैं। यह वही ईरान है जिसने रूस से लेकर कई देशों को बहुत बड़े पैमाने पर किलर ड्रोन दिए हैं।अब ईरान को भी इजराइल से इन्हीं विस्फोटक ड्रोन का खतरा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में दिखाई दे रहा है कि ईरान ने राजधानी तेहरान में इन ड्रोन सिस्टम को तैनात कर दिया है। इस सिस्टम को तब तैनात किया गया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने और तकरीर करने सार्वजनिक रुप से जनता के सामने आए थे। माना जा रहा है कि ईरान को डर सता रहा था कि इजराइल खामेनेई को निशाना बना सकता है।इस तकरीर में खामेनेई ने इजराइल पर मिसाइलों की बारिश करने के फैसले का बचाव किया था। खामेनेई ने हमास आतंकियों के 7 अक्टूबर के हमले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आगे भी ईरान से जुड़े संगठन इजराइल द्वारा की गई हत्याओं के बाद भी हमले जारी रखेंगे। बताया जा रहा है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब ईरान ने चीन के बने साइलेंट हंटर तैनात किए हैं। यह ड्रोन सिस्टम एक ट्रक पर लगाया गया है। इसमें एक रडार लगा होता है जो ड्रोन की पहचान करके उसे ट्रैक करता है। चीन का दावा है कि यह ड्रोन सिस्टम 5 किमी दूर से ड्रोन की पहचान कर लेता है।चीन के मुताबिक इस लेजर सिस्टम में 10 से 20 किलोवाट पावर रेंज होती है। यह ड्रोन को अंधा करने की ताकत रखता है। साथ ही 3 किमी तक यह ड्रोन को चक्कर में डाल सकता है। इसके अलावा यह सिस्टम डेढ़ किमी की रेंज में कुछ लक्ष्यों को तबाह कर सकता है। चीन का कहना है कि यह लेजर एक बार में 3 मिनट तक काम करता है। इसके बाद इसे चार्ज होने में 5 मनिट लगते हैं। फिर यह दोबारा हमला कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि ड्रोन को चक्कर में डाल देना भी बहुत अहम है। इस तरह के एंटी ड्रोन सिस्टम चीन ने सऊदी अरब समेत कई देशों को बेचे हैं।

### बाइडेन को नेतन्याहू पर भरोसा नहीं, कोई खेल तो नहीं खेला रहा अमेरिका?

तेलअवीव,(ईएमएस)। इजराइल हमास और हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा है। गाजा के बाद उसका अटैकिंग प्वाइंट बेरूत बन गया है। इजराइल के हर कदम में अमेरिका उसके साथ खड़ा नजर आ रहा है। ईरान ने जब आधी रात को तेल अवीव में मिसाइलों की बौछार की तो बाइडेन ने साफ कहा कि इजराइल के हर सहयोग के लिए अमेरिका तैयार है लेकिन इजराइल को लेकर जो रूख जो बाइडेन का है क्या वही रुख कमला हैरिस का भी होगा? ये सवाल ऐसे वक्त में और भी अहम है क्योंकि 5 नवंबर को अमेरिका में नए राष्ट्रपति का चुनाव होना है। जो बाइडेन पहले ही रेस से बैकआउट कर चुके हैं। उनकी जगह अब कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं, जिनका मुकाबला रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप से है।यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका नेतन्याहू को करीबी सहयोगी मानता है, हैरिस ने जवाब टाल दिया और कहा कि मुझे लगता है, पूरे सम्मान के साथ, बेहतर सवाल यह है कि क्या हमारे पास अमेरिकी लोगों और इज़राइली लोग के बीच एक महत्वपूर्ण गठबंधन है। उस प्रश्न का उत्तर हां है। हैरिस की तरफ से ये प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बयान के बाद सामने आई है। जो बाइडेन ने नेतन्याहू के लिए कड़े शब्दों का प्रयोग किया। बाइडेन ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के लिए शांति समझौते को रोक रहे हैं या नहीं, मुझे नेतन्याहू पर भरोसा नहीं है।कमला हैरिस से पूछा गया कि क्या इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को संयुक्त राज्य अमेरिका का करीबी सहयोगी माना जा सकता है, तो उन्होंने सीधा जवाब देने से परहेज किया। हैरिस से अमेरिका की तरफ से टेंशन को कम करने के आह्वान के बावजूद नेतन्याहू के रुख में कोई नरमी नहीं देखी गई है। इजराइल के कदम की आलोचना के बीच भी गाजा और लेबनान पर उसके हमले जारी हैं। इस पर कमला हैरिस से सवाल किया गया। जिसके जवाब में हैरिस ने कहा कि अमेरिका इजराइल और पश्चिम एशिया के देशों के बीच युद्धविराम समझौते पर जोर दे रहा है।

### फ्रांस ने लादेन के बेटे को देश से निकाला

पेरिस(ईएमएस)। फ्रांस ने आतंकी ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के देश लौटने पर हमेशा के लिए रोक लगा दी है। फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रितेयू ने इस आदेश पर दस्तखत किया। गृह मंत्री रितेयू ने कहा कि अब उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने की उम्मीद हमेशा के लिए खत्म हो चुकी है। रितेयू ने कहा कि उमर ने सोशल मीडिया पर आतंक को बढ़ावा देने से जुड़े पोस्ट किए थे। 43 साल का उमर फ्रांस के नॉरमंडी में 2016 से रह रहा था। उसने ब्रिटिश नागरिक जैना मोहम्मद अल-सबा (जेन फेलिक्स ब्राउन) से शादी की थी, जिसके बाद उसे फ्रांस में रहने की अनुमति मिली थी। यहां पर वह पेंटिंग कर अपना जीवनयापन करता था।पिछले साल उमर ने पिता ओसामा बिन लादेन के जन्मदिन पर एक पोस्ट किया था। इमसें उसने पिता की तारीफ की थी। इसे आतंकवाद के समर्थन के तौर पर देखा गया था। इसके बाद उसका फ्रांस में रहने का परमिट दो साल के लिए रद्द कर दिया गया था। इसके बाद वह पत्नी के साथ कतर चला गया था।

# हिजबुल्ला को मिले नए कमांडर, इजरायल को धमकाया कहा, कई शहरों पर दागेंगे बम



बेरुत(ईएमएस)। हिजबुल्ला के कार्यकारी नेता शेख नईम कासिम ने धमकी देते हुए कहा है कि हमारे समूह की सैन्य क्षमताएं अभी भी बरकरार हैं और अपने वरिष्ठ कमांडरों की जगह नए कमांडर नियुक्त कर दिए गए हैं। इजरायल के इन हमलों में लेबनान के शीर्ष कमान के अधिकांश सदस्य मारे गए थे। कासिम ने एक वीडियो संबोधन में कहा, 'हम सैकड़ों रॉकेट और दर्जनों ड्रोन दाग रहे हैं। बड़ी संख्या में बस्तियां और शहर हमारी जवाबी कार्रवाई के निशाने पर हैं। हमारी क्षमताएं मजबूत हैं और हमारे लड़ाके अग्रिम मोर्चे पर तैनात हैं।'उन्होंने कहा कि हिजबुल्ला का शीर्ष नेतृत्व युद्ध की रणनीति तय कर रहा है और इजरायली हमले में जो कमांडर मारे गए हैं, उनकी जगह नए कमांडर नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे यहां कोई पद रिक्त नहीं है।''उन्होंने कहा कि हसन नसरल्लाह की जगह लेने के लिए हिजबुल्ला एक नए नेता का नाम तय करेगा, ''हालांकि युद्ध के कारण परिस्थितियां कठिन हैं।'' हसन नसरल्लाह पिछले महीने बेरूत में एक भूमिगत अड्डे में इजरायली हवाई हमले में मारा गया था। इजरायली सेना ने कहा कि मंगलवार को लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 85 मिसाइल दागी गईं।वहीं इजरायली सेना का कहना है कि उसने सीमा पर आतंकवादी ढांचे को नष्ट कर दिया है और हिजबुल्ला के सैकड़ों लड़ाकों को मार गिराया है। मंगलवार को उसने कहा कि बेरूत में एक हमले में सुहैल हुसैनी मारा गया। इजरायली सेना ने हुसैनी को हिजबुल्ला समूह के रसद, बजट और प्रबंधन की देखरेख करने वाला एक वरिष्ठ कमांडर बताया।इजरायली सेना ने कहा कि इजरायल की हवाई रक्षा ने अधिकांश रॉकेट को नष्ट कर दिया। 70 वर्षीय एक महिला छर्रे लगने से मामूली रूप से घायल हो गई और इजरायली मीडिया ने तटीय शहर हाइफा के पास इमारतों को मामूली नुकसान पहुंचने की फुटेज प्रसारित की। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि उसने दक्षिणी बेरूत उपनगरों में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया, जिसे दहियाह के नाम से जाना जाता है, जहां समूह का मुख्यालय है।

### रुस का सहयोग करने के लिए किम जॉग की सेना उतरी यूक्रेन के खिलाफ

मॉस्को(ईएमएस)। यूक्रेन के खिलाफ रूस की युद्ध में अब उत्तर कोरिया ने भी अपनी सैन्य ताकत का सहयोग देना शुरू कर दिया है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने सैनिकों को पूरी सैन्य साजो-सामान और हथियारों के साथ रूस का समर्थन करने के लिए भेजा है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री किम योंग युवान के अनुसार, उत्तर कोरिया के 6 सैनिक 3 अक्टूबर को डोनेट्स्क के नजदीक यूक्रेनी मिसाइल हमले में मारे गए हैं। यूक्रेन की मीडिया ने इस घटना की जानकारी पिछले हफ्ते दी थी। बता दें कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जून 2024 में मुलाकात की थी, जिसमें दोनों देशों के बीच आपसी रक्षा समझौते पर सहमति बनी थी। रूस को उत्तर कोरिया का समर्थन मिलना यूक्रेन युद्ध के लिए एक नया मोड़ हो सकता है। उत्तर कोरिया के साथ चीन भी रूस का समर्थन कर रहा है, जबकि दक्षिण कोरिया को अमेरिका का सहयोग प्राप्त है।उत्तर कोरिया ने हाल ही में रूस को हथियार सप्लाई करने के आरोपों का खंडन किया था, हालांकि दक्षिण कोरिया का दावा है कि उत्तर कोरिया भविष्य में और भी अधिक सैनिकों को रूस की सहायता के लिए यूक्रेन भेज सकता है। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि उत्तर कोरिया बिना किसी स्पष्ट समझौते के अपने सैनिकों को इस युद्ध में झोंक सकता है, जो स्थिति को और गंभीर बना सकता है।उत्तर कोरिया ने हाल ही में बड़ी संख्या में तोपखाने और क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है, जिनका उपयोग उन्नत हथियारों के रूप में रूस को सौंपा जा रहा है। हालांकि, उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र ने बैलिस्टिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन मार्च 2024 में रूस ने उत्तर कोरिया के खिलाफ एक प्रस्ताव पर वीटो कर दिया था, जिसके लिए उत्तर कोरिया ने रूस का आभार व्यक्त किया था। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ा दिया है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में यह संबंध कैसे विकसित होते हैं।

## टी20 महिला विश्व कप : मेगन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं

दुबई (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट्ट महिला टी20 विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गयी हैं। मेगन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में जॉर्जिया प्लिमर को आउट करने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल का सबसे अधिक 43 विकेटों का रिकार्ड तोड़ दिया। शबनीम ने अपने करियर के दौरान 32 मैच में 43 विकेट लिए थे। वहीं मेगन ने , केवल 26 मैचों में ही यह आंकड़ा हासिल कर लिया। मेगन के अब टी20 विश्व कप में 46 विकेट हो गये हैं। वहीं महिला क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं इंग्लैंड की आन्या श्रुबसोल। आन्या के नाम 41 विकेट हैं।

मेगन ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर वह उत्साहित हैं। पहली पारी में हमने सोचा कि हम एक समय 160 रन तक पहुंच जाएंगे, लेकिन हमने कुछ विकेट खो दिए और इसलिए शायद 10-15 रन कम रह गए, लेकिन हम जानते थे कि अगर हम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम अच्छी स्थिति में रहेंगे।

## पेरू से पदक लेकर मानवी जैन पहुंची इन्दौर, एयरपोर्ट पर इस गौरवशाली पल के साक्षी बने गणमान्य जन



इन्दौर (ईएमएस) पेरू के लीमा में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) जूनियर विश्व चैम्पियनशिप 2024 में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल वर्ग स्पर्धा में इंदौर की बेटी मानवी जैन कांस्य पदक जीतने के बाद आज इन्दौर एयरपोर्ट पर पहुंची। एयरपोर्ट पर परिजनों सहित मौजूद कई गणमान्य नागरिक इस गौरवशाली पल के साक्षी बने। ज्ञात हो कि भारत की महिला शूटरों ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल वर्ग में तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया है। जिन तन महिला शूटरों ने देश को गौरवान्वित किया है उनमें इन्दौर की बेटी मानवी जैन एक है।

## क्रिकेटर प्रवीण तांबे का सफर मुश्किलों भरा रहा

मुम्बई (ईएमएस)। सबसे अधिक उम्र 41 साल में आईपीएल खेलने वाले प्रवीण तांबे का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा। उनकी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आये। उनकी जिंदगी पर एक फिल्म भी आई थी। यह फिल्म काफी चर्चाओं में भी रही थी। प्रवीण ने क्रिकेटर बनने से पहले रिपिंग से लेकर कारपोरेट तक कई जगह काम किया था पर टिक नहीं पाये। ऐसे में डीवाई पाटिल ने उन्हें क्रिकेट खेलने का काम दिया।

आईपीएल शुरू होने के 5 साल बाद 2013 में पहली बार राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें टीम में जगह दी। तब वह 41 साल के थे। वह इस तरह डेब्यू करने वाले सबसे उम्रदराज आईपीएल खिलाड़ी बने थे। तांबे ने आईपीएल 2013 से 2016 के बीच कुल 33 मुकाबले खेले थे। इस दौरान उन्होंने 7.75 की औसत से 28 विकेट लिए। तांबे ने आईपीएल 2014 में दो हैट्रिक भी ली हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हैट्रिक लेने के बाद प्रवीण तांबे को 'मैन ऑफ द मैच' अवॉर्ड से नवाजा गया था। प्रवीण को 2013-2014 में रणजी ट्रॉफी में मुंबई क्रिकेट टीम में पहली बार शामिल किया। तब उन्होंने उड़ीसा के खिलाफ डेब्यू किया था।



मुल्तान में जेक काउले को आउट करने के बाद उत्साहित पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी।

## विराट को आदर्श मानते हैं नित्या पंड्या

चेन्नई (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया की अंडर19 टीम के खिलाफ दूसरे यूथ टेस्ट में 94 रन बनाने वाले भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी नित्या पंड्या अपना आदर्श विराट कोहली को मानते हैं। नित्या के अनुसार विराट की तरह स्लेज करो और किंग की तरह बल्लेबाजी करो। नित्या ने ऑस्ट्रेलिया की अंडर19 टीम के खिलाफ दूसरे यूथ टेस्ट में 94 रन बनाये थे। नित्या की इस पारी से ही भारतीय अंडर-19 टीम ने मैच के पहले दिन ही 5 विकेट पर 316 रन बना लिए थे। नित्या ने इससे पहले यूथ टेस्ट मैच में 9 और 51 रन बनाये थे। नित्या के कोच दिग्विजय ने कहा, 'वह अपना स्वाभाविक खेल खेलता है और दबाव में नहीं आता।'वह शुरू से ही विराट से प्रभावित रहा है। उन्होंने कहा, 'मैदान पर लगातार बातें करना या स्लेज करना उसने कोहली को देखकर ही सीखा है। वह कोहली की तरह बनना चाहता है। कोहली के जैसे शॉट खेलना, आक्रामक रहना उसे सबसे अधिक पसंद है। इसलिए अगर वह मैदान पर शांत है तो समझ लीजिए कि उसके दिमाग में कुछ चल रहा होगा।'

## भारतीय टीम की जीत का श्रेय गंभीर नहीं रोहित को दें : गावस्कर

मुम्बई (ईएमएस)। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जीत का श्रेय कोच गौतम गंभीर को नहीं कप्तान रोहित शर्मा को दिया जाना चाहिये। गावस्कर ने कहा कि रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले कुछ साल में आक्रामक रणनीति से उतरते हुए जीत दर्ज कर रही है। रोहित के इस निडर प्रयास से टीम की शैली बदल रही है। गावस्कर ने कानपुर टेस्ट में भारत की जीत के लिए लिए गंभीर को अधिक मान्यता देने को गलत बताया है। साथ ही कहा कि ये एक प्रकार की चापलूसी है। गावस्कर ने लिखा, जबकि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच मैकुलम के आने के बादद तहत इंग्लैंड की बल्लेबाजी का तरीका पूरी तरह से बदल गया, वहीं हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि रोहित भी इसी तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं और अपनी टीम को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गंभीर को कोचिंग दिए हुए अभी कुछ महीने ही हुए हैं, इसलिए इस रवैये को गंभीर का बताना गलत है।



अस्थाना में आईटीटीएफ एशियन टेबल टैनिस में रिटर्न शॉट लगाती हुई जापान की हैरीमोटो।

# मेगन की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराया

**टी20 महिला विश्व कप :**



शारजाह (ईएमएस)। मेगन शट की की घातक गेंदबाजी से आईसीसी टी20 महिला विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को 61 रनों से हरा दिया है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 148 रन बनाये। इसके बाद मेगन की गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम टिक नहीं पायी और केवल 88 रन पर ही सिमट गयी। मेगन ने 3 रन देकर 3 विकेट लिए। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की। उसकी ओर से बेथ मूनी ने सबसे ज्यादा 40 रन जबकि एलिस पेरी ने 30 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम बल्लेबाजी में विफल रही। इस मैच में तीन विकेट लेने के साथ ही मेगन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 विकेट लेने के साथ ही मेगन ने दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल के 43 विकेट को रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस मैच से पहले दोनों ही संयुक्त रूप से पहले स्थान पर थी पर अब मेगन पहले नंबर पर पहुंच गयी हैं। मेगन ने गेंदबाजी में 1 ओवर मेडल डाला और 3 रन देकर 3 विकेट अपने लिए।

# भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में जीतने गेंदबाजी में करने होंगे बदलाव : वाटसन



मुंबई (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि भारतीय टीम अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने तेज गेंदबाजों को बदलाव के साथ उतारती है तो उसके जीतने के अधिक अवसर होंगे। भारतीय टीम ने पिछले दो दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को उसी की धरती पर पराजित किया था। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से करेगी।वाटसन ने कहा, 'भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के पास इस सीरीज दर्ज करने की क्षमता है। उनकी गेंदबाजी काफी प्रभावी है पर ऑस्ट्रेलिया में लगातार पांच टेस्ट मैचों में ऐसा करने में सक्षम होने के लिए उन्हें सही तरीके से गेंदबाजी में बदलाव करना होगा।' उन्होंने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय टीम के पास रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी स्पिनर हैं जो हर प्रकार के हालातों में अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया की कुछ पिचों पर उन्हें उस तरह की मदद नहीं मिलेगी जैसी दुनिया के दूसरे हिस्से में मिलती है।' वाटसन ने कहा, 'कम सहायता के बाद भी वे प्रभावी होंगे पर वे कितने प्रभावी होंगे यह देखना होगा।' भारत को 2018-19 और 2020-21 में सीरीज में जीत दिलाने में बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने अहम भूमिका निभाई थी लेकिन वाटसन को नहीं लगता कि उनके नहीं होने से टीम पर कोई असर नहीं पड़ेगा क्योंकि भारत के पास यशस्वी जायसवाल जैसा बल्लेबाज है। उन्होंने साथ ही कहा, 'यशस्वी विरोधी टीम के गेंदबाजों को आउट करने का मौका नहीं देते है। इस तरह के बल्लेबाज अगर ऑस्ट्रेलिया में आते हैं और आक्रामक तरीके से खेलते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाते हैं, तो वे अधिक प्रभाव डाल सकते हैं। इस तरह के बल्लेबाज मैच को तेजी से आगे बढ़ते है।' उन्होंने कहा, 'भारत के पास जिस क्षमता वाले बल्लेबाज हैं और उनके पास जो कौशल है, ऐसा कोई कारण नहीं है कि वे गेंदबाजों पर दबाव डालने में विफल रहेंगे। वे बिना गलती किये तेजी से रन बना सकते हैं।' वॉटसन ने कहा कि भारत को हराने के लिए मेजबान ऑस्ट्रेलिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के पास ऐसी टीम है जिसके पास दबाव बनाने की क्षमता है। यह टीम ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में बड़ी चुनौती दे सकती है। ।'

## युवराज ने की अभिषेक की खिंचाई, दिमाग का सही इस्तेमाल करें



ग्वालियर (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। अभिषेक 7 गेंदों पर 16 रन बनाकर रन आउट हो गए। इससे वह बेहद निराश नजर आये। अभिषेक ने सोशल मीडिया में पोस्ट साझा कर लिखा, हर रन, हर गेंद-यह सब टीम के लिए है। इसी को लेकर पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी उनकी खिंचाई की है। युवराज ने लिखा कि हमें दिमाग का सही इस्तेमाल करना चाहिये।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही अभिषेक ने अपना पहला टी20 शतक लगाया था। बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में अभिषेक ने शतक के बाद युवराज सिंह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब वह शून्य पर आउट हुए थे तो युवराज बहुत खुश थे। उन्होंने कहा था, उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता क्यों, लेकिन जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि उन्हें मेरे परिवार की तरह ही मुझ पर बहुत गर्व होना चाहिए।

युवराज और अभिषेक के बीच का रिश्ता काफी गहरा है। ये ऐसा ही है जो एक पूर्व और एक मौजूदा भारतीय क्रिकेटर के बीच होता है। अभिषेक ने एक वीडियो में कहा था, मैं उनकी वजह से इस स्तर पर खेल रहा हूं। उन्होंने मुझ पर बहुत मेहनत की है।

## आज करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं यशस्वी



नई दिल्ली (ईएमएस)। युवा क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल आज भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे हैं। यशस्वी ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट टीम में भी जगह बना ली है। वह टी20 और टेस्ट के एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर सामने आये हैं। आज यशस्वी के पास करोड़ों की संपत्ति है पर उनका यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। यशस्वी आर्थिक रुप से एक बेहद कमजोर परिवार से आते हैं। एक समय क्रिकेट की बारिकियों को सीखने के लिए वह टेंट में भी रहे हैं हालांकि अभी वह क्रिकेट के कारण काफी अच्छी जिंदगी जी रहे हैं। वह अपनी कड़ी मेहनत के बल पर ही यहां तक पहुंचे हैं। यशस्वी ने आईपीएल में अपनी शानदार बल्लेबाजी के दम पर टीम इंडिया में जगह बनाई। वह आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार यशस्वी जायसवाल की इस साल नेट वर्थ बढ़कर 16 करोड़ हो गई है। उन्होंने ये कमाई क्रिकेट के अलावा ब्रैंड के एंडोर्समेंट से की है। जायसवाल की मासिक आय करीब 35 लाख रुपये है जबकि सालाना आय 4 से 4.8 करोड़ के करीब है। कमाई का मुख्य जरिए उनका आईपीएल है। उन्हें आईपीएल से हर सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से 4 करोड़ मिलते हैं। यशस्वी जायसवाल के पिता भूपेंद्र जायसवाल की पेंट की दुकान है। वह बचपन में पिता का हाथ बंटाते थे. लेकिन उनका सपना क्रिकेटर बनने का था और उस सपने को लेकर वह 12 साल की उम्र में मुंबई पहुंच गये थे।

यशस्वी को फरवरी 2024 में बीसीसीआई ने अपने सालाना अनुबंध के तहत बी कैटेगरी में रखा था। उन्हें बीसीसीआई से सालाना 3 करोड़ रुपये मिलते हैं। साल 2020 में यशस्वी ने राजस्थान रॉयल्स के साथ 2. 40 करोड़ में करार किया था जबकि 2022 में बढ़कर यह राशि 4 करोड़ पहुंच गई। क्रिकेट के मैदान पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद यशस्वी की ब्रैंड वैल्यू भी बढ़ रही है। मौजूदा समय में वह कई बड़ी कंपनियों के विज्ञापनों में नजर आ रहे हैं. उनके पास बोट, जेबीएल इंडिया और फायरबोल्ट जैसी कंपनियों के विज्ञापन हैं। इससे उनकी लोक्रपियता तेजी से बढ़ी है।

यशस्वी के पास आज महिंद्रा थार, टाटा हारियर और मर्सिडीज बेंज सीएलए 200 जैसी कारें हैं। इसके अलावा उनके पास एक आलीशान घर भी है।

# अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे सचिन



मुंबई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले संस्करण के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। आईएमएल में भारत के साथ ही श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 17 नवंबर से 8 दिसंबर तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में कई दिग्गज खिलाड़ी दिखेंगे। इसमें वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा, श्रीलंका के कुमार संगकारा, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन , इंग्लैंड के इयोन मोर्गन , और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस भी खेलेंगे। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 17 नवंबर से भारत और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। और लीग एम्बेस्डर तेंदुलकर ने कहा, आईएमएल के राजदूत और चेहरे के रूप में मैं लीग में इंडिया मास्टर्स का नेतृत्व करने और उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं।

यह अगली पीढ़ी को प्रेरित करने का एक अवसर है, साथ ही हम सभी को पसंद आने वाले खेल का जश्न मनाने का भी। वहीं श्रीलंकाई कप्तान ने कहा, इस प्रारूप में एक बार फिर सचिन जैसे सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलना विशेष है। प्रशंसकों को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने और कुछ अविस्मरणीय क्षणों को फिर से जीने का मौका मिलेगा। इस टूर्नामेंट के दूसरे मैच में शेन वॉटसन की ऑस्ट्रेलिया टीम जैक्स कैलिस की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। इसके बाद श्रीलंका और इयोन मोर्गन की इंग्लैंड के बीच एक और मुकाबला होगा। ब्रायन लारा की कप्तानी में वेस्टइंडीज टीम ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान शेन वॉटसन ने कहा, खेल के इतने सारे दिग्गजों को एक साथ एक लीग में खेलते हुए देखना एक विशेष अनुभव रहेगा।

## न्यूजीलैंड ने भारत दौरे के लिए घोषित की टीम, टॉम लेथम करेंगे कप्तानी

ऑकलैंड (ईएमएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इसी माह शुरु हो रहे भारत दौरे के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस दौरे पर दोनो देशों के बीच 16 अक्टूबर से 3 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। केन विलियम्सन के चोटिल होने के कारण टॉम लेथम को इस दौरे के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है। विलियम्सन चोटिल हैं और फिट होने पर ही टीम से जुड़ सकेंगे। भारत और न्यूजीलैंड की यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा होने के कारण बेहद अहम है। भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में पहले नंबर पर है। अगर वह इस सीरीज में 3-0 से जीत लेती है तो डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच सकेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम अंक तालिका में छठे नंबर पर है और उसके फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कम हैं।

न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को भारत पहुंचेगी। इस दौरे के लिए टीम में शामिल विलियम्सन पहला टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में माइकल ब्रेसवेल को विलियम्सन के विकल्प के तौर पर रखा गया है। विलियम्सन के दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम से जुड़ने की संभावना है।

टीम इस प्रकार हैः टॉम लेथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स, माइकल ब्रेसवेल (केवल पहला टेस्ट), ईश सोढ़ी (दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउदी, केन विलियम्सन, विल यंग।

## मेगन , रचेल सहित कुछ महिला क्रिकेटरों ने आपस में ही रचाई शादी

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की कुछ खूबसूरत महिला क्रिकेटरों ने आपस में ही शादी की है। इसमें मेगन शट , जीस जोनासेन , रचेल हेंस और लीजेल ली जैसी क्रिकेटर शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज मेगन ने अपनी एक दोस्त जेस होलियोक के साथ शादी की है।

ऑस्ट्रेलिया की ही जीस जोनासेन ने महिला मित्र साराह वीयर्न से शादी की। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की ही रचेल हेंस ने अपनी गर्लफ्रेंड लीह पॉल्टन से शादी की है। साल 2021 में दोनों ने बच्चे को भी गोद लिया और अभिभावक बने। पॉल्टन भी क्रिकेट खेलती हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर नतालिया सीवर ने साल 2022 में साथी खिलाड़ी कैथरीन ब्रंट के साथ ही शादी की थी।

दक्षिण अफ्रीका की तूफानी खिलाड़ी लीजेल ली ने साल 2020 में लंबे समय तक रिश्ते में रहने के बाद तांजा क्रोन्ये से शादी की। क्रोन्ये भी क्रिकेट खेलती हैं और घरेलू मैच के दौरान ही दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी थी। ली ने 100 वनडे में 3 शतक और 23 अर्धशतक के दम पर 3315 रन बनाए हैं। वहीं 82 टी20 इंटरनेशनल में एक शतक और 13 अर्धशतक के सहारे 1896 रन अपने नाम किए हैं.ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर एलेक्स ब्लैकवेल ने लिंसे एक्यू से जबकि न्यूजीलैंड की एमी सदरवेट ने अपनी साथी क्रिकेटर ली ताहुहु के साथ शादी की है।

## बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह ने टी20 से संन्यास लिया

ग्वालियर (ईएमएस)। बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह रियाद ने संन्यास की घोषणा कर दी है। महमूदुल्लाह ने कहा है कि भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद वह नहीं खेलेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की सीरीज का अंतिम मैच शनिवार को हैदराबाद में खेला जाएगा। महमूदुल्लाह ने कहा ''हां, मैं इस सीरीज के अंतिम मैच के बाद टी20 को अलविदा कह रहा हूं। साथ ही कहा कि मेरा संन्यास का फैसला पहले से तय था। अब वह एकदिवसीय प्रारुप पर ही पूरा ध्यान देंगे। इस बल्लेबाज ने साल 2021 में अपने टेस्ट प्रयारु से संन्यास ले लिया था। महमूदुल्लाह ने साल 2007 में पदार्पण करने के बाद से ही बांग्लादेश की ओर से 50 टेस्ट, 232 एकदिवसीय और 139 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं।

## शादी के लिए स्वदेश लौट रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन

मुल्तान (ईएमएस)। पाकिस्तान के दौरे पर गये इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली स्टोन सीरीज के बीच में ही स्वदेश लौटने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ओली शादी के लिए अपने घर जा रहे हैं। उनकी शादी इस सप्ताह के अंत में होनी है। उनका रावलपिंडी में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए लौटना भी कठिन है। इस तेज गेंदबाज को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। उनकी जगह टीम ने ब्राइडन कार्से को शामिल किया था। इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने कहा है कि वह स्टोन के साथ पूरा सहयोग करेगा।

स्टोन ने दौरे से पहले ही इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की और कोच ब्रेंडन मैकुलम को बता दिया था कि उन्हें शादी के लिए बीच में घर लौटना पड़ेगा। टेस्ट सीरीज से पहले, स्टोन ने बताया था कि उनकी शादी की योजना इस उम्मीद के साथ बनाई गई थी कि वह नॉट्स के लिए खेल रहे होंगे। साथ ही ये भी कहा कि उनकी होने वाली पत्नी नेस ने उनके हर प्रस्ताव का समर्थन किया किया है। स्टोन ने कहा, हमने शादी की तारीख इस आधार पर तय की थी कि मैं उस समय केवल नॉट्स के लिए खेल रहा था।

## अभी तेज गेंदबाजी से अधिक निरंतरता पर ध्यान दे रहे मयंक यादव



ग्वालियर (ईएमएस)। युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने कहा है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता जरूरी है। इसलिए वह अभी उसी पर ध्यान दे रहे हैं हालांकि गेंद की गति भी हमेशा से ही उनके दिमाग में रही है। मयंक ने चोट से वापसी के बाद बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले ही टी 20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया था। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि तेज गति से वह प्रभावित रहे हैं पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिटनेस बनाये रखने के लिए अभी वह सिर्फ निरंतरता पर ध्यान दे रहे हैं। इस साल आईपीएल में 150 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक की गति से गेंदबाजी कर रिकार्ड बनाने वाले इस गेंदबाज ने अपनी गति से बांग्लादेश के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया था। उनका पहला ओवर मेडन रहा। उन्होंने अपने चार ओवर 14 डॉट गेंद डाली और 21 रन देकर एक विकेट हासिल किया। मयंक ने कहा, 'मैं डेब्यू को लेकर उत्साहित था पर थोड़ा घबराया भी हुआ था। इसका कारण है कि पिछले कुछ समय में मुझे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के अधिक अवसर नहीं मिले थे और अचानक ही मुझे भारतीय टीम से बुलावा आ गया। मुझे मौका मिला। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण कर रहा था इसलिए थोड़ा घबराया हुआ था। आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलते हुए लगातार दो मैचों में मैन ऑफ द मैच रहे मयंक को पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा था। मयंक जानते है कि उन्हें पहचान तेज गेंदबाजी से मिली है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे बने रहने के लिए वह लाइन व लेंथ में निरंतरता जरूरी मानते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी गति हमेशा मेरे दिमाग में रहती है पर अपनी आईपीएल यात्रा के दौरान मैंने सीखा है कि इस प्रारूप में और खासकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता सबसे अहम है। इस गेंदबाज ने कहा, 'लाइन और लेंथ महत्वपूर्ण हैं। लगातार सही लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करने से वास्तव में मदद मिलती है क्योंकि बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाते हैं। मैं अपनी लाइन और लेंथ को सटीक रखने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मयंक ने कहा कि उनके लिए चोट से उबरने के दौरान पिछले चार महीने काफी चुनौतीपूर्ण थे। उन्होंने कहा, 'मेरी चोट के दौरान का समय वास्तव में कठिन था क्योंकि पिछले चार महीनों में मुझे कई चरणों से गुजरना पड़ा, उतार-चढ़ाव देखना पड़ा। आईपीएल के दौरान उन्होंने लेंथ और अत्यधिक गति पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ इस गेंदबाज ने धीमी गेंदों को भी फेंका। उन्होंने कहा, 'मैंने आईपीएल के दौरान धीमी गेंदों का अधिक उपयोग नहीं किया क्योंकि उनकी वास्तव में आवश्यकता नहीं थी।

# दिल्ली सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सीएम हाउस को सील किया



नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग ने सीएम हाउस को सील कर दिया है। अवैध इस्तेमाल के आरोप में सीएम हाउस को सील किया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी के कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास खाली कराया गया है। साथ ही उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। इस विवाद पर उपराज्यपाल कार्यालय ने बयान जारी कर कहा है कि शीश महल सीएम आवास नहीं है। मुख्यमंत्री आवास को सील करने का कारण हैंडओवर की प्रक्रिया का पालन नहीं करने को बताया गया है। दिल्ली के विजिलेंस विभाग ने पीडब्ल्यूडी के दो सेक्शन ऑफिसर और अरविंद केजरीवाल के पूर्व स्पेशल सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री यहां शिफ्ट हुई थीं। मुख्यमंत्री आतिशी के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास खाली कराया गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के इशारे पर उपराज्पाल ने जबरन सीएम आतिशी का सामान सीएम आवास से निकाला गया।

उपराज्यपाल कार्यालय ने बयान में कहा कि इस घर का मालिक अन्य सभी मुख्यमंत्रियों के आवास की तरह पीडब्ल्यूडी है। पीडब्ल्यूडी ही घर खाली होने पर उसका कब्जा लेता है, उसकी इंवेंट्री बनाता है और फिर उसको विधिवत आवंटित करता है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घर खाली करने का नाटक तो किया पर पीडब्ल्यूडी को घर का कब्जा नहीं दिया। वह क्या छुपा रहे थे?

साथ ही उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि यह घर सीएम आतिशी को अब तक आवंटित नहीं किया गया है। उनका आवंटित आवास अभी भी 17 एबी मथुरा रोड है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देने के बाद सीएम हाउस को भी खाली कर दिया था। हालांकि भाजपा लगातार उनके सीएम हाउस के इस्तेमाल का आरोप लगा रही थी। इस मामले में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए कहा कि आपके पाप का घड़ा भर गया है। उन्होंने कहा कि आपका भ्रष्टाचारी शीशमहल आखिरकार सील हो ही गया।

इससे पहले आप ने आरोप लगाया था कि अधिकारियों के दबाव में आकर आतिशी को सरकारी बंगला आवंटित नहीं किया जा रहा है, जबकि केजरीवाल यह बंगला कब का खाली कर चुके हैं।

हम इस तरह की स्थिति को दिल्ली में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने इस संबंध में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अब तक विधिक रूप से आतिशी को सरकारी बंगला आवंटित नहीं किया है, जबकि अरविंद केजरीवाल कब का बंगला खाली कर चुके हैं। भाजपा अब इसमें भी मनमानी कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर ठगों से 1 करोड़ की रिकवरी

लखनऊ(ईएमएस)। लखनऊ के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक महीने में 21 साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया। उनके द्वारा ठगे गए करीब 1 करोड़ रुपए लोगों को वापस कराए। साइबर जालसाजों ने अलग-अलग तरीकों ने लोगों से ठगी की थी। सूचना के आधार पर पीड़ितों को आधा से ज्यादा रुपए बैंक अकाउंट फ्रीज करके वापस कराए। जनवरी 2024 से जून 2024 तक करीब 4500 शिकायत लखनऊ के साइबर सेल और साइबर थाना में रजिस्टर हुए हैं। जिसमें करीब 22 करोड़ की ठगी के मामले साइबर सेल में और 152 करोड़ की ठगी के मामले साइबर थाने में दर्ज हुए हैं। कुल साइबर ठगी के 174 करोड़ में सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ हुआ है। हालांकि समय रहते खाता फ्रीज कर 119 करोड़ रुपए बचा लिए।

### फ्लाइट में बम की सूचना निकली गलत

नई दिल्ली(ईएमएस)। लंदन से दिल्ली आ रही विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट-के 18 में बम सूचना की खबर के बाद यात्रियों में पैनिक फैल गया। हालांकि, यह खबर झूठी निकली, लेकिन तलाशी तक यात्री घबरा गए। पैसेंजर ने कहा- पूरा रास्ता डर के बीच निकला। बम की सूचना बुधवार को फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने के 3.30 घंटे पहले मिली। किसी ने टिश्यू पेपर पर यह लिखकर टॉयलेट में चिपका दिया कि फ्लाइट में बम है। फ्लाइट के दिल्ली लैंड करने के बाद पूरी फ्लाइट और पैसेंजर्स की चेकिंग की गई। क्रू मेंबर ने टिश्यू पेपर निकाला और फिर एक-एक पैसेंजर का सामान चेक किया गया। हालांकि सामान में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस फ्लाइट में 300 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे।

### विदेशी दौरा रद्द करने पर ट्रैवल कंपनी को एडवांस राशि जप्त करने का अधिकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने एक फैसला दिया है। उसके अनुसार विदेशी टूर पैकेज को लेकर ट्रैवल कंपनियों के बीच होने वाले विवाद के लिए इस महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोग ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है। विदेशी दौरे के लिए यदि ट्रैवल एजेंट को कोई एडवांस राशि दी गई है। उस दोरे को यदि किसी कारण से रद्द कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में वह ट्रैवल एजेंट से अपना एडवांस वापिस मांगने का हकदार नहीं होगा।

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अपने फैसले में कहा है। विदेशी दौरे के लिए ट्रैवल एजेंसी को टूर के लिए बुकिंग पहले करनी पड़ती है। उसके लिए ट्रैवल एजेंसी को एडवांस देना पड़ता है।यदि दौरा रद्द होता है, तो एडवांस की राशि वापस नहीं होती है।विदेश में एडवांस पेमेंट 45 दिन पहले होता है।जो नॉन रिफंडेबल होता है। चेन्नई के डॉक्टर एस नागराजन ने परिवार के साथ यूरोप घूमने का प्लान बनाया था। 2010 में उन्होंने टूर बुक किया था।ट्रैवल एजेंसी को ₹90000 एडवांस दिए थे।वीजा नहीं मिलने पर टूर कैंसिल हो गया था। ट्रैवल कंपनी मेक माई ट्रिप ने एडवांस राशि वापस नहीं की। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अपने फैसले पर कंपनी पर लगाया हुआ जुर्माना रद्द करते हुए यह फैसला दिया है।

### वरिष्ठ मलयालम अभिनेता टीपी माधवन का निधन

तिरुवनंतपुरम (ईएमएस)। वरिष्ठ मलयालम फिल्म अभिनेता टी.पी. माधवन का बुधवार को कोल्लम के अस्पताल में निधन हो गया, यह जानकारी फिल्म जगत के सूत्रों से मिली। 88 वर्षीय माधवन ने 40 साल की उम्र में पत्रकारिता छोड़कर फिल्म उद्योग में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म 1975 की प्रसिद्ध मलयालम फिल्म रागम थी। इसके बाद उन्होंने 600 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, इसमें ज्यादातर मलयालम थीं।

माधवन एक बहुमुखी अभिनेता थे, जिन्होंने कॉमेडी और गंभीर भूमिकाओं को बड़ी आसानी से निभाया। 2016 में उन्होंने अपनी आखिरी फिल्म की थी, इसके बाद उनकी सेहत बिगड़ने लगी और तब से वह कोल्लम जिले के एक वृद्धाश्रम में रह रहे थे। अपने लंबे करियर में उन्होंने कई टीवी सीरियलों में भी काम किया। निजी जीवन में उनकी शादी तलाक पर समाप्त हुई और उनके पीछे उनका एक बेटा है, जो मुंबई में फिल्म निर्देशक है।

### दोहरी नागरिकता पर दोहरा टैक्स सही : आयकर ट्रिब्यूनल

नई दिल्ली (ईएमएस)। हाल ही में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने एक व्यक्ति जो भारत और अमेरिका दोनों का नागरिक था। इस मामले में,अपीलीय न्यायाधिकरण ने दोहरी नागरिकता के मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। अमेरिकी नागरिक ने 2012-13 में भारत में 183 से अधिक दिन बिताए। जिससे वह भारतीय कर के लिए जिम्मेदार हो गए।अमेरिकी नागरिकता के कारण वे अमेरिका में भी कर की देयता के लिए जिम्मेदार माने गए।

इस मामले में जिस व्यक्ति के ऊपर भारतीय कर अधिनियम के तहत करारोपण किया गया था। उसने तर्क दिया, उनके परिवार के अधिकांश सदस्य अमेरिकी नागरिक हैं। उनकी बड़ी निवेश राशि अमेरिका में है। उसने अमेरिकी नागरिक की स्थिति मे दलील दी,कहा अमेरिकी नागरिक होने के आधार पर उन पर भारत में आयकर नहीं लगाया जा सकता है।

आयकर विभाग ने तर्क दिया, व्यक्ति का परिवार मुंबई में रहता है।वह भारत में एक निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

## यूपी सरकार का बड़ा फैसला, डीजीपी मुख्यालय ने जारी किया आदेश

### महाकुंभ में नहीं लगेगी शराबी और मांसाहारी पुलिसकर्मी की ड्यूटी

लखनऊ (ईएमएस)। प्रयागराज महाकुंभ में शराब पीने वाले और मांसाहार का सेवन करने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। डीजीपी मुख्यालय ने सभी कमिश्नरेट और रेंज से प्रयागराज भेजे जाने वाले पुलिस बल के संबंध में इसका विशेष ध्यान देने को कहा है। साथ ही कहा है कि, उनकी सत्यनिष्ठा, छवि, आम शोहरत और चाल-चलन अच्छी होनी चाहिए। इसके अलावा पुलिसकर्मियों की आयु सीमा को लेकर भी दिशा-निर्देश दिया है।

डीजीपी मुख्यालय में एडीजी स्थापना संजय सिंघल की ओर से जारी पत्र के मुताबिक महाकुंभ भेजे जाने वाले आरक्षियों की उम्र सामान्यतः 40 वर्ष होनी चाहिए। इसी तरह मुख्य आरक्षी 50 वर्ष से अधिक और उपनिरीक्षक एवं निरीक्षक 55 वर्ष से अधिक उम्र के नहीं होने चाहिए। ऐसे किसी भी पुलिसकर्मी को महाकुंभ में ड्यूटी के लिए नहीं भेजा जाएगा, जो प्रयागराज का मूल निवासी है। साथ ही, वह शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ, चैतन्य और व्यवहार कुशल होना चाहिए। उन्होंने पहले चरण में पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए 10 अक्टूबर, दूसरे चरण के लिए 10 नवंबर और तीसरे चरण के लिए 10 दिसंबर तक नाम भेजने का निर्देश दिया है। इसके अलावा लिपिक संवर्ग और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भी तैनाती के लिए नाम भेजने को कहा है।

15 पीपीएस अफसर किए संबद्ध

इसके अलावा डीजीपी मुख्यालय ने महाकुंभ के लिए 15 पीपीएस अफसरों को एसपी कुंभमेला क्षेत्र के साथ संबद्ध किया है। जिसमें तीन एएसपी दिनेश कुमार द्विवेदी, विशाल यादव और दुर्गा प्रसाद तिवारी शामिल हैं। इसी तरह 12 डिप्टी एसपी भेजे गए हैं, जिनमें विनोद कुमार, प्रकाश राम आर्य, अभिषेक यादव, हर्ष कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह यादव, रंजीत यादव, रजनीश कुमार यादव, महिपाल सिंह, विनोद कुमार दुबे, विजय प्रताप यादव-2, पवन कुमार-2, विजय सिंह यादव शामिल हैं। इन सभी को आगामी 15 अक्टूबर तक प्रयागराज जाने का आदेश दिया गया है।

### दूसरे दलों के भरोसे चलने वाली पार्टी बन गई कांग्रेस : गुप्ता

जम्मू (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। चुनाव में एनसी को 42 सीटें, वहीं कांग्रेस महज 6 सीट जीतने में कामयाब रही। बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता कविंदर गुप्ता ने चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन पर चुटकी लेकर कहा कि कांग्रेस को अपनी मोहब्बत की दुकान पर शटर लगा देना चाहिए। कांग्रेस के एक प्रत्याशी ने राजौरी में कुछ हजार वोटों से जीत हासिल की। कांग्रेस बस एनसी के कंधे पर चलने वाली पार्टी बनकर रह गई है। इनके दिग्गज नेताओं की चुनाव में बुरी हालत देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत है, इस कारण सरकार नेशनल कॉन्फ्रेंस की बनेगी।

## हरियाणा किसानों ने कांग्रेस को दिखाया आईना,किससे नाराज

लखनऊ (ईएमएस)। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में 90 में से 48 सीटें हासिल की, जबकि जम्मू-कश्मीर में 90 में से 29 सीट हासिल करके दूसरा सबसे बड़ा दल बनी। दोनों राज्यों में पार्टी की कामयाबी पर उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा, जनादेश स्पष्ट है। हरियाणा के मुख्यमंत्री के कामों पर जनता ने विश्वास किया है, और पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों में, चाहे वह दवा हो, राशन हो या कानून व्यवस्था, सब पर जनता ने विश्वास जताया है। जनता हमेशा उसी को पसंद करती है, जो बेहतर काम करता है। कई दिनों से हम सुनते आ रहे थे कि जाट समुदाय जिसे चाहेगा, उसे मुख्यमंत्री बनाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो**
**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**
(एस0बी0डी0 आधारित अति अल्पकालीन ई–निविदा)

ई–निविदा प्रसंग संख्या– RCD/BOKARO/1303/F.Y. 2024-25
दिनांक–09.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, बोकारो अन्तर्गत "बोकारो सेक्टर–11 से तेलमच्चो पुल तक पथ (कुल लम्बाई 3.65 कि0मी0) के IRQP कार्य" वर्ष 2024–25. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 3,13,94,500.00 (तीन करोड़ तेरह लाख चौरानबे हजार पॉच सौ रूपये ) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | 02(दो) माह। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन होने की तिथि एवं समय | 16.10.2024, 12.00 बजे दोपहर। |
| 5. | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23.10.2024, 12.00 बजे दोपहर तक। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बोकारो। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06542–265569 |
| 8. | ई–प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2400210 |

नोट :– प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत ब्यौरा के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, बोकारो।

PR 338489
Road(24-25)D


## लखीमपुर में भाजपा विधायक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

### पुलिस के सामने खींचकर गिराया; बार संघ अध्यक्ष और लोगों ने जड़े थप्पड़

लखीमपुर-खीरी(ईएमएस)। लखीमपुर में भाजपा विधायक योगेश वर्मा को पुलिस के सामने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने उन्हें पहले थप्पड़ मारे। इसके बाद उनके समर्थक भी उन पर टूट पड़े। विधायक को खींचकर गिराया। उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर लात-घूसों से मारा। 8-10 पुलिसकर्मी उन्हें बचाने में लगे रहे। लेकिन लोग उन्हें पीटते रहे। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बचाया। पूरा मामला अर्बन कॉपरेटिव बैंक चुनाव का है। इस चुनाव में निवर्तमान चेयरमैन पुष्पा सिंह और पूर्व चेयरमैन मनोज अग्रवाल का खेमा मैदान में है। बुधवार को दोनों अपने-अपने डेलीगेट्स के साथ नामांकन करने के लिए कॉपरेटिव बैंक ऑफिस पहुंचे थे। सदर विधायक योगेश वर्मा का आरोप है कि मनोज अग्रवाल खेमे के समर्थित प्रत्याशी राजू अग्रवाल का पर्चा वकीलों ने फाड़ दिया। उन्हें पीटा भी। विधायक को यह बात पता चली, तो वह भी मौके पर पहुंच गए। विधायक को देखकर पुष्पा सिंह के पति अवधेश सिंह भडक़ गए। दोनों में कहासुनी हुई। जब तक विधायक कुछ समझ पाते, उन्हें थप्पड़ जड़ दिए। पीछे से उनके समर्थक आ गए। विधायक को घेरकर मारा।

वीडियो में विधायक योगेश आते दिख रहे हैं, तभी सामने से अवधेश आ जाते हैं। दोनों के बीच पहले बहस होती है। इतने में अवधेश विधायक पर टूट पड़ते हैं। उन्हें थप्पड़ जड़ देते हैं। विधायक के गनर उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।

# विकास सप्ताह, विकास गाथा : गुजरात में ज्योतिग्राम योजना से जगमगा उठे गांव

### 1 हजार दिनों के अभियान में 17 लाख नए बिजली के खंभे लगाए और 78 हजार किमी लंबी केबल बिछाई गई

#### ज्योतिग्राम योजना से राज्य के गांवों में उद्योगों का विकास हुआ, शिक्षा के नए अवसर खुले



गांधीनगर (ईएमएस)| 7 अक्टूबर, 2001 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शुरू हुई गुजरात की अविरत विकास यात्रा को 7 अक्टूबर, 2024 को 23 वर्ष पूरे हो गए हैं। नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, तब से लेकर अब तक की ग्लोबल गुजरात की संकल्प सिद्धि की इस बहुविध विकास यात्रा और जनहितकारी सुशासन की गाथा को जन-जन के बीच उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष 7 से 15 अक्टूबर के दौरान पूरे राज्य में उमंग और उत्साह के साथ 'विकास सप्ताह' मनाने की शुरुआत हुई है। नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से दूरदर्शी विजन के साथ गुजरात में समस्याओं के समाधान की रणनीतिक योजना बनाई, वह उन्हें एक कुशल नेता के रूप में स्थापित करती है। मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह था गांवों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाना। इसके लिए उन्होंने ज्योतिग्राम योजना की घोषणा की थी। अत्यंत कठिन मालूम हो रहे इस काम को दूरदर्शिता और योजनाबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। नतीजा यह कि, आज गुजरात के गांव 24 घंटे बिजली से जगमगा रहे हैं।

#### 'कम से कम रात्रि भोजन के समय तो बिजली का इंतजाम करिए'

ज्योतिग्राम योजना योजना की सफलता को लेकर एक कार्यक्रम में बोलते हुए मोदी ने बताया कि, "अक्टूबर, 2001 में जब मुझे गुजरात का दायित्व मिला, तब कई लोग मुझसे मिलने के लिए आया करते थे और कहते थे कि कम से कम इतना तो करिए कि रात्रि भोजन के समय बिजली उपलब्ध हो। यह उनकी मांग थी। इसके बाद हमने ज्योतिग्राम योजना का अभियान चलाया और लोगों की भागीदारी से चलाया। हमने 1 हजार दिनों तक यह अभियान चलाया और मैंने तय किया कि प्रत्येक गांव को चौबीस घंटे बिजली मिलनी चाहिए। इसके लिए जिस भी तकनीकी समाधान की जरूरत हो, हम उसे ढूंढेंगे। आपके लिए यह आश्चर्यजनक बात होगी कि वही सरकार, वही कर्मचारी, वही फाइलें और वही प्रक्रियाएं तथा वही आदतें। बावजूद हमने उन सभी लोगों में प्रेरणा जगाई। हमने यह विश्वास पैदा किया कि हमारा राज्य ऐसा नहीं, इस प्रकार का होना चाहिए। एक हजार दिनों में हमने काम पूरा किया और आज गुजरात के गांवों में 24 घंटे थ्री-फेज बिजली की आपूर्ति की जाती है।

ज्योतिग्राम योजना के लागू होने से पहले गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों के घरों, व्यापारिक और शैक्षणिक संस्थानों सहित किसानों को केवल 8 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति होती थी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास अवरुद्ध होता था और नागरिकों के मन में असंतोष का भाव पनपता था। सितंबर-2003 से ज्योतिग्राम योजना के कार्यान्वयन के बाद गैर-कृषि उपभोक्ताओं को अलग फीडरों के माध्यम से 24 घंटे बिजली आपूर्ति के साथ जोड़ा गया। इस योजना ने ग्रामीण गुजरात में व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों को गति दी है। अब तक 2495 ज्योतिग्राम फीडर स्थापित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत 17 लाख नए बिजली के खंभे, 78,454 किलोमीटर नई लाइनें और 18,724 नए ट्रांसफार्मर केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो कृषि के लिए खपत को प्रभावित किए बिना अन्य उपभोक्ताओं को अबाधित बिजली आपूर्ति की सुविधा प्रदान करते हैं। 18,065 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था के लिए और कृषि के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1290 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। खेतों में रहने वाले किसानों को एग्रीकल्चर डोमिनेंट फीडरों के माध्यम से कम से कम 8 घंटे के लिए सतत थ्री-फेज बिजली आपूर्ति मिलती है। इसके बाद, बिजली वितरण कंपनियों द्वारा निर्मित किए गए विशेष डिजाइन के ट्रांसफार्मर्स के जरिए शेष अवधि में सिंगल फेज बिजली आपूर्ति की जाती है। अब तक 4615 एसडीटी स्थापित किए गए हैं, जिससे किसानों को गैर-कृषि उद्देश्य के लिए भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति मिलती है।

#### योजना के लाभ

ज्योतिग्राम योजना के लाभ पर नजर डालें, तो इससे ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में होने वाले स्थानांतरण में कमी आई है। स्थानीय रोजगार की वृद्धि के लिए नए अवसर खुले हैं और कुटीर एवं गृह उद्योगों के साथ-साथ छोटे पैमाने के उद्योगों का विकास भी सुनिश्चित हुआ है। गांवों में अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं और आवश्यकतानुसार सुबह और शाम बिजली आपूर्ति की जाती है। इतना ही नहीं, इस योजना से विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए कंप्यूटर का उपयोग करने के लिए बढ़ावा मिलता है, और टीवी एवं अन्य उपकरणों के माध्यम से मनोरंजन भी उपलब्ध होता है।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम **(PCPNDT), 1994** के निबंधन रद्द करने संबंधी सूचना

जिला निगरानी एवं अनुश्रवण समिति, चास एवं बेरमो द्वारा जिलान्तर्गत निबंधित अल्ट्रासाउण्ड संस्थानों का भौतिक जॉच प्रतिवेदन के आधार पर तथा अल्ट्रासाउण्ड निबंधन तिथिवाद (Expire) हो जाने के कारण जिला सलाहाकार समिति, बोकारो की बैठक में लिये गये निर्णोयोपरान्त उपायुक्त–सह–जिला समुचित प्राधिकारी, बोकारो द्वारा निम्नलिखित संस्थानों का अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक का निबंधन रद्द किया जाता हैं :–

1. दिव्यम डायग्नोस्टिक, प्लॉट नं0–बी0–2, सेन्टर मार्केट, सेक्टर–9, बोकारो,
2. बोकारो स्केन, प्लॉट नं0–ए–4, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो

उक्त संस्थानों द्वारा अवैध रूप से जाँच किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त,
बोकारो

PR 338498 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,बोकारो**

**मत्स्य कृषकों के लिए आवेदन आमंत्रण हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में निजी क्षेत्र के तालाबों के मत्स्य पालन से अच्छदन हेतु मत्स्य विभाग, बोकारो के द्वारा जिला के प्रशिक्षित मत्स्य पालकों, जिनके पास 1.00 एकड़ या उससे बड़े जलक्षेत्र के सदाबहार तालाब है पर स्थानिय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में 50 प्रतिशत या अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) के दर से अनुदान देने की योजना है। इस योजना हेतु पूर्व में **PR No. 335062 Fish (24-25):D** द्वारा समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित की गई थी। पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जा रही है। जिला मत्स्य कार्यालय से संबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाये क्रय किया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्श में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी। विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादकों एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा।

इस योजना का लाभ लेने हेतु अपने तालाबों की सूची नाम, पता मोबाईल नं0 तालाब का क्षेत्रफल के साथ तालाब की Geo-tagged फोटो (Latitude-Longitude संहित) एवं मत्स्य पालन प्रशिक्षण पत्र का छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। मत्स्य पालक का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति से होने के उपरान्त ही उक्त लाभ देय होगा। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 22.10.2024 समय 5:00 अपराहन तक निर्धारित है। जिला मत्स्य कार्यालय बोकारो में कार्यालय कार्य अवधि में आवेदन निःशुल्क उपलब्ध है।

यह योजना पहले आओ–पहले पाओं के तर्ज पर आधारित है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,बोकारो

PR 338516 Fish(24-25).D

# उपायुक्त ने किया निरसा, चिरकुंडा, पंचेत सहित अन्य पूजा पंडालों का भ्रमण

## शांति समिति की बैठक में बताई गई बातों का पालन करने का दिया निर्देश

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा ने आज वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा के साथ निरसा बाजार, हाउसिंग कॉलोनी, चिरकुंडा, लक्खीमाता कोलियरी, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति उपर बाजार चिरकुंडा, झारखंड मैदान सहित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस क्रम में पूजा पंडालों में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश व



निकास द्वार, सीसीटीवी कैमरे, साइन बोर्ड, अग्निशमन यंत्र, विद्युत व्यवस्था, क्यू मैनेजमेंट, वॉलिंटियर्स की संख्या सहित



अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने पूजा समितियों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बताई गई सभी बातों का पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही विसर्जन को लेकर निर्धारित रूट, तिथि व समय का पालन करने तथा चिह्नित नदी - तालाब में प्रतिमा का विसर्जन करने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा, "आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है" सहित अन्य साइन बोर्ड लगाने, प्रतिमा के सामने महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के बीच बैरिकेडिंग करने, पंडाल के चारों ओर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## भगवती जागरण में शामिल हुए प्रसिद्ध समाजसेवी उदय प्रताप सिंह

### लोकप्रिय भजन गायक राजू सिंह अनुरागी ने समां बांधा,



धनबाद, मुरली नगर, बीसीसीएल टाउनशिप में भगवती जागरण का उद्घाटन समाजसेवी उदय प्रताप सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। साथ में युवा नेता दिलीप सिंह,अमित सिंह और पूजा कमेटी के सभी सदस्य उद्घाटन में सम्मिलित थे। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा युवाओं को भी हमारे धार्मिक संस्कारों, अनुष्ठानो का आवश्यक रूप से ज्ञान देना होगा, तभी सुसंस्कारिक नैतिक ईमानदार समाज की परिकल्पना होगी।अन्यथा नई पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर विमुख हो सकती है। जागरण में लोकप्रिय भजन गायक राजू सिंह अनुरागी, गायिका सिमरण एवं संगीत मंडली की ओर से माता के कर्णप्रिय भजनों की एक से बढ़कर प्रस्तुतियां दी गई। रात भर भगवती भजनों पर श्रोता झूमते रहे और जय माता दी का जयकारा लगाते रहे।जागरण में एलबी यादव, रमेश राम, रामवृक्ष साव,धनंजय सिंह, अजय सिंह, बंटी राय, विवेक सिंह, राजेश राम समेत सैकड़ों श्रोता मौजूद थे।

धनबाद विधायक की पहल पर नगर आयुक्त ने

## दुर्गा पूजा को देखते हुए गड्ढों को भराने ने का दिया आदेश



धनबाद । विधायक राज सिन्हा के निर्देश पर भाजपा के जिला मंत्री पंकज सिन्हा के नेतृत्व में धनबाद पोलिटेकनिक कॉलेज से काली मंदीर होते हुए भारत चौक तक मुख्य सड़क के गड्ढे की भराई कर समतल करने हेतु नगर निगम आयुक्त से मिलकर बात की ।उन्होंने पूजा के पहले सभी गड्ढों को भर देने की हामी भरी । साथ ही क्षेत्र में पूजा के मौंके पर युद्धस्तर पर साफ सफाई कराने एवं नालियों के आस- पास ब्लीचिंग पाऊडर डलवाने की भी माँग की । गौरतलब है कि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने नगर निगम से इस रोड को पास करवा दिया है, और दो दो बार टेंडर भी निकल चुका है ।परंतु सेकंड काल में टेंडर भी किसी ने नहीं डाला । विधायक ने तीसरे काल में टेंडर निकालने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने को कहा । विधायक सिन्हा के निर्देश पर नगर निगम ने आज से ही उक्त रोड के गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया । जिससे क्षेत्र के लोगों ने विधायक का आभार जताया एवं खुशी जाहिर की । नगर आयुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में राजेश सिंह, हुल्लास दास, बबलू संदीप सिंह, रामानुज शर्मा, अरविंद भारती आदी शामिल हैं ।

# बीसीसीएल के वाशरी डिवीजन में सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित







धनबाद । विशेष अभियान 4.0 (विशेष अभियान 4.0) के तहत आज बीसीसीएल वाशरी डिवीजन कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक वाशरी डिवीजन, मोहम्मद सोहैल इकबाल की अध्यक्षता में किया गया, जहां उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को फूल माला पहनाकर, मिठाई एवं सफाई किट वितरित कर सम्मानित किया। महाप्रबंधक श्री इकबाल ने इस अवसर पर सभी सफाई कर्मचारियों के समर्पित कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके निरंतर योगदान को कंपनी की स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा, "सफाई कर्मचारी बीसीसीएल की कार्य प्रणाली में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और उनके समर्पण व कड़ी मेहनत के बिना स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की कल्पना नहीं की जा सकती।" इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक के साथ अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे, जिनमें क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती निर्मला किरण, प्रबंधक (कार्मिक) शैलेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक (विद्युत एवं यान्त्रिकी) राहुल मयूर, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता सन्तोष कुमार, सहायक प्रबंधक अनामिका, एवं अन्य अधिकारी व कर्मीगण शामिल रहे। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बीसीसीएल के विकास और कार्यक्षमता में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और कंपनी उनके योगदान की सराहना करती है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर सफाई कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया जाएगा।

## मां दुर्गा ने किया बंगाली कल्याण समिति के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन




धनबाद, जिला परिषद परिसर में बंगाली कल्याण समिति के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन महिषासुर मर्दिनी नाटक में मां दुर्गा की भूमिका निभा रहे अर्पिता दास ने फीता काट कर किया। तत्पश्चात पूजा मंडप में दीप प्रज्वलन पूर्व मेयर चंद्र शेखर अग्रवाल उनकी पत्नी वीणा अग्रवाल, डॉ, यू एस प्रसाद,डॉ, सबिता शुक्ला दास,और डॉ, बिद्युत गुहा द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम महिषासुर मर्दिनी की नृत्य प्रस्तुति नुपुर डांस अकादमी, जमाडोबा द्वारा की गई और गोविंदपुर के कलाकारों द्वारा आदिवासी परंपरा पर कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया गया । जिसे दर्शकों ने काफी सराहा।पूजा समिति के सचिव, पूलक घोष ने बताया समिति का यह छठा वर्ष है,जहां महिलाओं के द्वारा पारंपरिक एवं सादगी के साथ दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है । इसलिए इस वर्ष का थीम नारी सुरक्षा है। हम लोगों ने इस वर्ष ब्लाइंड स्कूल में जाकर गरीब बच्चों को भोजन करवाये एवं नया कपड़ा भी दिए।सदस्यों द्वारा संग्रहित राशि से पूजा होने के बाद बची हुई राशि का इस्तेमाल समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सहायता के लिए करती है । मौके पर बंगाली कल्याण समिति के सभी महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित थे। नूपुर डांस एकेडमी के डायरेक्टर सपना चक्रवर्ती ने बताया कि नृत्य विद्यालय के बच्चे महिषासुर मर्दिनी कार्यक्रम करने जामाडोबा झरिया से आई । जिसमें 58 बच्चों ने भाग लिया एवं दुर्गा के महिमा को नित्य नाटिका के माध्यम से दर्शाया ।

# पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने पूजा मंडप का फीता काटकर किया शुभारंभ





धनबाद,नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चो ने बुधवार को शक्ति की देवी दुर्गा के महापर्व के अवसर पर पुराना बाजार, रतनजी रोड, मारवाड़ी मोहल्ला धनबाद के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंडप के शुभारंभ का सौभाग्य प्राप्त किया। सभी दिव्यांग बच्चो, सचिव अनिता अग्रवाल और सुपरवाइजर कौशल अग्रवाल ने पूजा मंडप का फीता काटकर शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल के दिव्यांग बच्चो ने माता के समक्ष एक भक्तिमय नृत्य की प्रस्तुति की ।जिससे सभी दर्शकों ने भरपूर प्रसंशा की। साथ ही आयोजको द्वारा सभी बच्चो को जलपान वितरित किया गया और पूजा के अवसर पर स्कूल बैग भेट किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा की ये उनका सौभाग्य हैं की इन दिव्यांग बच्चो के हाथो से मंडप का शुभारंभ किया गया।सभी दिव्यांग भगवान के ही अंश है । हम सभी को इनकी यथा संभव मदद करनी चाहिए । जिससे ये बच्चे भी अपने आपको सामान्य बच्चो की तरह जान सके।सचिव अनिता अग्रवाल ने तथा पहला कदम परिवार ने पुराना बाजार रतनजी रोड, मारवाड़ी मोहल्ला के सार्वजनिक पूजा समिति के अध्यक्ष, संजय सवारियां, सचिव, प्रदीप अग्रवाल और पूरी टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा की हमारे दिव्यांग बच्चो को ये सौभाग्य देकर इन बच्चों को स्पेशल महसूस करा इनके चेहरे पर आई हुई मुस्कान भगवान की सेवा के समान ही है।सभी बच्चो ने उपहार प्राप्त कर काफी प्रसन्नता जाहिर की। पहला कदम परिवार ने सभी को दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय के पर्व की शुभकामनाएं दी।

## अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट कैंपस में पौधारोपण



धनबाद, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दनन तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा ने *एक पेड़ बेटी के नाम* के तहत पौधारोपण किया।
साथ ही बेटी बचाओ-बेची पढ़ाओ योजना एवं पोषण के पंच-सूत्र का संदेश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने माताओं को अपने स्वास्थ्य तथा बच्चियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। साथ ही सरकार द्वारा बेटियों के कल्याणार्थ चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए उनका लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।
मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, नियाज़ अहमद के अलावा समाज कल्याण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# बसपा के संस्थापक काशीराम का मना 18वां परिनिर्वाण दिवस

धनबाद बामसेफ, डीएस-4 व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम साहब का 18वां परिनिर्वाण दिवस बुधवार को बहुजन समाज पार्टी, धनबाद जिला इकाई के तत्वाधान में सुगियाडीह में मनाया गया। जिसमें भारी संख्या में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित हुए।सर्वप्रथम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व बहुजन नायक कांशीराम के फोटो पर माल्यार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,जोन प्रभारी सुबल दास ने किया। फिर सभी ने बारी बारी से माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दास ने कहा कि आज के दौर में भी जब झारखंड समेत देश में जातीय व सामाजिक उत्पीड़न जोरों पर है । साथ ही लिंग भेद व दलित बहुजन समाज के लोगों पर तरह-तरह के दमन अत्याचार जारी है। महिलाओं पर गैंगरेप जैसी विभत्स्य, अमानवीय घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है । साथ ही मनुवादी ताकतों द्वारा बाबा साहब द्वारा लिखित भारतीय संविधान पर बारंबार कुठाराघात करते हुए,



उसमें निहित आरक्षण समेत अन्य अधिकारों पर हमला हो रहा है, तो इस वक्त बहुजन समाज पार्टी की राजनीति की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में कुछ दिन बाद अधिसूचना जारी हो जाएगी और फिर से एक बार चुनाव होगा। मगर अगर इसमें राज्य सरकार बनाने के नजरिए में जनता में अगर कोई बदलाव नहीं आएगा तो फिर झारखंड का स्थिति जस का तस बनी रहेगी। खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड प्रदेश की स्थिति में बदलाव बहुजन समाज पार्टी ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार एक मैया सम्मान योजना चला कर हजार हजार रुपया देकर वोट बैंक बना रही है, तो दूसरी तरफ इसके काट में भाजपा 2000 देने का वादा कर गोगो योजना के नाम से लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। इस प्रकार ऐसी पार्टियों झारखंड के भोले भाले लोगों को भेड़ बकरी की तरह समझकर आसानी से वोट प्राप्त करने का जरिया बना बैठी है। उन्होंने कहा कि बसपा के बिना अब झारखंड में सरकार नहीं बनेगी और सरकार में बसपा का प्रतिनिधित्व होने भर में ही हर लोगों को रोजगार हर घर सरकारी नौकरी देने की गारंटी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता, जिला अध्यक्ष, अभय कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुनील कुमार रविदास, जिला महासचिव मनोज कुमार दास, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूराम मांझी, नारायण दास, बाबूलाल दास, रंजीत विद्यार्थी, सुभाष बाउरी, तपन रवानी, राजकुमार, रामप्रसाद दास, परमहंस सक्सेना सहित अन्य ने संबोधित किया।

# ठाकुर कुल्ही दुर्गा पूजा समिति ने आयोजित किया चित्रकला प्रतियोगिता



धनबाद, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, छठ तालाब, ठाकुर कुल्ही धैया की ओर से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तकरीबन 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में विभाजित थी।पहले वर्ग में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के लिए



प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान राजवीर कुमार रवानी, द्वितीय जेसिका साहनी तथा तृतीय स्थान पर सेजल चौधरी रही।

दूसरे वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमार आदर्श,द्वितीय आरव मिश्रा तथा तीसरा स्थान उत्कर्ष दीप ने प्राप्त किया। साथ ही तृतीय वर्ग की प्रतियोगिता में गौरव कुमार, पीयूष गुप्ता तथा मयंक श्रीवास्तव क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को पूजा समिति की ओर से प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह ,सचिव मनीष मिश्रा, कोषाध्यक्ष, रंजीत जायसवाल , प्रतियोगिता के निर्णायक अर्जुन रामपाल, मनीष जायसवाल सहित सुनील चौरसिया, संजय मिश्रा, मनीष पाठक, विकास राय, नीरज सिंह, रिकेश कुमार, आनंद विश्वकर्मा, संतोष रजक, प्रसून्न मिश्रा, मिथिलेश ठाकुर ,आशीष जायसवाल सहित सैकड़ो की संख्या में प्रतिभागी एवं उनके अभिभावक गण मौजूद थे।

## बंगाली वेलफेयर सोसाइटी पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन




धनबाद, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के पूजा पंडाल का उद्घाटन पंचमी की संध्या बेला में पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक झरिया, रवि राज शर्मा नगर आयुक्त, प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा निदेशक,आईआईटी आईएसएम, संजीत कुमार मित्रा सेवानिवृत्त -अतिरिक्त आयुक्त,आई टैक्स, चन्द्र शेखर अग्रवाल, पूर्व मेयर उनकी पत्नी बीना अग्रवाल एवं अरविंद कुमार डीएसपी ट्रैफिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । अशोक पाल पूर्व पार्षद वार्ड 20, ललित कटेसरिया और समाज के सदस्यगण उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन के पश्चात सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर आधारित पूजा पंडाल के बाहर अतिथियों ने रंगीन गैस गुब्बारे भी छोड़े।इस वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल सड़क सुरक्षा पर आधारित है। पूरे पंडाल में सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा पंडाल में तीनों दिन सप्तमी, अष्टमी और नवमी में तीन हजार भक्तों के बीच भोग वितरित की जायेगी ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax NO. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।